श्री रजनीश कुमार, एमडी - एनबीजी	04	04
श्री पी.के. गुप्ता, एमडी - सी एंड आर	04	04
श्री संजीव मल्होत्रा	04	02
श्री एम.डी. माल्या	04	02
श्री सुनील मेहता	04	04
श्री दीपक ईश्वरचंद्र अमीन	04	02
श्री त्रिभुवन नाथ चतुर्वेदी (28.08.2016 तक)	01	0
डॉ. गिरीश के. आहूजा	04	03
डॉ. पुष्पेन्द्र राय (12.08.2016 से)	03	02

बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति

बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति (सीएससीबी) का गठन 26 अगस्त 2004 को किया गया था। बैंक द्वारा प्रदत्त ग्राहक सेवा की गुणवत्ता में निरंतर उत्तरोत्तर सुधार लाना इसका उद्देश्य है। यह समिति पिछली बार 30 मार्च 2017 को पुनर्गठित की गई थी। इसमें छह सदस्य हैं। समिति में शामिल वरिष्ठ प्रबंध निदेशक इसकी अध्यक्षता करते हैं। वर्ष 2016-17 के दौरान समिति की चार बैठकें हुईं।

वर्ष 2016-17 के दौरान आयोजित बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति की बैठकों की तारीखें तथा उनमें निदेशकों की उपस्थिति

आयोजित बैठकों की संख्या : 4

बैठकों की तिथियाँ : 11.05.2016, 02.08.2016, 02.11.2016, 03.02.2017

निदेशक का नाम	नामांकन/चयन के बाद/ कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या	उन बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित थे
श्री बी. श्रीराम, एमडी - सीबीजी	04	04
श्री रजनीश कुमार, एमडी - एनबीजी	04	04
श्री संजीव मल्होत्रा, (12.08.2016 से)	02	0
श्री एम.डी. माल्या	04	03
श्री सुनील मेहता	04	03
श्री दीपक ईश्वरचंद्र अमीन	04	03
श्री त्रिभुवन नाथ चतुर्वेदी (28.08.2016 तक)	02	0
डॉ. पुष्पेन्द्र राय	04	04

बोर्ड की सूचना प्रौद्योगिकी कार्यनीति समिति

बैंक की सूचना-प्रौद्योगिकी पहलों की प्रगति की निगरानी के लिए बैंक के केंद्रीय बोर्ड ने 26 अगस्त 2004 को बोर्ड की प्रौद्योगिकी समिति का गठन किया था। दिनांक 24 अक्तूबर 2011 से समिति का नाम बदलकर बोर्ड की सूचना प्रौद्योगिकी कार्यनीति समिति कर दिया गया है। समिति की बैंक के प्रौद्योगिकीय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। समिति को निम्नलिखित भूमिकाएं और उत्तरदायित्व सौंपे गए हैं :

i) सूचना प्रौद्योगिकी कार्यनीति और नीति विषयक प्रलेख अनुमोदित करना। यह सुनिश्चित करना कि प्रबंधन ने प्रभावी कार्यनीतिक योजना प्रक्रिया अपनाई है;

ii) यह सुनिश्चित करना कि सूचना प्रौद्योगिकी संगठनात्मक योजना व्यवसाय के मॉडल और उसकी दिशा की पूरक है;

iii) यह सुनिश्चित करना कि प्रौद्योगिकी निवेश के जोखिमों और लाभों के बीच संतुलन है और बजट स्वीकार्य है;

iv) प्रबंधन द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी जोखिमों की निगरानी की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना तथा बैंक स्तर पर सूचना प्रौद्योगिकी हेतु प्रदान की जाने वाली कुल राशि की निगरानी करना; और

v) सूचना प्रौद्योगिकी के निष्पादन और व्यवसाय सूचना प्रौद्योगिकी के व्यवसाय संवर्धन में योगदान (अर्थात वचनबद्धता के अनुसार प्रदर्शन) की समीक्षा करना।

यह समिति पिछली बार 30 मार्च 2017 को पुनर्गठित की गई थी। इसमें छह सदस्य हैं। समिति की अध्यक्षता गैर-कार्यपालक निदेशक द्वारा की जाती है। वर्ष 2016-17 के दौरान समिति की चार बैठकें हुईं।

वर्ष 2016-17 के दौरान बोर्ड की सूचना प्रौद्योगिकी कार्यनीति समिति की बैठकों की तारीखें तथा उनमें निदेशकों की उपस्थिति

आयोजित बैठकों की संख्या : 4

बैठकों की तिथियाँ : 06.05.2016, 05.07.2016, 02.12.2016 और 20.02.2017

निदेशक का नाम	नामांकन/चयन के बाद/ कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या	उन बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित थे
श्री दीपक ईश्वरचंद्र अमीन, समिति के अध्यक्ष	04	04
श्री बी. श्रीराम, एमडी - सीबीजी	04	04
श्री पी.के. गुप्ता, एमडी - सी एंड आर	04	04
श्री संजीव मल्होत्रा	04	01
श्री एम.डी. माल्या	04	02
श्री सुनील मेहता	04	04

कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति

कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व नीति के अंतर्गत बैंक द्वारा शुरू किए गए कार्यकलापों की समीक्षा करने के लिए दिनांक 24 सितंबर 2014 को कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति (सीएसआरसी) का गठन किया गया था। समिति पिछली बार 30 मार्च 2017 को पुनर्गठित की गई। इसमें छह सदस्य हैं। समिति में शामिल वरिष्ठ प्रबंध निदेशक इसकी अध्यक्षता करते हैं। वर्ष 2016-17 के दौरान समिति की चार बैठकें हुईं।

वर्ष 2016-17 के दौरान सीएसआरसी बैठकों की तारीखें तथा उनमें निदेशकों की उपस्थिति

आयोजित बैठकों की संख्या : 4

बैठकों की तिथियाँ : 13.04.2016, 20.07.2016, 14.10.2016 और 17.01.2017

निदेशक का नाम	नामांकन/चयन के बाद/ कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या	उन बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित थे
श्री बी. श्रीराम, एमडी - सीबीजी (वैकल्पिक सदस्य)	01	01
श्री वी.जी. कन्नन, एमडी - एएंडएस (31.07.2016 तक)	02	0
श्री रजनीश कुमार, एमडी - एनबीजी	04	03
श्री दिनेश कु. खारा, एमडी - एएंडएस (09.08.2016 से)	02	01
श्री संजीव मल्होत्रा	04	04
श्री एम.डी. माल्या (12.08.2016 से)	02	01
श्री सुनील मेहता	04	04
श्री दीपक ईश्वरचंद्र अमीन	04	03
डॉ. पुष्पेन्द्र राय	04	04

बोर्ड की पारिश्रमिक समिति

भारत सरकार द्वारा मार्च 2007 में सूचित योजना के अनुसार प्रोत्साहन राशि के भुगतान के संबंध में बैंक के पूर्णकालिक निदेशकों के कार्यों का मूल्यांकन करने हेतु 22 मार्च 2007 को पारिश्रमिक समिति का गठन किया गया था। इस समिति का पुनर्गठन पिछली बार 30 मार्च 2017 को किया गया था। इस समिति में चार सदस्य हैं जिनमें (1) सरकार द्वारा नामित निदेशक (2) भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित निदेशक (3) दो गैर कार्यपालक निदेशक श्री एम. डी. माल्या और श्री दीपक ईश्वरचंद्र अमीन शामिल हैं। यह समिति पूर्णकालिक निदेशकों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि की संवीक्षा कर उसका भुगतान करने की संस्तुति करती है।

बोर्ड की वसूली निगरानी समिति

भारत सरकार की सलाह पर 20 दिसंबर 2012 को आयोजित केंद्रीय बोर्ड की बैठक में ऋणों एवं अग्रिमों की वसूली पर नजर रखने के लिए बोर्ड की ऋण निगरानी समिति गठित की गई थी। समिति पिछली बार 30 मार्च 2017 को पुनर्गठित की गई थी। समिति में छह सदस्य हैं जिनमें अध्यक्ष, चार प्रबंध निदेशक और सरकार के नामिती निदेशक शामिल हैं। वर्ष के दौरान इस समिति की चार बैठकें हुईं जिनमें एनपीए प्रबंधन और बैंक के बड़ी राशि के एनपीए खातों की समीक्षा की गई।

इरादतन चूककर्ता/असहयोगी ऋणियों का पता लगाने के कार्य की समीक्षा करने के लिए समिति

इस समिति का गठन भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुदेशों के अनुसार केंद्रीय बोर्ड द्वारा किया गया था। प्रबंध निदेशक-सीबीजी इस समिति के अध्यक्ष होते हैं और कोई दो अन्य स्वतंत्र निदेशक इसके सदस्य होते हैं।

इस समिति की भूमिका इरादतन चूककर्ता/असहयोगी ऋणियों का पता लगाने के कार्य की समीक्षा करने के लिए गठित समिति (एक ऐसी समिति जिसमें उप प्रबंध निदेशक और बैंक के वरिष्ठ कार्यपालक होते हैं जो इरादतन चूककर्ता/असहयोगी ऋणियों के बयान की पड़ताल और बयान को दर्ज करती है) के आदेश की समीक्षा करके आदेश को अंतिम समझे जाने के बारे में पुष्टि करती है।

इस समिति की बैठक वर्ष 2016-17 के दौरान चार बार हुई।

बोर्ड की नामांकन समिति:

शेयरधारकों द्वारा चुने जाने वाले निदेशक के चुनाव हेतु नामांकन भरने वाले उम्मीदवारों की `उपयुक्त एवं ठीक' स्थिति का निर्णय करने के लिए आवश्यक एवं उपयुक्त कार्रवाई करने हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार बैंक, जब-जब भी आवश्यक हो, तीन स्वतंत्र निदेशकों की एक नामांकन समिति गठित करता है।

समिति पिछली बार 15.03.2017 को पुनर्गठित की गई थी।

स्थानीय बोर्ड

भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम एवं सामान्य विनियम 1955 के प्रावधानों के अनुसार ऐसे प्रत्येक केन्द्र में जहाँ बैंक का स्थानीय प्रधान कार्यालय (एलएचओ) हो स्थानीय बोर्ड/स्थानीय बोर्ड की समितियाँ कार्य कर रही हैं। स्थानीय बोर्ड केन्द्रीय बोर्ड द्वारा प्रत्यायोजित कार्यों को निष्पादित और विवेकाधिकारों का उपयोग करते हैं। दिनांक 31 मार्च 2017 को दो स्थानीय प्रधान कार्यालयों में स्थानीय बोर्ड और शेष बारह स्थानीय प्रधान कार्यालयों में स्थानीय बोर्ड की समितियाँ कार्यरत थीं। स्थानीय बोर्डों/स्थानीय बोर्डों की समितियों की बैठकों के कार्य-विवरण और कार्यवाही केन्द्रीय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत की जाती है।

बैठक-शुल्क

पूर्णकालिक निदेशकों को प्रदत्त पारिश्रमिक एवं बोर्ड/बोर्ड की समितियों की बैठकों में सहभागिता करने हेतु गैर-कार्यपालक निदेशकों को भुगतान किया जाने वाला बैठक-शुल्क भारत सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित राशि के अनुरूप है। गैर-कार्यपालक निदेशकों को बोर्ड और/या इसकी समिति की बैठकों में सहभागिता करने हेतु बैठक-शुल्क के अलावा कोई पारिश्रमिक नहीं दिया जाता है। दिनांक 20 जुलाई 2015 से केंद्रीय बोर्ड की बैठक में सहभागिता के लिए ₹ 20,000 का और बोर्ड स्तरीय अन्य समितियों की बैठकों में सहभागिता के लिए ₹10,000/- का बैठक-शुल्क दिया जाता है, किंतु बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशकों तथा भारत सरकार/भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित निदेशकों को बैठक-शुल्क का भुगतान नहीं किया जाता है। वर्ष 2016-17 के दौरान भुगतान किए गए बैठक-शुल्क का विवरण अनुलग्नक-IV में दिया गया है।

बैंक की आचार संहिता का अनुपालन

बैंक के केन्द्रीय बोर्ड के निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधन ने वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान बैंक की आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की है। अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित इस आशय की घोषणा अनुलग्नक -V में दी गई है। आचार संहिता बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

वर्ष के दौरान गतिविधियां

1. बोर्ड का निष्पादन मूल्यांकनः बोर्ड अभिशासन को निरंतर बेहतर बनाने के उद्देश्य से आपके बैंक द्वारा एक प्रतिष्ठित परामर्शदाता संगठन की सेवाएं ली गईं। इस संगठन ने निदेशकों, अध्यक्ष, बोर्ड स्तरीय समितियों और पूरे केंद्रीय बोर्ड की निष्पादन के पैरामीटर निर्धारित करने में सहायता देने के साथ साथ समग्र मूल्यांकन प्रक्रिया को सरल बनाने में भी सहायता की। मूल्यांकन के पैरामीटर और समग्र प्रक्रिया सेबी (सूचीकरण बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम 2015 तथा नए सेबी बोर्ड मूल्यांकन दिशानिर्देश नोट 2017 के प्रावधानों के अनुरूप ही थी। केंद्रीय बोर्ड के गैर-कार्यपालक निदेशकों, अध्यक्ष और पूरे केंद्रीय बोर्ड के निष्पादन का मूल्यांकन केंद्रीय बोर्ड के स्वतंत्र निदेशकों की 30 मार्च 2017 को अलग से आयोजित बैठक में किया गया। स्वतंत्र निदेशकों और बोर्ड स्तरीय समितियों के निष्पादन का मूल्यांकन केंद्रीय बोर्ड द्वारा भी किया गया।

मूल्यांकन प्रक्रिया ने बैंक के अभिशासन मूल्यों में निदेशक बोर्ड के विश्वास और निदेशक बोर्ड अध्यक्ष, बोर्ड एवं प्रबंधन के बीच मौजूदा सहयोग की पुष्टि की है।

2. बैंकों के बोर्डों से अभिशासन के बारे में उत्तरोत्तर की जा रही भिन्न भिन्न प्रकार की अपेक्षाओं और हमारे बैंक की अर्थव्यवस्था में प्रमुख भूमिका को देखते हुए बैंक के अल्पावधि से मध्यावधि रोडमैप पर केंद्रित एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यशाला (13 फरवरी 2017 को) `मंथन-2017' नाम से बोर्ड के लिए मुंबई में आयोजित की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य हालिया बदलावों को समझने, महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान करने तथा प्रमुख कार्य बिंदुओं को अंतिम रूप देने में बैंक की सहायता करना था। इस कार्यशाला में विभिन्न चुनौतियों, अवसरों और सर्वश्रेष्ठ व्यवहारों वाले बैंकिंग परिवेश से संबंधित विभिन्न विषयों पर कई प्रकार के मस्तिष्क मंथन सत्र आयोजित किए गए। कार्यशाला के दौरान बोर्ड द्वारा कई कार्यनीतियों, व्यवसाय संवर्धन के लक्ष्यों एवं प्रमुख वित्तीय पैरामीटरों का निर्धारण किया गया। साथ ही, प्रत्येक व्यवसाय समूह को ऐसी कार्य योजनाएं लक्ष्य सहित तैयार करके कार्यशाला में आने के लिए कहा गया था जिनकी प्रगति की बाद में समीक्षा की जा सके। एक विस्तृत कार्य योजना कतिपय समय सीमाओं के साथ और जिम्मेदारी निर्वाह तथा विभिन्न महत्वपूर्ण शुरुआतों को लागू करने की स्थिति पर प्रगति रिपोर्ट केंद्रीय बोर्ड को प्रस्तुत की जाएगी।

3. कॉरपोरेट अभिशासन , जोखिम प्रबंधन, जोखिम आधारित पर्यवेक्षण आदि कार्यों में निदेशक की बेहतर समझ विकसित करने के प्रयास में बैंक द्वारा वर्ष के दौरान निम्नलिखित पहल की गईं:

(i) दो गैर-कार्यपालक निदेशकों ने सरकारी क्षेत्र के बैंकों के बोर्डों के गैर-कार्यपालक निदेशकों के लिए 29 से 30 नवंबर 2016 को बेंगलूरु में उच्च स्तरीय वित्तीय अनुसंधान तथा अध्ययन केंद्र (कैफरल) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कमर्शियल बैंकों के समाधान और पर्यवेक्षण से संबंधित नवीनतम गतिविधियों की जानकारी देना, गैर-कार्यपालक निदेशकों में बैंकों की कार्य प्रणाली से जुड़े विभिन्न जोखिमों के प्रति जागरुकता विकसित करने, उनकी कार्य-दक्षता बढ़ाने तथा व्यवसाय कार्यनीतियों और जोखिम प्रबंधन, परिसंपत्ति गुणवत्ता प्रबंधन,

बासेल III, जोखिम आधारित पर्यवेक्षणों, कॉरपोरेट गवर्नेंस के बारे में सुग्राही बनाना था।

(ii) जोखिम रेटिंग प्रक्रिया और जोखिम आकलन रिपोर्ट पर केंद्रीय बोर्ड को एक प्रस्तुतीकरण कु. मीना हेमचंद्रा, कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा किया गया ।

(iii) कॉरपोरेट गवर्नेंस को सशक्त करने लिए बैंक द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयासों के तहत कॉरपोरेट अभिशासन पर एक प्रस्तुतीकरण श्री एम. दामोदरन, भूतपूर्व चेयरमैन सेबी द्वारा केंद्रीय बोर्ड के समक्ष किया गया। इसमें अन्य बातों के साथ-साथ बोर्ड की संरचनाओं, विभिन्न बोर्डों द्वारा अपनाए जा रहे सर्वश्रेष्ठ व्यवहारों तथा सेबी (एलओडीआर) विनियम 2015 की मुख्य मुख्य बातों को शामिल किया गया था।

(iv) साइबर सुरक्षा जागरुकता पर एक प्रस्तुतीकरण की व्यवस्था मेसर्स प्राइस वाटर हाउस कूपर्स द्वारा की गई थी। इसमें अन्य बातों के साथ-साथ तेजी से बदलती बैंकिंग, बैंकिंग में नवोन्मेषन के लिए टेक्नोलोजी, नई चुनौतियों, सुरक्षा हमलों में तेजी, बोर्ड आदि के लिए सुरक्षा कार्य सूची आदि का समावेश किया गया है। निदेशक जागरुकता कार्यक्रम हमारी वेबसाइट www.sbi.co.in में कॉरपोरेट गवर्नेंस लिंक पर उपलब्ध है।

वर्ष 2016-17 में अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशकों को वेतन एवं भत्तों का भुगतान

नाम	मूल वेतन	महंगाई भत्ता	बकाया	अन्य	योग
अध्यक्ष श्रीमती अरुंधति भट्टाचार्य	3135000.00	-245100.00	0.00	6000.00	2895900.00
श्री बी. श्रीराम	2997405.00	-238399.50		22000.00	2781005.50
श्री वी. जी. कण्णन (31.07.2016 तक)	313295.00	405616.50	51684.00	0.00	770595.50
श्री रजनीश कुमार	2997405.00	-238399.50		14000.00	2773005.50
श्री पी. के. गुप्ता	2854500.00	-232563.00		2000.00	2623937.00
श्री दिनेश कुमार खारा	1590193.53	31804.16		0.00	1621997.69

वार्षिक महासभा में उपस्थिति

दिनांक 30 जून 2016 को आयोजित वर्ष 2015-16 की वार्षिक महासभा में 8 निदेशक उपस्थित रहे। ये हैं श्रीमती अरुंधति भट्टाचार्य, श्री बी. श्रीराम, श्री वी.जी. कण्णन, श्री रजनीश कुमार, श्री पी. के. गुप्ता, श्री एम. डी. माल्या, श्री सुनील मेहता और डॉ. पुष्पेन्द्र राय। वार्षिक महासभा (2014-15) 2 जुलाई 2015 को और वार्षिक महासभा (2013-14) 3 जुलाई 2014 को आयोजित हुई थी। ये तीनों वार्षिक महासभाएं वाई. बी. चव्हाण केंद्र, मुंबई में अपराह्न 3.00 बजे आयोजित की गईं और पिछली तीन वार्षिक महासभाओं में कोई विशेष संकल्प पारित नहीं किया गया। पिछले वर्ष के दौरान पोस्टल बैलट के माध्यम से कोई संकल्प पारित नहीं किया गया।

प्रकटीकरण

1. बैंक ने अपने प्रवर्तकों, निदेशकों या प्रबंधन, उनकी अनुषंगियों या संबंधियों आदि से वस्तुतः ऐसा कोई महत्वपूर्ण संबंधित पक्ष लेनदेन नहीं किया है जो वृहत् रूप में बैंक के हितों के विरुद्ध जाता हो।

2. बैंक ने स्टॉक एक्सचेंजों, सेबी, भारतीय रिजर्व बैंक या पूंजी बाजारों से संबंधित किसी भी अन्य सांविधिक प्राधिकारी द्वारा निर्धारित नियमों और विनियमों का पालन किया है। पिछले तीन वर्षों में इनके द्वारा बैंक पर कोई अर्थदंड या आक्षेप नहीं लगाया गया है।

3. कर्मचारियों द्वारा सेवा-नियमों के विरुद्ध किए जा रहे किसी भी अनैतिक कार्य या व्यवहार की रिपोर्टिंग के लिए विसल ब्लोअर पॉलिसी तैयार की गई है और "स्टेट बैंक टाइम्स" पर प्रदर्शित की गई है। विसल ब्लोअर के हितों की रक्षा / पहचान गुप्त रखने का प्रावधान किया गया है। यह नीति बैंक के सभी स्टाफ के लिए आंतरिक रिपोर्टिंग व्यवस्था के रूप में उपलब्ध है। वे चाहें तो बैंक में अपने सहकर्मियों, वरिष्ठों/वरीय किसी अनैतिक, भ्रष्ट आचरण का पर्दाफाश करने के लिए विसल ब्लोअर की भूमिका का निर्वाह कर सकते हैं। पर, ग्राहकों द्वारा की जाने वाली पीआईडीपीआई शिकायत का निपटान भारत सरकार के वर्ष 2004 के दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है। इसके अनुसार केंद्रीय सतर्कता आयोग को इन शिकायतों के निपटान के संबंध में नामित किया गया है।

4. संबद्ध पक्ष लेनदेन के महत्व संबंधी नीति और महत्वपूर्ण अनुषंगी निर्धारण नीति बैंक की वेबसाइट www.sbi.co.in पर कॉरपोरेट अभिशासन नीतियाँ लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है।

5. बैंक ने विनियम 17 से 27 और विनियम 46(2) के खंड (b) से (i) और अनुसूची V के पैरा सी, डी और ई में दी गई कारपोरेट अभिशासन की अपेक्षाओं का हर प्रकार से पालन उस सीमा तक किया है जहाँ तक इस खंड की आवश्यकताएँ भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम 1955, उनके अंतर्गत बनाए गए नियमों और विनियमों तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों या निर्देशों के विरुद्ध न हों।

संप्रेषण के साधन

बैंक की दृढ़ मान्यता है कि बैंक की गतिविधियों, निष्पादन और उत्पादों में की गई पहल संबंधी पूरी जानकारी तक सभी हितधारकों की पहुँच होनी चाहिए। वर्ष 2016-17 के दौरान बैंक के वार्षिक, छमाही और तिमाही परिणाम प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित किए गए थे। ये परिणाम बैंक की वेबसाइट (www. sbi.co.in). पर भी प्रदर्शित किए गए थे। बैंक की वेबसाइट पर बैंक के कार्यालयीन समाचारों के साथ-साथ बैंक की वार्षिक रिपोर्टें, छमाही और तिमाही परिणाम तथा बैंक द्वारा प्रस्तुत विभिन्न उत्पादों का विवरण भी प्रदर्शित किया जाता है। प्रति वर्ष वार्षिक और छमाही परिणामों की घोषणा के बाद उसी दिन पत्रकार सम्मेलन आयोजित किया जाता है, जिसमें अध्यक्ष द्वारा प्रस्तुति और मीडिया के प्रश्नों के उत्तर दिए जाते हैं। इसके बाद एक अन्य बैठक रखी जाती है जिसमें अनेक निवेश विश्लेषकों को आमंत्रित किया जाता है। इस बैठक में बैंक के निष्पादन पर विश्लेषकों के साथ विचार-विमर्श किया जाता है। तिमाही परिणामों की घोषणा के बाद प्रेस अधिसूचना जारी की जाती है।

शेयरधारकों के लिए सामान्य सूचना

शेयरधारकों की वार्षिक महासभा	:	दिनांक 27 जून 2017, समय : अपराह्न 3.00 बजे स्थान : वाई.बी चव्हाण, केंद्र मुंबई
वित्तीय कैलेंडर	:	01.04.2016 से 31.03.2017
बहीबंदी की तारीख	:	30.05.2017 से 03.06.2017
लाभांश	:	₹ 2.60 प्रति शेयर
भुगतान तिथि	:	16 जून 2017
शेयर बाजार जिनमें सूचीकरण किया गया है	:	बीएसई लिमिटेड, मुंबई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज, मुंबई। जीडीआर लंदन स्टॉक एक्सचेंज (एलएसई) में सूचीकृत हैं। लंदन शेयरबाजार (एलएसई) सहित सभी शेयर बाजारों को आज तक का सूचीकरण शुल्क अदा कर दिया गया है।
स्टॉक कोड/सीयूएसआईपी	:	स्टॉक कोड 500112 (बीएसई) एसबीआईएन (एनएसई) सीयूएसआईपी यूएस 856552203 (एलएसई)
शेयर हस्तांतरण व्यवस्था	:	भौतिक शेयरों की हस्तांतरण प्रक्रिया निर्धारित समयावधि में पूरी कर शेयर प्रमाणपत्र शेयरधारकों को लौटा दिए जाते है। तिमाही शेयर हस्तांतरण लेखा-परीक्षा तथा शेयर पूँजी लेखा-परीक्षा का समाधान एक स्वतंत्र कंपनी सचिव द्वारा किया जाता है।
रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट का नाम तथा उनकी यूनिट का पता	:	मेसर्स डाटामेटिक्स फाइनेंशल सर्विसेस लिमिटेड प्लॉट बी-5, पार्ट बी, क्रॉस लेन, एमआईडीसी, मरोल, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 093.
बोर्ड फोन नंबर	:	022-6671 2001 से 10 (पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 1.00 बजे तक और अपराह्न 2 बजे से 6.00 बजे तक)
सीधे नंबर	:	022-6671 2198 /66712199
ई-मेल पता	:	sbi_eq@dfssl.com
फैक्स	:	(022) 6671 2204
पत्र-व्यवहार के लिए पता	:	भारतीय स्टेट बैंक, शेयर एवं बॉण्ड विभाग, कॉरपोरेट 14 वां तल, केंद्र, स्टेट बैंक भवन, मादाम कामा मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई-400 021.
टेलिफोन नंबर	:	(022) 2274 0841 से 2274 0848
फैक्स	:	(022) 2285 5348
ई-मेल पता	:	gm.snb@sbi.co.in / investor.complaints@sbi.co.in
ऋणपत्र न्यासियों का नाम और संपर्क का पूरा ब्योरा (भारतीय ₹ में जारी पूंजी लिखत)	:	आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज लिमिटेड, एशियन बिल्डिंग, भूतल, 17, आर. कामानी मार्ग, बलार्ड इस्टेट, मुंबई-400 001 फैक्स नंबर : 91-22-6631 1776

ई-पहल : सेबी विनियम के अनुसार जिन शेयरधारकों के ई-मेल पते उपलब्ध हैं, उन्हें हम वार्षिक रिपोर्ट इलेक्ट्रॉनिक रूप में जारी करते हैं।

निवेशकों की अपेक्षाओं की पूर्ति: निवेशकों की धारिता संबंधी विभिन्न अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए बैंक में मुंबई में एक संपूर्ण शेयर एवं बॉन्ड विभाग कार्यरत है। निवेशकों की शिकायतें, चाहे सीधे प्राप्त हुई हों या रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर कार्यालय के माध्यम से, तत्काल निपटाई जाती हैं एवं शीर्ष प्रबंधन स्तर पर इसकी निगरानी की जाती है।

वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान पूंजी वृद्धि

भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 की धारा 5(2) के तहत भारतीय रिजर्व बैंक और भारत सरकार से प्राप्त अनुमोदन के अनुसरण में, बैंक ने निम्नानुसार ईक्विटी पूंजी जुटाई है:

1.वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान बैंक ने भारत सरकार से ₹5680,99,99,766.00 (रुपये पांच हजार छह सौ अस्सी करोड़ निन्यानवे लाख निन्यानवे हजार सात सौ छियासठ मात्र) की आवेदन राशि प्राप्त की है, जिसमें शेयर प्रीमियम के रूप में ₹56,59,92,72,366.00 (रुपये पांच हजार छह सौ उनसाठ करोड़ बानवे लाख बहत्तर हजार तीन सौ छियासठ मात्र) शामिल हैं जो भारत सरकार को आबंटित प्रति ₹ 1 के 21,07,27,400 ईक्विटी शेयर के अधिमानी निर्गम के तहत प्राप्त हुई है। ईक्विटी शेयरों का आबंटन दिनांक 20.01.2017 को किया गया था।

हम यह भी बता दें हैं कि बैंक ने ₹ 2,100.00 करोड़ के बासेल-3 अनुपालक टियर 1 बॉण्ड 06.09.2016 को, ₹ 2,500.00 करोड़ के 27.09.2016 और ₹ 2,500.00 करोड़ के 25.10.2016 को जारी एवं आबंटित किए हैं, जो प्राइवेट प्लेसमेंट के रूप में हैं। इस लिखत को केयर रेटिंग्स द्वारा ''CARE AA+ और सीआरआईएसआईएल लिमिटेड द्वारा ''CRISIL AA+/Stable रेटिंग दी गई है। आपके बैंक ने अमेरिकी $300 मिलियन के बासेल-3 अनुपालक टियर 1 बांड दिनांक 22.09.2016 को जारी किए ।

बकाया वैश्विक जमा रसीदें (जीडीआर)

वर्ष 1996 में जीडीआर जारी करते समय, सरकार/भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दो-तरफा समरूपता की अनुमति नहीं दी गई थी, अर्थात यदि जीडीआर-धारक व्यक्ति भारतीय कंपनी के ईक्विटी शेयर प्राप्त करना चाहता हो, तो ऐसे जीडीआर को भारतीय कंपनी के शेयर में रूपांतरित करना होता था परंतु इसके विपरीत प्रक्रिया की अनुमति नहीं थी। बाद में, भारत सरकार/भारतीय रिजर्व बैंक ने एडीआर/जीडीआर की दो-तरफा समरूपता की अनुमति दे दी। बैंक ने अपने जीडीआर कार्यक्रम की दो-तरफा समरूपता की अनुमति दी है।

31.03.2017 को बैंक के पास 1,27,01,630 जीडीआर से संबंधित 12,70,16,300 शेयर थे।

दावारहित शेयर

शेयरधारकों की श्रेणी	शेयरधारकों की संख्या	बकाया शेयर
वर्ष के आरंभ में उचंत खाते में पड़े दावारहित बकाया शेयर और शेयरधारकों की कुल संख्या	1,016	2,43,870
वर्ष के दौरान दावारहित उचंत खाते से शेयर अंतरण के लिए जारीकर्ता से संपर्क करने वाले शेयरधारकों की संख्या	10	1,600
वर्ष के दौरान दावारहित उचंत खाते से जिन शेयरधारकों को शेयर अंतरित किए गए, उन शेयरधारकों की संख्या	10	1,600
वर्ष के अंत में उचंत खाते में पड़े दावारहित बकाया शेयरों और शेयरधारकों की कुल संख्या	1006	2,42,270

ऐसे शेयरों के वास्तविक दावेदारों द्वारा दावा किए जाने तक इन शेयरों के मताधिकार पर रोक लगा दी गई।

लाभांश की परंपरा/लाभांश वितरण नीति

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्बाध रूप से अपने शेयरधारकों को पिछले कई वर्षों से निरंतर लाभांश का भुगतान करने की विशिष्ट परंपरा रही है।

शेयर कीमत में उतार चढ़ाव

शेयर कीमत और बीएसई सेंसेक्स/एनएसई निफ्टी में उतार-चढ़ाव को निम्नलिखित तालिकाओं में प्रस्तुत किया गया है। बैंक के शेयरों का 31.03.2017 को बीएसई सेंसेक्स में बाजार पूंजीकरण भार 3.4% और एनएसई निफ्टी में 2.73% रहा।





तालिका : बाजार मूल्य आंकड़े

माह	बीएसई (रुपया)		एनएसई (रुपया)		एलएसई (जीडीआर) (यू एस $)	
	उच्च	निम्न	उच्च	निम्न	उच्च	निम्न
अप्रैल-16	202.50	180.35	202.55	180.20	30.25	27.50
मई-16	205.60	166.60	205.70	166.40	30.15	17.00
जून-16	221.80	195.40	221.90	195.40	31.80	29.00
जुलाई-16	235.00	216.55	235.15	216.50	34.20	32.10
अगस्त-16	260.50	223.20	260.40	223.20	37.65	33.40
सितंबर-16	271.55	243.50	271.60	243.50	40.00	36.75
अक्तू-16	264.75	246.10	264.90	245.85	39.10	37.10
नवंबर-16	288.50	231.00	288.80	235.00	41.20	36.15
दिसंबर-16	269.45	243.10	269.35	243.10	39.50	36.65
जनवरी-17	288.25	241.10	268.20	241.10	39.60	35.90
फरवरी-17	282.45	261.00	282.80	261.60	41.30	40.00
मार्च-17	294.25	264.50	295.00	264.25	44.75	39.75

बही मूल्य प्रति शेयर ₹ 190.97, जोड़ा गया आर्थिक मूल्य (ईवीए) ₹ 3,874 करोड़

31.03.2017 को शेयरधारिता का विवरण

क्र. सं.	विवरण	कुल शेयरों का %
1	भारत के राष्ट्रपति	61.23
2	अनिवासी (विदेशी संस्थागत निवेशक/ विदेशी कॉरपोरेट निकाय/अनिवासी भारतीय/वैश्विक निक्षेपागार रसीदें)	11.17
3	म्यूचुअल फंड और यूटीआई	8.29
4	निजी कॉरपोरेट निकाय	2.70
5	बैंक/वित्तीय संस्थाएं/बीमा कंपनियाँ आदि	10.00
6	निवासी व्यक्तियों सहित अन्य	6.61
कुल		**100.00**

31.03.2017 को बैंक के दस शीर्ष शेयरधारक

क्र. सं.	नाम	कुल ईक्विटी में शेयरों का %
1	भारत के राष्ट्रपति	61.23
2	भारतीय जीवन बीमा निगम (वित्तीय संस्थान)	8.82
3	एचडीएफसी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (म्यूचुअल फंड)	2.38
4	दि बैंक आफ न्यूयार्क मेलॉन (हमारे जीडीआर के डिपॉजिटरी के रूप में)	1.59
5	रिलायंस कैपिटल ट्रस्टी कं. लि. (म्यूचुअल फंड)	1.29
6	एसबीआई म्यूचुअल फंड (म्यूचुअल फंड)	1.13
7	आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड (म्यूचुअल फंड)	0.76
8	आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस क. लि. (निजी कॉरपोरेट निकाय)	0.75
9	फ्रैंकलिन टेम्पल्टन मयूचुअल फंड(म्यूचुअल फंड)	0.62
10	भारतीय साधारण बीमा निगम (वित्तीय संस्थान)	0.52

शेयरों को डीमैट में रूपांतरित करना और चलनिधि: बैंक के ईक्विटी शेयरों की ट्रेडिंग अनिवार्यतया इलेक्ट्रॉनिक रूप में ही की जाती है।
31.03.2017 को कुल ईक्विटी पूंजी का 98.92% भाग अर्थात 788,75,73,568 शेयर इलेक्ट्रॉनिक रूप में हैं।

विवरण	शेयरधारकों की सं.	शेयरों की सं.	शेयरों का %
एनएसडीएल	903573	2825667613	35.44
सीडीएसएल	487170	5061905955	63.48
कागज रूप में	172637	85930874	1.08
कुल	1563380	7973504442	100.00

31 मार्च 2017 को संवितरण अनुसूची (अंकित मूल्य ₹ 1 प्रति शेयर)

शेयरों की सं. की सीमा	कुल शेयरधारक	कुल शेयरधारकों का%	₹ में कुल धारिता	कुल पूंजी का %
1-5000	1556213	99.542	436,937,395.00	5.480
5001-10000	3833	0.245	27,285,006.00	0.342
10001-20000	1394	0.089	19,478,179.00	0.244
20001-30000	426	0.027	10,553,185.00	0.132
30001-40000	190	0.012	6,724,049.00	0.084
40001-50000	122	0.008	5,598,056.00	0.070
50001-100000	288	0.018	20,559,522.00	0.258
100001- से अधिक	914	0.059	7,446,369,050.00	93.390

पण्य कीमत जोखिम या विदेशी मुद्रा जोखिम और बचाव गतिविधियां

बैंक इस समय ओवर-दि-काउंटर (ओटीसी) करेंसी डेरीवेटिव्स और एक्सचेंज ट्रेडेड करेंसी डेरीवेटिव्स सौदे करता है। बैंक द्वारा किए जाने वाले करेंसी डेरीवेटिव्स सौदों में वायदा, करेंसी फ्यूचर्स, करेंसी स्वैप्स और करेंसी ऑप्शंस सौदे होते हैं। बैंक द्वारा डेरीवेटिव्स का उपयोग ट्रेडिंग और तुलन-पत्र मदों, दोनों के लिए किया जाता है। बैंक के ग्राहकों को अपने जोखिम से बचाव करने के लिए बचाव उत्पाद ऑफर किए जाते हैं और ऐसे जोखिम की सुरक्षा के लिए बैंक डेरीवेटिव्स संविदाएं भी करता है। बैंक यूएसडी/आईएनआर में ऑप्शन बुक भी संचालित करता है, जिसका विभिन्न प्रकार की हानि सीमाओं और ग्रीक सीमाओं के माध्यम से प्रबंध किया जाता है। 31 मार्च 2017 को, हानि सीमाओं या ग्रीक सीमाओं मे किसी प्रकार का उल्लंघन नहीं हुआ।

डेरीवेटिव्स लेनदेनों में निम्नलिखित प्रकार के दो जोखिम रहते हैं:

i) बाजार जोखिम, अर्थात वह संभाव्य हानि, जो बैंकों की विनिमय दर में प्रतिकूल संचालन के कारण हो सकती है, और

ii) ऋण जोखिम, अर्थात वह संभाव्य हानि, जो प्रतिपक्षकारों द्वारा अपने दायित्वों को पूरा नहीं करने के कारण बैंक को हो सकती है।

डेरीवेटिव्स लेनदेन करने के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित बैंक की 'डेरीवेटिव्स नीति' में बाजार जोखिम मानदंड (कट-लॉस ट्रिगर्स, ऑपन पोजीशन लिमिट, अवधि, संशोधित अवधि, पीवी 01, आदि) और ग्राहक पात्रता मानदंड (क्रेडिट रेटिंग, रिलेशनशिप की अवधि, सीमाएं और ग्राहक के लिए उपयुक्त एवं उचित नीति (सीएएस) आदि) के बारे में उल्लेख किया गया है। इस नीति में निर्धारित मानदंडों को पूरा करने वाले प्रतिपक्षकारों के साथ ही डेरीवेटिव्स लेनदेन करके ऋण जोखिम पर नियंत्रण रखा जाता है। दायित्वों को पूरा करने की उनकी योग्यता को ध्यान में रखते हुए प्रतिपक्षकारों के लिए उपयुक्त सीमाएं निर्धारित की जाती हैं और बैंक प्रत्येक पक्षकार के साथ इंटरनेशनल स्वैप एवं डेरीवेटिव एसोसिएशन (आईएसडीए) करार करता है।

ग्राहक लेनदेनों के कारण बैंक के सामने विदेशी मुद्रा जोखिम एवं पण्य जोखिम आती है। जहां तक पण्य जोखिम का संबंध है, बैंक केवल स्वर्ण बैंकिंग व्यवसाय करता है और ये केवल ग्राहकों की ओर से ही किया जाता है। निर्धारित जोखिम सीमाओं के अंदर जोखिम का प्रबंध करने के लिए बैंक में निर्धारित नीतियाँ और प्रणालियां एवं कार्यविधियां लागू हैं। रक्षात्मक परिचालन एवं बचाव लेनदेन करने के लिए बैंक के पास विश्व श्रेणी का डीलिंग रूम है, जिसका प्रबंध सुप्रशिक्षित एवं अनुभवी डीलरों द्वारा किया जाता है।

बैंक का बाजार जोखिम प्रबंधन विभाग (एमआरएमडी) डेरीवेटिव्स लेनदेनों से जुड़े हुए बाजार जोखिम की पहचान, मापन और निगरानी करता है। बैंक ऑफिस परिचालनों का प्रबंध जीएमयू, कोलकाता द्वारा किया जाता है।

अनुलग्नक I

दिनांक 31 मार्च 2017 को गैर-कार्यपालक निदेशकों के संबंध में संक्षिप्त जानकारी

श्री संजीव मल्होत्रा

(जन्म दिनांक : 1 अक्तूबर 1951)

श्री मल्होत्रा को वैश्विक बैंकिंग एवं वित्त में वरिष्ठ पदों पर 42 वर्ष का अनुभव है। जोखिम प्रबंधन, कॉरपोरेट और निवेश बैंकिंग, उपभोक्ता वित्त एवं सूक्ष्म उद्यम ऋणान्वयन, निजी ईक्विटी उनके अनुभव के क्षेत्र हैं।

श्री एम. डी. माल्या

(जन्म दिनांक : 9 नवंबर 1952)

श्री माल्या बैंक ऑफ महाराष्ट्र के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक रह चुके हैं। उन्होंने प्रौद्योगिकी, मानव संसाधन और संगठनात्मक संरचना को सुदृढ़ बनाकर बैंक की कायापलट कर दी थी।

श्री माल्या मई 2008 से नवंबर 2012 तक बैंक ऑफ बड़ौदा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक भी रह चुके हैं। उनके प्रेरक नेतृत्व एवं नवोन्मेषी कार्यनीतिक पहल से बैंक ने निष्पादन में उत्कृष्टता प्राप्त की, जिससे बैंक को अनेक सम्मान एवं पुरस्कार मिले और व्यापक पहचान प्राप्त हुई।

श्री दीपक ईश्वरचंद्र अमीन

(जन्म दिनांक : 20 अप्रैल 1966)

श्री अमीन आईआईटी, मुंबई से कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग में बी.टेक. तथा यूएसए के रोड आइलैंड विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान में एम.एस. उपाधि प्राप्त हैं। श्री अमीन सीटल और भारत स्थित अंतरराष्ट्रीय सॉफ्टवेयर सलाहकार कंपनी कोविलिक्स, इंक (एमटेक आइएनसी द्वारा अधिग्रहित) के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी रहे हैं। इससे पहले श्री अमीन वीजंगल इनकॉरपोरेशन, वेब सेवा सॉफ्टवेअर इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी रहे हैं जिसे स्ट्रीमसर्व, इनकॉरपोरेशन ने अधिग्रहीत किया था। श्री अमीन ने माइक्रोसॉफ्ट में कई वर्षों तक माइक्रोसॉफ्ट विंडोज नेटवर्किंग टीमों में लीड इंजीनियर के रूप में कार्य किया। वे माइक्रोसॉफ्ट, यूएसए में मूल इंटरनेट ब्राउजर टीम में वरिष्ठ इंजीनियर रहे हैं। श्री अमीन नोबल पुरस्कार विजेता डॉक्टर मुहम्मद यूनस की टेक्नॉलॉजी एडवाइजरी बोर्ड ऑफ ग्रामीण फाउंडेशन में भी शामिल हैं जो विश्व की निर्धनतम महिलाओं के वित्तीय समावेशन के प्रसार के लिए प्रगामी वित्तीय एवं प्रौद्योगिकी सुविधाएँ प्रदान करती हैं।

डॉ. गिरीश कुमार आहूजा

(जन्म दिनांक : 29 मई 1946)

डॉ. गिरीश कुमार आहूजा भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम की धारा 19 (घ) के अंतर्गत 28 जनवरी 2016 से तीन वर्ष के लिए केन्द्र सरकार द्वारा नामित निदेशक हैं। डॉ. आहूजा चार्टर्ड अकाउंटेंट और अकादमिक सदस्य हैं। उन्हें अंतरराष्ट्रीय और भारतीय कराधान, संयुक्त उद्यम आदि में परामर्श का 45 वर्ष का अनुभव है। प्रत्यक्ष करों का उन्हें विशेष ज्ञान है। वे वित्तीय क्षेत्र सुधारों - पूंजी बाजार कुशलता तथा संविभाग निवेश में डॉक्टरेट हैं।

डॉ. पुष्पेन्द्र राय

(जन्म दिनांक : 02 जून 1953)

भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम की धारा 19 (घ) के अंतर्गत 28 जनवरी 2016 से तीन वर्ष के लिए केन्द्र सरकार द्वारा नामित निदेशक डॉ. पुष्पेन्द्र राय को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में कार्य का लगभग 37 वर्ष का अनुभव है।

वे 21 वर्ष तक भारतीय प्रशासनिक सेवा के सदस्य रहे। इस दौरान वे नीति निर्माण, कार्यक्रम और बजट की तैयारी, कार्यान्वयन कार्यनीतियों का निर्धारण, कार्यान्वयन की निगरानी, ग्रामीण और औद्योगिक विकास एजेंसियों जैसे अनेक प्रकार के संस्थानों के स्टाफ के निष्पादन का मूल्यांकन, बिजली उत्पादन और वितरण विभाग, पेट्रोलियम कंपनियों और बौद्धिक संपदा कार्यालयों से जुड़े रहे। उन्होंने यूएनडीपी/डब्ल्यूआइपीओ के राष्ट्रीय परियोजना निदेशक, राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान की गवर्निंग काउंसिल के सदस्य, विदेशी निवेश उन्नयन परिषद् के सदस्य सचिव, राष्ट्रीय नवीकरण निधि के कार्यपालक निदेशक, डब्ल्यूटीओ/डब्ल्यूआइपीओ में राष्ट्रीय वार्ताकार और क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया के महासचिव के रूप में भी कार्य किया है।

तदनंतर, डॉ. राय ने वैश्विक बौद्धिक संपदा संगठन, जिनेवा (संयुक्त राष्ट्र संघ) में 16 वर्ष तक कार्य किया। वहाँ तकनीकी सहयोग बढ़ाने, बौद्धिक संपदा के आर्थिक पहलुओं का उन्नयन और आस्ति सृजन, विकास एजेंडा प्रक्रिया का नेतृत्व और सिंगापुर में एशिया प्रशांत क्षेत्रीय कार्यालय की अध्यक्षता जैसे अनेक कार्य संपन्न किए।

डॉ. राय ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली से पीएच.डी. और हार्वर्ड विश्वविद्यालय तथा लखनऊ विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त की है। विश्व के विभिन्न भागों में उन्होंने अनेक व्याख्यान दिए हैं।

सुश्री अंजुली चिब दुग्गल

(जन्म दिनांकः 27 अगस्त 1957)

सुश्री अंजुली चिब दुग्गल भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम की धारा 19 (ङ) के अंतर्गत 3 सितंबर 2015 से केन्द्र सरकार द्वारा नामित निदेशक हैं। सुश्री अंजुली चिब दुग्गल भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएँ विभाग में सचिव हैं।

श्री चंदन सिन्हा

(जन्म दिनांकः 15 अगस्त 1957)

श्री चंदन सिन्हा भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम की धारा 19 (च) के अंतर्गत 28 सितंबर 2016 से केंद्र सरकार द्वारा नामित निदेशक हैं। श्री चंदन सिन्हा भारतीय रिज़र्व बैंक के कार्यपालक निदेशक हैं।

अनुलग्नक II

सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 26(1) के उचित अनुपालन में 31.03.2017 को सूचीबद्ध कंपनियों के निदेशकों और बैंकों/अन्य सूचीबद्ध कंपनियों के निदेशकों द्वारा लेखा-परीक्षा/हितधारक समिति(यों) में धारित अध्यक्षता/सदस्यता का ब्योरा

क्र.	निदेशक का नाम	व्यवसाय एवं पता	बोर्ड में नियुक्ति की तारीख	बैंक सहित कंपनियों की संख्या
1	श्रीमती अरुंधति भट्टाचार्य	अध्यक्ष नं.5, डुनेडिन, जे.एम. मेहता मार्ग मुंबई-400 006	07.10.2013	अध्यक्ष : 04 निदेशक : 01
2	श्री बी. श्रीराम	प्रबंध निदेशक एम-2 किन्नेलन टावर्स, 100ए, नेपियन सी रोड मुंबई-400 006	17.07.2014	निदेशक : 01 समिति सदस्य : 01
3	श्री राजनीश कुमार	प्रबंध निदेशक डी-10 किन्नेलन टावर्स, 100ए, नेपियन सी रोड, मुंबई-400 006	26.05.2015	निदेशक : 01 समिति सदस्य : 01
4	श्री पी. के. गुप्ता	प्रबंध निदेशक एम-1, किन्नेलन टावर्स, 100ए, नेपियन सी रोड, मुंबई-400 006	01.11.2015	निदेशक :01 समिति सदस्य : 01
5	श्री दिनेश के. खारा	प्रबंध निदेशक डी-11 किन्नेलन टावर्स, 100ए, नेपियन सी रोड, मुंबई-400 006	09.08.2016	निदेशक : 04 समिति सदस्य : 01
6	श्री संजीव मल्होत्रा	सनदी लेखाकार 6, मोटाभाई मेंशन, 130, महर्षि कर्वे मार्ग चर्चगेट, मुंबई - 400020	26.06.2014	निदेशक : 01 समिति सदस्य : 01
7	श्री एम.डी माल्या	सेवानिवृत्त बैंक कार्यपालक सी-601 अशोक टॉवर्स डॉ. एस.एस. राव मार्ग, एम.जी. हॉस्पिटल के सामने परेल, मुंबई - 400012	26.06.2014	निदेशक : 07 समिति अध्यक्ष: 02 समिति सदस्य : 04
8	श्री दीपक आई. अमीन	सलाहकार 104 नील कंठ तीर्थ छठी रोड, चेम्बूर मुंबई - 400071	26.06.2014	निदेशक :01 समिति सदस्य : 02
9	डॉ. गिरीश के. आहूजा	सनदी लेखाकार मेसर्स जी. के. आहूजा एण्ड कंपनी ई-6ए, एलजीएफ कैलाश कॉलोनी नई दिल्ली 110048	28.01.2016	निदेशक :02 समिति अध्यक्ष : 02 समिति सदस्य : 01
10	डॉ. पुष्पेन्द्र राय	विकास विशेषज्ञ (भूतपूर्व राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सरकारी नौकरशाह) 50, पश्चिमी मार्ग, वसंत विहार नई दिल्ली-110057	28.01,2016	निदेशक : 01 समिति सदस्य : 01
11	सुश्री अंजुली चिब दुग्गल भारत सरकार नामिती	सचिव, (वित्तीय सेवाएं) वित्त मंत्रालय, भारत सरकार (बैंकिंग प्रभाग) जीवन दीप बिल्डिंग, संसद मार्ग नई दिल्ली - 110001	03.09.2015	निदेशक : 01 समिति सदस्य : 01
12	श्री चंदन सिन्हा भारतीय रिज़र्व बैंक नामिती	कार्यपालक निदेशक भारतीय रिज़र्व बैंक केन्द्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग मुंबई - 400001	28.09.2016	निदेशक : 01 समिति सदस्य : 01

अनुलग्नक II ए

उन कंपनियों की कुल संख्या जिनमें 31.03.2017 को बोर्ड-निदेशक /बोर्ड स्तरीय समितियों के निदेशक सदस्य/अध्यक्ष हैं

1. श्रीमती अरुंधति भट्टाचार्य

क्र.सं.	कंपनी/संस्था/सोसाइटी का नाम	सदस्य/निदेशक/अध्यक्ष	समिति का नाम
1	भारतीय स्टेट बैंक	अध्यक्ष	केन्द्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति- **अध्यक्ष** वसूली निगरानी बोर्ड समिति- **अध्यक्ष**
2	स्टेट बैंक ऑफ पटियाला	अध्यक्ष	
3	स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर	अध्यक्ष	
4	स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद	अध्यक्ष	
5	स्टेट बैंक ऑफ मैसूर	अध्यक्ष	
6	स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर	अध्यक्ष	
7	एसबीआई ग्लोबल फैक्टर्स लि.	अध्यक्ष	
8	एसबीआई पेंशन फंड्स प्रा. लि.	अध्यक्ष	
9	एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	अध्यक्ष	
10	एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट प्रा. लिमिटेड	अध्यक्ष	
11	एसबीआई काड्र्स एण्ड पेमेंट सर्विसेस प्रा. लि.	अध्यक्ष	
12	एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि.	अध्यक्ष	
13	एसबीआई डीएफएचआई लि.	अध्यक्ष	
14	एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लि.	अध्यक्ष	
15	एसबीआई फाउंडेशन	अध्यक्ष	
16	भारतीय निर्यात-आयात बैंक	निदेशक	
17	भारतीय बैंक संघ	उपाध्यक्ष	
18	राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन संस्थान	एनआईबीएम गवर्निंग बोर्ड	एनआईबीएम वित्त समिति - **अध्यक्ष** एनआईबीएम स्थायी समिति **सदस्य**
19	भारतीय बैंकिंग एवं वित्त संस्थान	सदस्य-गवर्निंग कॉउसिंल	
20	बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान	सदस्य-गवर्निंग बोर्ड	
21	आईआईटी खड़गपुर	सदस्य-गवर्निंग बोर्ड	
22	फेडरेशन ऑफ इंडियन चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री (एफआईसीसी)	-	बैंकिंग एण्ड फाइनैंशियल इंस्टिट्यूट 2015 समिति- **अध्यक्ष**
23	आईआईएम-सम्बलपुर	अध्यक्ष-गवर्निंग बोर्ड	

2. श्री बी. श्रीराम

क्र. सं.	कंपनी/संस्था/सोसाइटी का नाम	निदेशक	समिति(यों) का/के नाम अध्यक्ष/सदस्य
1	भारतीय स्टेट बैंक	प्रबंध निदेशक	केन्द्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति - **सदस्य** बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति - **सदस्य** बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति - **अध्यक्ष** बोर्ड की वसूली निगरानी समिति - **सदस्य** बोर्ड की आईटी कार्यनीति समिति - **सदस्य** बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति - **अध्यक्ष** इरादतन चूककर्ताओं/असहयोगी ऋणियों की पहचान समिति - **अध्यक्ष**

3. श्री रजनीश कुमार

क्र. सं.	कंपनी/संस्था/सोसाइटी का नाम	निदेशक	समिति(यों) का/के नाम अध्यक्ष/सदस्य
1	भारतीय स्टेट बैंक	प्रबंध निदेशक	केन्द्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति - **सदस्य** बड़ी राशि की धोखाधड़ियों की निगरानी करने वाली बोर्ड की विशेष समिति - **अध्यक्ष** बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति- **सदस्य** हितधारक संबंध समिति - **सदस्य** बोर्ड की वसूली निगरानी समिति - **सदस्य** कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति - **अध्यक्ष**
2	एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	निदेशक	
3	एसबीआई फाउंडेशन	निदेशक	
4	एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि.	निदेशक	
5	एसबीआई इंफ्रा मैनेजमेंट सॉल्यूशन प्रा. लि.	निदेशक	

4. श्री पी. के. गुप्ता

क्र. सं.	कंपनी/संस्था/सोसाइटी का नाम	निदेशक	समिति(यों) का/के नाम अध्यक्ष/सदस्य
1	भारतीय स्टेट बैंक	प्रबंध निदेशक	केन्द्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति - **सदस्य** बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति - **सदस्य** बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति - **सदस्य** बड़ी राशि की धोखाधड़ियों की निगरानी करने वाली बोर्ड की विशेष समिति - **सदस्य** बोर्ड की वसूली निगरानी समिति - **सदस्य** बोर्ड की आईटी कार्यनीति समिति - **सदस्य**

5. श्री दिनेश कुमार खारा

क्र. सं.	कंपनी/संस्था/सोसाइटी का नाम	निदेशक	समिति(यों) का/के नाम अध्यक्ष/सदस्य
1	भारतीय स्टेट बैंक	प्रबंध निदेशक	केन्द्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति - **सदस्य** बोर्ड की हितधारक संबंध समिति - **सदस्य** बोर्ड की वसूली निगरानी समिति - **सदस्य** कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति - **सदस्य**
2	स्टेट बैंक ऑफ पटियाला	निदेशक	निदेशक समिति - **सदस्य**
3	स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर	निदेशक	निदेशक समिति - **सदस्य**
4	स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद	निदेशक	निदेशक समिति - **सदस्य**
5	स्टेट बैंक ऑफ मैसूर	निदेशक	निदेशक समिति - **सदस्य**
6	स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर	निदेशक	निदेशक समिति - **सदस्य**
7	एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लि.	निदेशक	बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति - **सदस्य** निदेशकों की समिति - **अध्यक्ष** एचआर समिति - **सदस्य** नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति - **सदस्य** जोखिम प्रबंधन समिति - **सदस्य** कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति - **सदस्य**
8	एसबीआई कैप सिक्युरिटीज प्रा. लि.	निदेशक	जोखिम प्रबंधन समिति - **सदस्य** कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति - **सदस्य**
9	एसबीआई कैप वैंचर्स लि.	निदेशक	
10	एसबीआई कैप (यू.के.) लि.	निदेशक	
11	एसबीआई कैप सिंगापुर लि.	निदेशक	

क्र. सं.	कंपनी/संस्था/सोसाइटी का नाम	निदेशक	समिति(यों) का/के नाम अध्यक्ष/सदस्य
12	एसबीआई डीएफएचआई लि.	निदेशक	बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति - **सदस्य** नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति - **सदस्य** एचआर समिति - **सदस्य** जोखिम प्रबंधन समिति - **सदस्य** कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति - **सदस्य**
13	एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि.	निदेशक	बैंक एश्योरेंस समिति - **सदस्य** बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति - **सदस्य** निवेश समिति - **सदस्य** पॉलिसीधारक संरक्षण समिति - **सदस्य** जोखिम प्रबंधन समिति - **सदस्य** नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति - **सदस्य** प्रौद्योगिकी समिति - **सदस्य** कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति - **सदस्य**
14	एसबीआई ग्लोबल फैक्टर्स लि.	निदेशक	बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति - **सदस्य** नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति - **सदस्य**
15	एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि.	निदेशक	बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति - **सदस्य** जोखिम प्रबंधन समिति - **सदस्य** निवेश समिति - **सदस्य** कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति - **सदस्य** पॉलिसीधारक संरक्षण समिति - **सदस्य** नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति - **सदस्य** बोर्ड की लाभ से संबंधित समिति - **सदस्य**
16	एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट प्रा. लि.	निदेशक	एचआर उप-समिति - **सदस्य**
17	एसबीआई पेंशन फंड्स प्रा. लि.	निदेशक	बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति - **सदस्य**
18	एसबीआई कार्ड्स एण्ड पेमेंट सर्विस प्रा. लि.	निदेशक	सलाहकारी समिति - **सदस्य**
19	एसबीआई फाउंडेशन	निदेशक	कार्यपालक समिति - **सदस्य**

6. श्री संजीव मल्होत्रा

क्र. सं.	कंपनी/संस्था/सोसाइटी का नाम	निदेशक	समिति(यों) का/के नाम अध्यक्ष/सदस्य
1	भारतीय स्टेट बैंक	निदेशक	केन्द्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति - **सदस्य** बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति - **सदस्य** बोर्ड की आईटी कार्यनीति समिति - **सदस्य** बड़ी राशि की धोखाधड़ियों की निगरानी करने वाली बोर्ड की विशेष समिति - **सदस्य** बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति - **सदस्य** कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति - **सदस्य**
2	कोटक एएमसी	निदेशक	-
3	फेयर फर्स्ट इंश्योरेंस लि. (श्रीलंका)	निदेशक	-

7. श्री एम. डी. माल्या

क्र. सं.	कंपनी/संस्था/सोसाइटी का नाम	निदेशक	समिति(यों) का/के नाम अध्यक्ष/सदस्य
1	भारतीय स्टेट बैंक	निदेशक	केन्द्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति - **सदस्य** बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति - **सदस्य** हितधारक संबंध समिति - **अध्यक्ष** बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति - **सदस्य** बोर्ड की आईटी कार्यनीति समिति - **सदस्य** बड़ी राशि की धोखाधड़ियों की निगरानी करने वाली बोर्ड की विशेष समिति - **सदस्य** बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति - **सदस्य** बोर्ड की पारिश्रमिक समिति - **सदस्य** कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति - **सदस्य**

क्र. सं.	कंपनी/संस्था/सोसाइटी का नाम	निदेशक	समिति(यों) का/के नाम अध्यक्ष/सदस्य
2	इंडिया इनफ्राडेब्ट लिमिटेड	निदेशक	बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति - **सदस्य** बोर्ड की ऋण एवं जोखिम समिति - **अध्यक्ष** बोर्ड की अभिशासन, पारिश्रमिक एवं नियुक्ति समिति - **सदस्य** कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति - **सदस्य**
3	नितेश इस्टेट्स लिमिटेड	निदेशक	बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति - **सदस्य** बोर्ड की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति - **सदस्य**
4	ईमामी लिमिटेड	निदेशक	-
5	आईएफएमआर रूरल चैनल एण्ड सर्विसेज (प्राइवेट) लिमिटेड	निदेशक	बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति - **सदस्य** बोर्ड की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति - **सदस्य**
6	सेवन आइलैंड शिपिंग लि.	निदेशक	बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति - **सदस्य** बोर्ड की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति - **सदस्य**
7	पुडुआरू फाइनैंशियल सर्विसेज प्रा. लिमिटेड	निदेशक	बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति - **अध्यक्ष** बोर्ड की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति - **सदस्य**
8	इंटरग्लोब एवियशन लि.	निदेशक	बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति - **सदस्य** बोर्ड की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति - **सदस्य** मुआवजा समिति - **सदस्य**
9	कॉफी डे एंटरप्राइजेज लि.	निदेशक	-
10	माइलस्टोन कैपिटल एडवाइजर्स लि.	निदेशक	

8. श्री दीपक आई. अमीन

क्र. सं.	कंपनी/संस्था/सोसाइटी का नाम	निदेशक	समिति(यों) का/के नाम अध्यक्ष/सदस्य
1	भारतीय स्टेट बैंक	निदेशक	केन्द्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति - **सदस्य** बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति - **सदस्य** बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति - **सदस्य** बोर्ड की आईटी कार्यनीति समिति - **सदस्य** बड़ी राशि की धोखाधड़ियों की निगरानी करने वाली बोर्ड की विशेष समिति - **सदस्य** बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति - **सदस्य** हितधारक संबंध समिति - **अध्यक्ष** बोर्ड की पारिश्रमिक समिति - **सदस्य** कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति - **सदस्य**
2	रेडियन एडवाइजर्ज प्रा. लि.	निदेशक	-
3	फाइव वैलेजेज एंटरप्राइजेज एलएलपी (भागीदारी फर्म)	भागीदार	

9. डॉ. गिरीश कुमार आहूजा

क्र. सं.	कंपनी/संस्था/सोसाइटी का नाम	निदेशक	समिति(यों) का/के नाम अध्यक्ष/सदस्य
1	भारतीय स्टेट बैंक	निदेशक	बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति - **अध्यक्ष**
2	फ्लेअर पब्लिकेशन्स प्रा. लि.	निदेशक	-
3	देवयानी इंटरनेशनल लि.	निदेशक	-
4	वरूण बेवरेज्स लि.	निदेशक	लेखा-परीक्षा समिति - **अध्यक्ष** नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति - **सदस्य**
5	देवयानी फूड स्ट्रीट प्रा. लि.	निदेशक	-

10. डॉ. पुष्पेन्द्र राय

क्र. सं.	कंपनी/संस्था/सोसाइटी का नाम	निदेशक	समिति(यों) का/के नाम अध्यक्ष/सदस्य
1	भारतीय स्टेट बैंक	निदेशक	बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति - **सदस्य** बड़ी राशि की धोखाधड़ियों की निगरानी करने वाली बोर्ड की विशेष समिति - **सदस्य** बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति - **सदस्य** हितधारक संबंध समिति - **सदस्य** कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति - **सदस्य** कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति - **सदस्य**

11. सुश्री अंजुली चिब दुग्गल

क्र. सं.	कंपनी/संस्था/सोसाइटी का नाम	निदेशक	समिति(यों) का/के नाम अध्यक्ष/सदस्य
1	भारतीय स्टेट बैंक	निदेशक	बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति - **सदस्य** बोर्ड की वसूली निगरानी समिति - **सदस्य** बोर्ड की पारिश्रमिक समिति - **सदस्य**
2	भारतीय रिज़र्व बैंक	निदेशक	-
3	नैशनल फाइनैंशियल होल्डिंग कंपनी लि.	निदेशक	-

12. श्री चंदन सिन्हा

क्र. सं.	कंपनी/संस्था/सोसाइटी का नाम	निदेशक	समिति(यों) का/के नाम अध्यक्ष/सदस्य
१	भारतीय रिज़र्व बैंक	कार्यपालक निदेशक	-
२	भारतीय स्टेट बैंक	निदेशक	केन्द्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति - **सदस्य** बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति - **सदस्य** बोर्ड की पारिश्रमिक समिति - **सदस्य** बोर्ड की नामांकन समिति - **सदस्य**

(नोट : केन्द्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति में वे सभी निदेशक या अन्य कोई निदेशक शामिल हैं जो सामान्यतः भारत में ऐसे किसी स्थान पर निवास करते हैं, या उस समय उपस्थित रहते हैं जहाँ एसबीआई जनरल विनियम के विनियम 46 के अनुसार ईसीसीबी की बैठक आयोजित की जाती है।)

अनुलग्नक - III

31.03.2017 को बैंक के केंद्रीय बोर्ड के निदेशकों की शेयरधारिता का विवरण

क्र.	निदेशक का नाम	शेयरों की संख्या
1	श्रीमती अरुंधति भट्टाचार्य	2,000
2	श्री बी. श्रीराम	500
3	श्री रजनीश कुमार	कुछ नहीं
4	श्री पी. के. गुप्ता	4,900
5	श्री दिनेश कुमार खारा	3,100
6	श्री संजीव मल्होत्रा	32,926
7	श्री एम. डी. माल्या	5,000
8	श्री दीपक आई. अमीन	5,000
9	डॉ. गिरीश के. आहूजा	2,000
10	डॉ. पुष्पेन्द्र राय	कुछ नहीं
11	सुश्री अंजुली चिब दुग्गल	कुछ नहीं
12	श्री चंदन सिन्हा	500

अनुलग्नक - IV

वर्ष 2016-17 के दौरान केंद्रीय बोर्ड एवं बोर्ड स्तरीय समितियों की बैठकों में उपस्थित होने के लिए निदेशकों को भुगतान की गई बैठक फीस का विवरण

क्र.	निदेशक का नाम	केंद्रीय बोर्ड की बैठकें (₹)	अन्य बोर्ड स्तरीय समितियों की बैठकें (₹)	कुल (₹)
1	श्री संजीव मल्होत्रा	280000	450000	730000
2	श्री एम. डी. माल्या	260000	660000	920000
3	श्री सुनील मेहता	260000	840000	1100000
4	श्री दीपक आई. अमीन	200000	680000	880000
5	श्री त्रिभुवन नाथ चतुर्वेदी	60000	10000	70000
6	डॉ. गिरीश के. आहूजा	160000	170000	330000
7	डॉ. पुष्पेन्द्र राय	300000	360000	660000

अनुलग्नक - V

भारतीय स्टेट बैंक
घोषणा
बैंक की आचार संहिता (2016-17) के अनुपालन की पुष्टि

मैं घोषणा करती हूँ कि बोर्ड के सभी सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन ने वित्तीय वर्ष 2016-17 की बैंक की आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की है।

अरुंधति भट्टाचार्य
अध्यक्ष

प्रकटीकरण अपेक्षाएं
(सेबी सूचीकरण दायित्व विनियम, 2015 का विनियम 27)

1. **दि बोर्ड** - चूंकि बैंक में एक कार्यपालक अध्यक्ष है, इसलिए यह लागू नहीं है।
2. **शेयरधारकों के अधिकार** - बैंक प्रमुख राष्ट्रीय समाचार-पत्रों में अपने अर्ध-वार्षिक वित्तीय परिणाम प्रकाशित करता है। अर्ध-वार्षिक वित्तीय परिणाम और महत्वपूर्ण घटनाओं की जानकारी बैंक की वेबसाइट पर अपलोड की जाती है। तथापि, बैंक प्रत्येक शेयरधारक के पते पर अर्ध-वार्षिक वित्तीय परिणाम नहीं भेजता है।
3. **लेखा-परीक्षा रिपोर्ट में संशोधित विकल्प** - 31 मार्च 2017 को समाप्त हुए वित्त वर्ष के लिए बैंक के वित्तीय विवरणों में कोई लेखा-परीक्षा संशोधन नहीं है।
4. **अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का अलग पद** - अध्यक्ष और चार प्रबंध निदेशक भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 के प्रावधानों के अनुसार है।
5. **आंतरिक लेखा-परीक्षकों की रिपोर्टिंग** - आंतरिक लेखा-परीक्षक (उप प्रबंध निदेशक - निरीक्षण एवं प्रबंधन लेखा-परीक्षा) सीधे बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति को रिपोर्ट करते हैं।

कॉरपोरेट अभिशासन संबंधी लेखा-परीक्षकों का प्रमाणपत्र

प्रति,
सदस्यगण,
भारतीय स्टेट बैंक

हमने, वर्मा एण्ड वर्मा, चार्टर्ड अकाउंटेन्ट (फर्म रजिस्ट्रेशन सं. : 004532S), और भारतीय स्टेट बैंक, इसका कॉरपोरेट केन्द्र स्टेट बैंक भवन, मैडम कामा रोड़, मुंबई, महाराष्ट्र, पिन-400 021 में स्थित है, के सांविधिक लेखा-परीक्षकों के रूप में, 31 मार्च 2017 को समाप्त हुए वर्ष के लिए बैंक द्वारा कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों के अनुपालन की जाँच की है, जो 1 अप्रैल 2016 से 31 मार्च 2017 तक की अवधि के लिए सूचीकरण विनियम के विनियम 15(2) में यथा संदर्भित भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के संबंधित प्रावधानों में निर्धारित की गई है।

कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों के अनुपालन की जिम्मेदारी प्रबंधन वर्ग की है। हमारी जाँच भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी कॉरपोरेट अभिशासन के प्रमाणन संबंधी मार्गदर्शी नोट के अनुसार की गई है और यह कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु बैंक द्वारा अपनाई गई कार्यविधियों तथा उनके कार्यान्वयन तक ही सीमित थी। यह न तो लेखा-परीक्षा है और न ही बैंक के वित्तीय विवरण पर अभिमत की अभिव्यक्ति है।

हमारी राय में और जहाँ तक हमें जानकारी है, उसके अनुसार एवं हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, हम प्रमाणित करते हैं कि बैंक ने उपर्युक्त यथा प्रयोज्य सूचीकरण करार में निर्धारित कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों का, सभी महत्वपूर्ण बातों का समावेश करते हुए अनुपालन किया है।

हम यह भी सूचित करते हैं कि यह अनुपालन न तो बैंक की भावी व्यवहार्यता के संबंध में आश्वासन है, न ही उस कुशलता अथवा प्रभावकारिता से संबंधित है, जिसके द्वारा प्रबंधन वर्ग ने बैंक के कारोबार का संचालन किया है।

कृते एवं की ओर से
वर्मा एंड वर्मा
सनदी लेखाकार
फर्म रजिस्ट्रेशन सं.: 004532S

चेरीयन के. बेबी
भागीदार
सदस्यता सं. 16043

स्थान : कोलकाता
दिनांक : 19 मई 2017

व्यवसाय दायित्व रिपोर्ट के बारे में:

बैंक की व्यवसाय दायित्व रिपोर्ट वित्त वर्ष 2012-13 से वार्षिक आधार पर प्रकाशित की जाती है और यह 4थी रिपोर्ट है। सेबी परिपत्र क्र. सीआईआर/सीएफडी/सीएमडी/10/2015 दिनांक 4 नवंबर 2015 के साथ पठित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम के विनियम 34(2)(एफ) के अनुसार उन कंपनियों को अपनी वार्षिक रिपोर्ट के एक भाग के रूप में व्यवसाय दायित्व रिपोर्ट को शामिल करना अनिवार्य है, जिन्होंने बीएसई और एनएसई में बाजार पूंजीकरण (प्रति वित्त वर्ष 31 मार्च को परिकलन किया जाता है) के आधार पर शीर्ष 500 कंपनियों की सूची में स्थान पाया है। बैंक की संवहनीयता रिपोर्ट, जिसमें 31 मार्च 2017 को समाप्त हुए वित्त वर्ष के लिए व्यवसाय दायित्व रिपोर्ट समाविष्ट है, को बैंक की वेबसाइट www.sbi.co.in पर लिंक इनवेस्टर रिलेशन्स पर उपलब्ध है। कोई भी शेयरधारक जो इसकी हार्ड प्रति प्राप्त करना चाहते हैं, वे हमें इस पते पर लिख सकते हैं या ई-मेल कर सकते हैं: महाप्रबंधक शेयर एवं बॉण्ड विभाग, भारतीय स्टेट बैंक, कॉरपोरेट केन्द्र, स्टेट बैंक भवन, मादाम कामा रोड मुंबई - 400 021. ई-मेल पता : gm.snb@sbi.co.in

भारतीय स्टेट बैंक

तुलन - पत्र, 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार

(000 को छोड़ दिया गया है)

	अनुसूची संख्या	31.03.2017 की स्थिति के अनुसार (चालू वर्ष) ₹	31.03.2016 की स्थिति के अनुसार (पिछला वर्ष) ₹
पूंजी और देयताएँ			
पूंजी	1	797,35,04	776,27,77
आरक्षित निधियाँ और अधिशेष	2	187488,71,22	143498,15,83
जमाराशियाँ	3	2044751,39,47	1730722,43,61
उधार-राशियाँ	4	317693,65,83	323344,58,61
अन्य देयताएँ और प्रावधान	5	155235,18,85	159276,08,09
योग		**2705966,30,41**	**2357617,53,91**
आस्तियाँ			
नकदी और भारतीय रिज़र्व बैंक में जमाराशियाँ	6	127997,61,77	129629,32,53
बैंकों में जमाराशियाँ और माँग तथा अल्प सूचना पर प्राप्य धनराशि	7	43974,03,21	37838,33,12
निवेश	8	765989,63,09	575651,78,28
अग्रिम	9	1571078,38,11	1463700,41,75
अचल आस्तियाँ	10	42918,91,79	10389,27,72
अन्य आस्तियाँ	11	154007,72,44	140408,40,51
योग		**2705966,30,41**	**2357617,53,91**
आकस्मिक देयताएँ	12	1046440,93,19	971956,00,58
वसूली के लिए बिल	-	65640,42,04	92211,64,83
महत्वपूर्ण लेखा नीतियाँ	17		
लेखा -टिप्पणियाँ	18		

उपरोक्त दर्शाई गई अनुसूचियाँ तुलन पत्र के अभिन्न अंग हैं ।

हस्ताक्षरकर्ता:

श्री दिनेश कुमार खारा
प्रबंध निदेशक
(सहयोगी एवं अनुषंगियां)

श्री पी. के. गुप्ता
प्रबंध निदेशक
(अनुपालन एवं जोखिम)

श्री रजनीश कुमार
प्रबंध निदेशक
(राष्ट्रीय बैंकिंग समूह)

श्री बी. श्रीराम
प्रबंध निदेशक
(कॉरपोरेट बैंकिंग समूह)

निदेशक:
श्री संजीव मल्होत्रा
श्री एम. डी. माल्या
श्री दीपक आई. अमीन
डॉ. पुष्पेंद्र राय
डॉ. गिरीश के. आहूजा
सुश्री अंजुली चिब दुग्गल
श्री चंदन सिन्हा

श्रीमती अरुंधति भट्टाचार्य
अध्यक्ष

इसी तिथि की हमारी रिपोर्ट के अनुसार

कृते वर्मा एंड वर्मा
सनदी लेखाकार

चेरियन के. बेबी
भागीदार: स.सं. 016043
फर्म पंजी. सं. 04532 S

कृते बी छावछरिया एंड कं.
सनदी लेखाकार

एस. के. छावछरिया
भागीदार: स.सं.: 008482
फर्म पंजी. सं.: 305123 E

कृते जीएसए एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार

सुनील अग्रवाल
भागीदार: स.सं.: M No.083899
फर्म पंजी. सं.: 000257 N

कृते अमित रे एंड कं.
सनदी लेखाकार

बासुदेव बनर्जी
भागीदार: स.सं.: 070468
फर्म पंजी. सं.: 000483 C

- न्यायिक प्राधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत विवादित दावों का उनके द्वारा निराकृत करने पर प्रबंधन के विवेकानुसार इन दावों के संबंध में उपलब्ध तथ्यों और साक्ष्यों पर विचार करके निपटान करने के लिए प्रावधान किया गया है।
- पुनर्बीमाकर्ताओं से वसूल की जाने वाली राशियों को संबंधित दावों की अवधि के लिए हिसाब में लिया जाता है और उन्हें दावों से घटाया जाता है।

ज. कमीशन जैसे अधिग्रहण खर्च, चिकित्सा शुल्क आदि ऐसे खर्च हैं जो मुख्य रूप से नए एवं नवीकृत बीमा संविदाओं के अधिग्रहण से संबंधित होते हैं और इनका भुगतान व्यय के समय ही कर दिया जाता है।

झ. **बीमा पॉलिसियों के लिए देयता :** सभी जीवन बीमा पॉलिसियों की बीमांकिक देयता की गणना बीमा अधिनियम, 1938 और आईआरडीए द्वारा जारी नियमों व विनियमों तथा परिपत्रों के अनुसार और इंस्टिट्यूट ऑफ एक्चूअरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी संबंधित मार्गदर्शी नोटों के अनुसार नियुक्त किए गए बीमांकनकर्ता द्वारा की जाती है।

गैर-संबद्ध व्यवसाय के संबंध में देयता की गणना भावी सकल प्रीमियम मूल्यांकन पद्धति का उपयोग करके की जाती है। वर्तमान और भावी अनुभव को ध्यान में रखते हुए भावी अनुमानों के आधार पर एक सुनिश्चित देयता की गणना की जाती है। संबद्ध व्यवसाय से संबंधित इकाई देयता को मूल्यन तिथि को लागू निवल आस्ति मूल्य (एनएवी) का उपयोग करके पॉलिसी धारकों के नाम में विद्यमान इकाइयों के मूल्य के अनुरूप लिया जाता है। विभिन्न बीमा पॉलिसियों का मूल्यांकन यूएलआईपी व्यवसाय का मूल्यांकन पद्धति के अनुरूप ही किया जाता है कारण कि पॉलिसी धारक के खाते में पड़ी हुई जमा राशि को और खर्च पूरा करने के लिए खर्चों की पर्याप्तता के लिए किए गए अतिरिक्त प्रावधान को देयता के रूप में समझा जाता है।

साधारण बीमा :

क. प्रीमियम जिसमें स्वीकृत की गई पुनर्बीमा शामिल है, को जोखिम प्रारंभ होने की तिथि से बहियों में दर्ज किया जाता है। यदि प्रीमियम किस्तों में वसूल किया जाता है, तो देय किस्त की सीमा तक की राशि को किस्त की देय तिथि पर दर्ज किया जाता है। प्रत्यक्ष व्यवसाय और स्वीकृत पुनर्बीमा पर प्राप्त प्रीमियम (पुनर्नियोजन प्रीमियम सहित) को सेवा कर घटाने के बाद 1/365 पद्धति के अनुसार सकल आधार पर संविदा अवधि या जोखिम अवधि, जो भी उपयुक्त हो, में आय के रूप में दिखाया गया है। प्रीमियम में होने वाले अन्य अनुवर्ती संशोधन को शेष जोखिम अवधि या संविदा अवधि के प्रीमियम के रूप में दिखाया गया है। पॉलिसियों के रद्द होने से प्रीमियम आय में होने वाले समायोजनों को उस अवधि में दिखाया गया है जिसमें वह रद्द की गई है।

ख. बंद की गई पुनर्बीमा पर प्राप्त कमीशन को उस अवधि में आय के रूप में दिखाया गया है जिस अवधि में पुनर्बीमा जोखिम बंद की गई है। पुनर्बीमा संधियों के अंतर्गत लाभ कमीशन, जहाँ कहीं लागू हो, को लाभ के अंतिम निर्धारण वाले वर्ष में आय के रूप में दिखाया गया है, जिस प्रकार पुनर्बीमाककर्ता द्वारा सूचित किया गया है और उसे बंद की गई पुनर्बीमा पर प्राप्त कमीशन के साथ रखा गया है।

ग. बंद की गई आनुपातिक पुनर्बीमा पॉलिसी के संबंध में, बंद की गई पुनर्बीमा पॉलिसी की लागत जोखिम की शुरुआत होने के आधार पर उपचित हुई है। गैर-आनुपातिक पुनर्बीमा लागत को देय होने के समय दिखाया गया है। गैर-आनुपातिक पुनर्बीमा लागत को पुनर्बीमा व्यवस्थाओं के अनुसार हिसाब में लिया गया है। अन्य कोई अनुवर्ती संशोधन होने पर, प्रीमियमों को वापस या निरस्त करने को उस अवधि में दिखाया गया है जिसमें वह देय होता है।

घ. पुनर्बीमा प्राप्य स्वीकृतियों को बीमाकर्ताओं से वापस प्राप्त मात्रा में हिसाब में लिया गया है।

ङ. अधिग्रहण लागतें जैसे कमीशन, पॉलिसी निर्गम व्यय आदि ऐसी लागतें हैं जो मुख्य रूप से नए एवं नवीकरण व्यवसाय संविदाओं के अधिग्रहण से संबंधित हैं और उस अवधि में व्यय की गई हैं जिसमें वे उपस्थित हुई हैं। अधिग्रहण लागत निर्धारण मुख्यतया लागतों और बीमा संविदाओं के निष्पादन (अर्थात जोखिम की शुरुआत) के आधार पर किया जाता है।

च. दावे को नुकसान होने की सूचना प्राप्त होने पर उपलब्ध सूचना और विगत अनुभव के आधार पर प्रबंधन द्वारा यथा अनुमानित देय दावा राशि के लिए प्रावधान करके हिसाब में लिया जाता है। ऐसे प्रावधान की अतिरिक्त सूचना, जब कभी भी उपलब्ध होती है, के आधार पर यथा उपयुक्त समीक्षा/में संशोधन किया जाता है। तुलनपत्र को देय बकाया दावों से संबंधित प्रावधान में से पुनर्बीमा, अवशिष्ट मूल्य और प्रबंधन द्वारा अनुमानित अन्य वसूलियों को घटाया गया है।

छ. दावा संबंधी देयताएं जो किसी लेखा वर्ष जिनके लिए उपचित हो गई हैं परंतु

- जिसे लेखा अवधि की समाप्ति से पूर्व सूचित या दावा नहीं किया गया है (आईबीएनआर) या
- पर्याप्त रूप से सूचित नहीं की गई है, (अर्थात इस टिप्पणी के साथ सूचित की गई है कि संभावित दावा राशि का एक उचित अनुमान लगाने के लिए सूचना अपर्याप्त के साथ सूचित की गई है (आईबीएनआर), से संबंधित प्रावधान वह राशि है जो आईआरडीए की सहमति से भारतीय बीमांकिक सोसायटी द्वारा जारी मार्गदर्शी टिप्पणियों और इस संबंध में आईआरडीए द्वारा जारी अन्य निर्देशों के अनुसार बीमांकिक सिद्धांतों के आधार पर नियुक्त बीमांकनकर्ता/परामर्शी बीमांकनकर्ता द्वारा निर्धारित की गई है।

अभिरक्षा एवं निधि लेखांकन सेवाएं :

आय का निर्धारण उस सीमा तक किया गया है कि कंपनी को आर्थिक लाभ प्राप्त होने की संभावना है और इस आय का विश्वासपूर्वक मापन किया जा सकेगा।

पेंशन निधि परिचालन :

प्रबंधन शुल्क को कंपनी और एनपीएस न्यासियों के बीच हुए निवेश प्रबंधन करार (आईएमए) के अनुसार तैयार की गई संबद्ध योजनाओं में प्रत्येक योजना की दैनिक निवल आस्तियों के आधार पर शामिल किया गया है। यह पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण द्वारा जारी विनियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप है। कंपनी सेवा कर को घटाकर लेखों में आय प्रस्तुत करती है।

न्यासी परिचालन :

म्यूचुअल फंड ट्रस्टीशिप फीस का निर्धारण संबंधित योजनाओं के लिए सहमत की गई विशिष्ट दरों पर किया गया है और प्रत्येक योजना की औसत दैनिक निवल आस्तियों के आधार पर लागू की गई है (अंतर योजना निवेश, स्थायी जमाराशियों में निवेश, आस्ति प्रबंधन कंपनी द्वारा किए गए निवेश और आस्थगित राजस्व व्यय, जहाँ कहीं लागू हो, को छोड़कर), तथा सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियम, 1996 के अंतर्गत निर्दिष्ट की गई सीमाओं के अनुरूप है।

कॉरपोरेट ट्रस्टीशिप एक्सेप्टेंस फीस का निर्धारण ट्रस्टीशिप असाइनमेंट की स्वीकृति या के निष्पादन, जो भी पहले हो, पर किया गया है। कॉरपोरेट ट्रस्टीशिप सेवा प्रभार ग्राहकों के साथ हुए ट्रस्टीशिप संविदाओं/ करारों के अनुसार निर्धारित/प्रोद्भूत किए गए हैं।

आधारिक संरचना और सुविधा प्रबंधन :

जब कभी भी सेवाएं प्रदान की जाती हैं, परियोजना प्रबंधन, सुविधा प्रबंधन और रखरखाव संविदाओं से प्राप्त आय को संविदा की अवधि के दौरान यथानुपात आधार पर हिसाब में लिया जाता है।

2. निवेश:

सभी प्रतिभूतियों में लेन-देन को "निपटान तिथि"(सेटलमेंट डेट) पर दर्ज किया गया है ।

2.1 वर्गीकरण

भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देश के अनुसार निवेशों को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है अर्थात् "परिपक्वता तक धारित (एच टी एम)", "विक्रय के लिए उपलब्ध (ए एफ एस)" और "व्यवसाय के लिए धारित" (एच एफ टी)

2.2 वर्गीकरण का आधार:

i. निवेश जिन्हें बैंक परिपक्वता तक रखना चाहता है, को "परिपक्वता तक धारित(एच टी एम)" रूप में वर्गीकृत किया गया है।

ii. निवेश जिन्हें क्रय तिथि से 90 दिनों के भीतर सिद्धांततः पुनर्विक्रय हेतु रखा गया है, को "व्यवसाय के लिए रखे गए (एचएफटी)" के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

iii. निवेश जिन्हें उपर्युक्त दो श्रेणियों में वर्गीकृत नहीं किया गया है, को "विक्रय के लिए उपलब्ध (एएफएस)" के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

iv. किसी निवेश को इसके क्रय के समय "परिपक्वता तक धारित", "विक्रय के लिए उपलब्ध" या "व्यवसाय के लिए रखे गए" के रूप में वर्गीकृत किया गया है और तत्पश्चात विनियामक दिशा-निर्देशों के अनुरूप श्रेणियों में रखा गया है।

2.3 मूल्यांकन:

क. बैंकिंग व्यवसाय :

i. किसी निवेश की अधिग्रहण-लागत का निर्धारण करने में:

(क) अभिदानों पर प्राप्त दलाली/कमीशन को लागत में से घटा दिया गया है।

(ख) निवेश के अधिग्रहण के संबंध में प्रदत्त दलाली, कमीशन, प्रतिभूति लेन-देन कर (एस टी टी) आदि को उसी समय व्यय कर दिया गया है और इन्हें लागत में शामिल नहीं किया गया है।

(ग) ऋण लिखतों पर खंडित अवधि के लिए प्रदत्त/प्राप्त ब्याज को ब्याज व्यय/ आय माना गया है और इन्हें लागत/विक्रय-प्रतिफल में शामिल नहीं किया गया है।

(घ) लागत का निर्धारण, "विक्रय के लिए उपलब्ध" एवं "व्यवसाय के लिए रखे गए" श्रेणी के तहत निवेश हेतु धारित औसत लागत प्रणाली के अनुसार एवं 'परिपक्वता तक धारित' श्रेणी के लिए फिफो (फर्स्ट इन फर्स्ट आउट) आधार पर किया गया है।

ii. प्रतिभूतियों को एचएफटी/एएफएस श्रेणी से एचटीएम श्रेणी में अंतरण, अंतरण की तिथि पर अधिग्रहण लागत/बही मूल्य/बाजार मूल्य, इन तीनों में से न्यूनतम के आधार किया जाता है और ऐसे अंतरण पर हुआ मूल्यह्रास, यदि कोई हो तो उस हेतु पूर्णतया प्रावधान किया गया है। परंतु एचटीएम श्रेणी से एएफएस श्रेणी में अंतरण अधिग्रहण लागत/बही मूल्य किया गया है। अंतरण के बाद इन प्रतिभूतियों का तुरंत पुनर्मूल्यांकन किया गया है एवं किसी भी प्रकार के मूल्यह्रास के लिए प्रावधान किया गया है ।

iii. ट्रेजरी बिलों और वाणिज्यिक पत्रों का मूल्यांकन रखाव लागत आधार पर किया गया है।

iv. "परिपक्वता तक धारित" श्रेणीः क) "परिपक्वता तक धारितड श्रेणी के निवेशों को अधिग्रहण लागत पर लेखे में लिया गया है जब तक कि उसका मूल्य अंकित मूल्य से अधिक न हो, जिसमें प्रीमियम को बची हुई परिपक्वता अवधि के लिए नियत आय आधार पर परिशोधित किया गया है। ऐसे प्रीमियम के परिशोधन को "निवेश पर ब्याज" शीर्ष के अन्तर्गत आय के सापेक्ष समायोजित किया गया है। अस्थाई से इतर प्रत्येक निवेश के लिए अलग-अलग, कमी की पूर्ति के लिए प्रावधान किया गया है । क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में निवेश का मूल्यन आईसीएआई के एएस 23 के अनुसार निर्धारित इक्विटी लागत पर किया गया है।

v. विक्रय के लिए उपलब्ध तथा व्यवसाय के लिए धारित श्रेणियाँः एएफएस एवं एचएफटी श्रेणियों के तहत रखे गए निवेशों का पुनर्मूल्यन विनियामक दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्धारित बाजार मूल्य या उचित मूल्य के अनुसार किया गया है और प्रत्येक श्रेणी से सम्बद्ध प्रत्येक समूह जैसे (i) (सरकारी प्रतिभूतियाँ) (ii) (अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियाँ) (iii) (शेयर) (iv) (बांड एवं ऋणपत्र) (v) (अनुषंगी एवं संयुक्त उद्यम) और (vi) अन्य के सिर्फ निवल मूल्यह्रास का प्रावधान किया गया है और निवल मूल्यवृद्धि को लेखे में नहीं लिया गया है। मूल्यह्रास का प्रावधान होने पर प्रत्येक प्रतिभूति का बही मूल्य बाजार के बही-मूल्य के अनुसार अंकन के पश्चात अपरिवर्तित रहा है ।

vi. प्रतिभूति रसीद जारी करने के बदले प्रतिभूतिकरण कंपनी/आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी को अनर्जक आस्तियां (वित्तीय आस्तियां) बेचे जाने के मामले में प्रतिभूति रसीद में निवेश को i) वित्तीय आस्ति के निवल बही मूल्य (बही मूल्य मे से प्रावधान घटा कर) ii) प्रतिभूति के मोचन, दोनों में जो भी कम हो, मान्य किया जाता है । आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी द्वारा जारी प्रतिभूति रसीदों के मूल्य को नॉन एस एल आर के लिए लागू दिशा निर्देशों के अनुसार मूल्यांकन किया जाता है । तदनुसार, जिन मामलों में आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी द्वारा जारी प्रतिभूति रसीदों का परिशोधन तत्सम्बद्ध योजना के लिखतों के लिए आबंटित वित्तीय आस्तियों की वास्तविक वसूली के अनुसार किया गया है, उन मामलों में निवल आस्ति मूल्य, आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी से प्राप्त, की गणना ऐसे निवेश के मूल्यन के लिए की गई है।

vii. देशीय कार्यालयों के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के तथा विदेश स्थित कार्यालयों के संबंध म उस देश के विनियामकों के दिशा-निर्देशों के आधार पर निवेश को अर्जक और अनर्जक श्रेणियों में विभाजित किया गया है। देशीय कार्यालयों के निवेश निम्नलिखित स्थितियों में अनर्जक हो जाते हैं:

क) ब्याज/किस्त (परिपक्वता राशि सहित) देय है और 90 दिनों से अधिक अवधि के लिए बकाया है।

ख) इक्विटी शेयरों के संबंध में, जहाँ अद्यतन तुलनपत्र की अनुपलब्धता के कारण शेयरों को ₹1/- प्रति कंपनी मूल्य प्रदान किया गया है - ऐसे इक्विटी शेयरों को अनर्जक निवेश माना जाएगा।

ग) यदि इकाई द्वारा ली गई कोई ऋण-सुविधा बैंक-बही में अनर्जक आस्ति हो गई हो, तो ऐसी स्थिति में उसी इकाई द्वारा जारी किसी भी प्रतिभूति में निवेश को और जारीकर्ता द्वारा निवेश को अनर्जक निवेश माना जाएगा।

घ) उपर्युक्त, आवश्यक परिवर्तनों के साथ उन अधिमानी शेयरों पर भी लागू होगा जहाँ नियत लाभांश का भुगतान नहीं किया गया है।

ङ) ऐसे डिबेंचरों/बांडों में निवेश जो अग्रिम प्रकृति के माने गए हैं, उन पर भी अनर्जक निवेश के वही मानदंड लागू होंगे जो निवेश पर लागू होते हैं।

च) विदेश स्थित कार्यालयों के मामले में अनर्जक निवेश हेतु प्रावधान, स्थानीय विनियमों अथवा भारतीय रिज़र्व बैंक के मानदंडों जो अधिक सख्त हो, के अनुसार किया गया है।

viii. **रेपो/रिवर्स रेपो लेनदेन (भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के अधीन लेनदेन के अलावा) का लेखाकरण:**

क) रेपो/रिवर्स रेपो के अधीन विक्रय/क्रय की गई प्रतिभूतियों को संपार्श्विक ऋण लेन-देन के रूप में लेखांकित किया गया है। तथापि एकमुश्त विक्रय/क्रय लेनदेन मामलों की तरह प्रतिभूतियों को अंतरित किया गया है एवं इस तरह के अंतरणों को रेपो/रिवर्स रेपो खातों एवं दुतरफा प्रविष्टियों का उपयोग करते हुए दर्शाया गया है। इन प्रविष्टियों को परिपक्वता की तिथि को प्रतिवर्तित किया गया है। लागत एवं आय को यथास्थिति ब्याज व्यय/आय के रूप में लेखे में लिया गया है। रेपो खाते की शेष राशि को अनुसूची - 4 (उधार लेना) एवं रिवर्स रेपो खाते की शेष राशि को अनुसूची-7 (बैंकों में शेष तथा माँग एवं अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि) के तहत श्रेणीबद्ध किया गया है

ख) चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के अधीन भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ क्रय/विक्रय की गई प्रतिभूतियों पर व्यय/अर्जित किया गया ब्याज को व्यय/आय के रूप में लेखे में लिया गया है।

ix. बाजार पुनःखरीद और रिवर्स पुनःखरीद लेनदेनों के साथ-साथ चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के अधीन आरबीआई के साथ किए गए लेनदेनों को आरबीआई के विद्यमान अनुदेशों के अनुसार उधार लेने और ऋण देने संबंधी लेनदेनों के रूप में लेखे में लिया गया है।

ख. बीमा व्यवसाय :

जीवन और साधारण बीमा अनुषंगियों के मामले में, निवेश बीमा अधिनियम, 1938, आईआरडीए (निवेश) विनियम, 2016, कंपनी की निवेश नीति और समय-समय पर आईआरडीए द्वारा यथा निर्गमित विभिन्न अन्य परिपत्रों/अधिसूचनाओं के अनुसार किए गए हैं।

(i) गैर-संबद्ध बीमा व्यवसाय और साधारण बीमा व्यवसाय से संबंधित निवेश का मूल्यांकन :-

- सरकारी प्रतिभूतियों सहित सभी ऋण प्रतिभूतियों का अवधिगत लागत के आधार पर परिशोधन के अध्यधीन उल्लेख किया गया है।
- सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों का तुलनपत्र की तारीख को उचित मूल्य पर आकलन किया गया है। उचित मूल्य का निर्धारण करने के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) या बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, मुंबई (बीएसई) पर बाजार बंद होने के समय उद्धृत आखिरी मूल्य में से निचले मूल्य को शामिल किया जाता है।
- असूचीबद्ध इक्विटी प्रतिभूतियों का आंकन अवधिगत लागत आधार पर किया जाता है।
- प्रतिभूति उधार देने और उधार लेने के मामले में, उधार दिए गए इक्विटी शेयरों का मूल्यांकन यथा उल्लिखित इक्विटी शेयरों की मूल्यांकन पद्धति के अनुसार किया जाता है।
- आईआरडीए द्वारा यथा निर्दिष्ट "इक्विटी" के तहत वर्गीकृत अतिरिक्त टियर-1 (बेसल III अनुपालक) बेमीयादी बॉण्ड का मूल्यांकन क्रिसिल से प्राप्त मूल्य के आधार पर किया जाता है।
- म्यूचुअल फंड यूनिटों में निवेश का जीवन बीमा में पिछले दिन के निवल आस्ति मूल्य (एनएवी) पर और साधारण बीमा में तुलनपत्र की तारीख को मूल्यांकन किया जाता है।
- वैकल्पिक निवेश निधियों के निवेश का मूल्यांकन नवीनतम उपलब्ध एनएवी के आधार पर किया जाता है।

शेयरधारकों के निवेशों और गैर-संबद्ध पॉलिसी धारकों के निवेशों के संबंध में सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों और म्यूचुअल फंड यूनिटों के उचित मूल्य में परिवर्तन के कारण होने वाले अवसूल लाभ या हानियां "आय और अन्य आरक्षितियां (अनुसूची 2)" में और "बीमा व्यवसाय में पॉलिसी धारकों से संबंधित देयताएं (अनुसूची 5)" क्रमशः तुलनपत्र में लिए गए हैं।

(ii) संबद्ध व्यवसाय से संबंधित निवेश का मूल्यांकन :-

- एक वर्ष से अधिक की शेष परिपक्वता अवधि वाली सरकारी प्रतिभूतियों का मूल्यांकन क्रेडिट रेटिंग इन्फॉर्मेशन सर्विसेज ऑफ इंडिया लिमिटेड (क्रिसिल) से प्राप्त मूल्यों पर किया जाता है सिवा भारत सरकार के स्क्रिपों के जिनका मूल्यांकन निर्धारित आय मुद्रा बाजार और व्युत्पन्न (डेरीवेटिव) संघ (एफआईएमएमडीए) से प्राप्त मूल्यों पर किया जाता है। एक वर्ष से अधिक की शेष परिपक्वता अवधि वाली सरकारी प्रतिभूतियों को छोड़कर अन्य ऋण प्रतिभूतियों का मूल्यांकन क्रिसिल बांड वैल्युअर के आधार पर किया जाता है। एक वर्ष या उससे कम की शेष परिपक्वता अवधि वाली सरकारी और अन्य ऋण प्रतिभूतियों की अपरिशोधित और औसत लागत को प्रतिभूतियों की शेष अवधि के लिए परिशोधित किया जाता है। ऐसे मूल्यांकन से होने वाले अवसूल लाभ या हानियों को लाभ एवं हानि खाते में शामिल किया गया है।
- सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों का तुलनपत्र की तारीख को उचित मूल्य पर आकलन किया जाता है। उचित मूल्य का निर्धारण करने के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) के बाजार बंद होने के समय के आखिरी उद्धृत मूल्य का उपयोग किया जाता है। एनएसई में सूचीबद्ध न किए गए इक्विटी शेयरों का मूल्यांकन बीएसई के बाजार बंद होने के समय के आखिरी उद्धृत मूल्य पर किया गया है।
- असूचीबद्ध इक्विटी प्रतिभूतियों का आंकन अवधिगत लागत आधार पर किया जाता है।
- प्रतिभूति उधार देने और उधार लेने के मामले में, उधार दिए गए इक्विटी शेयरों का मूल्यांकन इक्विटी शेयरों की मूल्यन नीति के अनुसार किया जाता है, जैसा ऊपर उल्लेख किया गया है।

- आईआरडीए द्वारा यथा निर्दिष्ट "इक्विटी" के तहत वर्गीकृत अतिरिक्त टियर-1 (बेसल-3 अनुपालक) बेमीयादी बॉण्ड का मूल्यांकन क्रिसिल से प्राप्त मूल्य के आधार पर किया जाता है।
- म्यूचुअल फंड यूनिटों में किए गए निवेशों का मूल्यांकन पिछले दिन के निवल आस्ति मूल्य (एनएवी) पर किया जाता है।
- इक्विटी शेयरों और म्यूचुअल फंड यूनिटों के उचित मूल्य में परिवर्तनों के कारण होने वाले अवसूल लाभों या हानियों को लाभ एवं हानि खाते में दिखाया जाता है।

3. ऋण/अग्रिम और उन पर प्रावधान:

3.1 भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के आधार पर ऋणों और अग्रिमों का वर्गीकरण अर्जक और अनर्जक ऋणों और अग्रिमों के रूप में किया गया है। ऋण आस्तियाँ उन मामलों में अनर्जक बन जाती हैं, जहाँ:

i. सावधि ऋण के संबंध में, ब्याज और/अथवा मूलधन की किस्त 90 दिनों से अधिक अवधि के लिए अतिदेय रहती है

ii. ओवरड्राफ्ट या नकद-ऋण अग्रिम के संबंध में खाता "असंगत" ("आउट ऑफ आर्डर)" रहता है, अर्थात् यदि बकाया शेष राशि निरन्तर 90 दिनों की अवधि के लिए संस्वीकृत सीमा / आहरण अधिकार से अधिक हो जाती है, या तुलनपत्र की तिथि को निरन्तर 90 दिनों तक कोई राशि जमा नहीं है अथवा ये जमाराशियाँ उसी अवधि के दौरान देय ब्याज का भुगतान करने के लिए अपर्याप्त हैं;

iii. क्रय किए गए/बट्टाकृत बिलों के संबंध में, बिल 90 दिनों की अवधि से अधिक अतिदेय रहते हैं;

iv. कृषि अग्रिमों के संबंध में जब (अ) अल्पावधि फसलों के लिए जहाँ मूलधन की किस्त या ब्याज दो फसल- ऋतुओं के लिए अतिदेय रहते हैं एवं (ब) दीर्घावधि फसलों के लिए कृषि अग्रिमों के संबंध में, जहाँ मूलधन या ब्याज एक फसल-ऋतु के लिए अतिदेय रहते हैं।

3.2 अनर्जक अग्रिमों को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर अवमानक, संदिग्ध और हानिप्रद आस्तियों में वर्गीकृत किया गया है:

i. अवमानक : कोई ऋण आस्ति, जो 12 महीनों या उससे कम अवधि के लिए अनर्जक रह गई है

ii. संदिग्ध : कोई ऋण आस्ति, जो 12 महीनों की अवधि के लिए अवमानक वर्ग में रही है।

iii. हानिप्रद : कोई ऋण आस्ति, जिसमें हानि की जानकारी हो गई है किन्तु उस राशि को पूर्णतया बट्टे खाते में नहीं डाला गया है।

3.3 अनर्जक आस्तियों के लिए प्रावधान विनियामक प्राधिकरणों द्वारा निर्धारित वर्तमान दिशा - निर्देशों के अनुसार किए गए हैं और ये निम्नलिखित न्यूनतम प्रावधान मानदंड के अधीन किए गए हैं :

अवमानक आस्तियाँ :	i.	कुल बकाया पर 15% का सामान्य प्रावधान
	ii.	ऋण जोखिमों, जो प्रारंभ से ही अप्रतिभूत हैं, के लिए 10% का अतिरिक्त प्रावधान (जहाँ प्रतिभूति का वसूली - मूल्य प्रारंभ से ही 10% से अधिक नहीं है)
	iii.	इन्फ्रास्ट्रक्चर अग्रिम खातों , जहाँ कुछ बचाव उपाय, जैसे एस्क्रो खाते आदि उपलब्ध है, से सम्बंधित प्रतिभूति-रहित ?ण जोखिम - 20%
संदिग्ध आस्तियाँ		
- प्रतिभूत भाग	i.	एक वर्ष तक - 25%
	ii.	एक से तीन वर्ष तक - 40%
	iii.	तीन वर्ष से अधिक - 100%
- अप्रतिभूत भाग		100%
हानिप्रद आस्तियाँ :		100%

3.4 विदेश स्थित कार्यालयों के संबंध में, ऋण एवं अग्रिमों का वर्गीकरण एवं अनर्जक अग्रिमों के लिए प्रावधान, स्थानीय विनियमों अथवा भारतीय रिज़र्व बैंक के मानदंडों में जो अधिक सख्त हो, के अनुसार किया गया है।

3.5 अग्रिमों में से विशिष्ट ऋण पर किए गए हानिप्रद प्रावधानों, अप्राप्त ब्याज, भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम (ईसीजीसी) के प्राप्त दावों और बट्टाकृत बिलों को घटा दिया गया है।

3.6 पुनर्संरचनागत/पुनः निर्धारित आस्तियों के लिए प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार किए गए हैं, जिसके अनुरूप पुनर्संरचना के पहले एवं बाद में हुए ऋण/अग्रिम के उचित मूल्य का अंतर प्रावधान के तौर पर संबंधित ऋण/अग्रिम के लिए व्यवस्था की जाती है। उपरोक्त मामलों में अंकित मूल्य का एवं त्याग किए गए ब्याज के लिए यदि कोई अतिरिक्त प्रावधान किया जाता है तो वह राशि अग्रिम से घटा दी जाती है ।

3.7 अनर्जक आस्तियों के रूप में वर्गीकृत ऋण खातों के मामले में, विनियामकों द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप होने पर ही किसी खाते को अर्जक खाते के रूप में पुनर्वर्गीकृत किया जा सकता है।

3.8 पूर्ववर्ती वर्षों में बट्टे खाते में डाले गए ऋणों के सापेक्ष वसूली गई राशि का निर्धारण वसूल किए गए वर्ष में आय के रूप में किया गया है।

3.9 अनर्जक आस्तियों पर विशिष्ट प्रावधान के अतिरिक्त मानक आस्तियों के लिए सामान्य प्रावधान भी किए गए है। ये प्रावधान तुलनपत्र की अनुसूची 5 के ठअन्य देयताएँ और प्रावधान - अन्यड शीर्ष के अन्तर्गत प्रदर्शित हैं एवं निवल अनर्जक आस्तियों का निर्णय करने के लिए इनको संज्ञान में नहीं लिया जाता है।

3.10 बैंक के विद्यमान अनुदेशों के अनुसार देय मूलराशि या ब्याज से संबंधित एनपीए की हुई वसूलियों का समायोजन (संबंधित ऋणी को संस्वीकृत अतिरिक्त/नई ऋण सुविधाओं में से नहीं) निम्नलिखित प्राथमिकताओं के अनुसार किया जाता है:

क. प्रभार
ख. वसूल नहीं हुआ ब्याज/ब्याज
ग. मूल राशि

4. अस्थिर प्रावधान:

बैंक में अग्रिमों, निवेश तथा सामान्य प्रयोजनों हेतु पृथक रूप से अस्थायी प्रावधानों के सृजन एवं उपयोग हेतु एक नीति है। सृजन किए जाने वाले इन अस्थायी प्रावधानों की मात्रा का निर्धारण वित्तीय वर्ष के अंत में किया जाता है। इन अस्थायी प्रावधानों का उपयोग भारतीय रिज़र्व बैंक की पूर्व अनुमति से नीति में निर्धारित असाधारण परिस्थितियों के अधीन सिर्फ आकस्मिकताओं के लिए ही किया जाएगा.

5. देशवार ऋण-जोखिम के लिए प्रावधान:

आस्ति वर्गीकरण की स्थिति के अनुरूप किए गए विशिष्ट प्रावधानों के अतिरिक्त पृथक देशवार ऋण जोखिम (निजी देश के अलावा) के लिए प्रावधान बनाए गए है। इन देशों का वर्गीकरण सात जोखिम श्रेणियों यथा - नगण्य, कम, सामान्य, अधिक, अत्यधिक, प्रतिबंधित एवं ऋण में शामिल न होने वाले वर्गों में किया गया है तथा यह प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक के वर्तमान दिशा-निर्देशों के अनुसार किया गया है। यदि प्रत्येक देश से संबंधित बैंक का देशवार ऋण जोखिम (निवल) कुल निधिक आस्तियों के 1% से अधिक नहीं होता है, तो ऐसे देशवार ऋण जोखिम पर कोई प्रावधान नहीं रखा जाता है। यह प्रावधान तुलनपत्र की अनुसूची 5 के "अन्य देयताएं और प्रावधान - अन्य" शीर्ष के अंतर्गत दर्शाया गया है।

6. डेरीवेटिव्स:

6.1 बैंक तुलनपत्र की/तुलनपत्र इतर आस्तियों और देयताओं के लिए बचाव-व्यवस्था करने या इनके क्रय-विक्रय के प्रयोजन से डेरीवेटिव्स संविदाएं जैसे विदेशी मुद्रा विकल्प, ब्याज दर अदला-बदली, मुद्रा अदला-बदली, परस्पर मुद्रा ब्याज दर अदला-बदली और वायदा दर करार निष्पादित करता है। तुलनपत्र की आस्तियों और देयताओं के लिए बचाव-व्यवस्था करने के प्रयोजन से निष्पादित की जाने वाली विनिमय संविदाएं इस प्रकार तैयार की जाती हैं कि तुलनपत्र की अंतर्निहित मदों का प्रभाव प्रतिकूल और प्रति संतुलनकारी हो. इन डेरीवेटिव लिखतों का प्रभाव अंतर्निहित आस्तियों के क्रय-विक्रय पर निर्भर करता है और इसे बचाव-व्यवस्था लेखाकरण सिद्धांतों के अनुसार लेखे में लिया जाता है ।

6.2 बचाव संविदाओं के रूप में वर्गीकृत डेरीवेटिव संविदाओं को प्रोद्भवन आधार पर अंकित किया गया है। बचाव संविदाओं की गणना तब तक बाजार के बही मूल्य के अनुसार नहीं की जाती जब तक कि अंतर्निहित आस्तियाँ/देयताएं बाजार के बही मूल्य के अनुसार अंकित न की गई हों।

6.3 उपर्युक्त के सिवाय, सभी अन्य डेरीवेटिव संविदाएं उद्योग में प्रचलित सामान्यतया मान्य लेखाकरण सिद्धांतों के अनुसार बाजार के बही मूल्य के अनुसार अंकित की गई है। बाजार के बही मूल्य के अनुसार अंकित डेरीवेटिव संविदाओं के संबंध में बाजार मूल्य में परिवर्तन, परिवर्तन की अवधि में लाभ और हानि खाते में शामिल किए गए है। डेरीवेटिव संविदाओं के अंतर्गत प्राप्य राशि, जो 90 दिनों से अधिक अतिदेय है, को लाभ और हानि खाते से ठउचंत खाता कुल प्राप्यड में प्रतिवर्तित किया गया है। ऐसे मामलों में जहां डेरिवेटिव संविदाएं भविष्य में और अधिक निपटान के अवसर प्रदान करती है और यदि ये डेरिवेटिव संविदा के अतिदेय प्राप्य 90 दिनों से अधिक समय तक अदत्त रहने के कारण समाप्त न हो गया हो तो भावी आगमों से संबंधित सकारात्मक एम टी एम को भी लाभ और हानि खाते से ठउचंत खाता सकारात्मक एम टी एमठ में प्रतिवर्तित किया जाता है .

6.4 संदत्त या प्राप्त ऑप्शन प्रीमियम को ऑप्शन अवधि की समाप्ति पर लाभ और हानि खाते में अंकित किया गया है। विक्रय किए गए ऑप्शनों पर प्राप्त प्रीमियम और क्रय किए गए ऑप्शनों पर संदत्त प्रीमियम की शेष राशि का फॉरेक्स ओवर द काउंटर ऑप्शनों के लिए बाजार मूल्य पर परिकलन करके बही में शामिल किया गया है।

6.5 सौदों के उद्देश्य से बाजार (एक्सचेंज) में क्रय-विक्रय किए जाने वाले डेरीवेटिवों में किए गए निवेश को बाजार द्वारा दिए गए प्रचलित बाजार दरों के अनुसार मूल्यांकित किया गया है और परिणामी लाभ तथा हानि को लाभ और हानि खाते में दर्शाया गया है।

7. अचल आस्तियाँ मूल्यह्रास और परिशोधन:

7.1 अचल आस्तियों का संचित मूल्यह्रास / परिशोधन से कम लागत पर अंकन किया गया है।

7.2 लागत में क्रय लागत तथा समस्त व्यय, जैसे कि स्थान की तैयारी, संस्थापन लागतें और आस्ति पर उसका उपयोग करने से पूर्व वहन की गई व्यवसाय शुल्क शामिल है। उपयोग की गई आस्तियों पर वहन किए गए अनुवर्ती व्यय / व्ययों को केवल तभी पूंजीकृत किया गया है, जब ये व्यय इन आस्तियों से होने वाले भावी लाभ को या इन आस्तियों की व्यावहारिक क्षमता को बढ़ाते हैं।

7.3 इन देशी परिचालनों के संबंध में मूल्यह्रास की दरें और मूल्यह्रास प्रभारित करने की पद्धति का विवरण निम्नानुसार है :

क्रम सं.	अचल आस्तियों का विवरण	मूल्यह्रास प्रभारित करने की पद्धति	मूल्यह्रास/परिशोधन दर
1	कंप्यूटर	सीधी कटौती पद्धति	33.33% प्रति वर्ष
2	कंप्यूटर सॉफ्टवेयर जो कंप्यूटर हार्डवेयर का अभिन्न अंग है	सीधी कटौती पद्धति	33.33% प्रति वर्ष
3	कंप्यूटर सॉफ्टवेयर जो कंप्यूटर हार्डवेयर का अभिन्न अंग नहीं है और सॉफ्टवेयर विकसित करने का खर्च	सीधी कटौती पद्धति	33.33% प्रति वर्ष
4	ऑटोमेटेड टैलर मशीन/ कैश डिपॉजिट मशीन/क्वाइन डिस्पेंसर/ क्वाइन वेंडिंग मशीन	सीधी कटौती पद्धति	20.00% प्रति वर्ष
5	सर्वर	सीधी कटौती पद्धति	25.00% प्रति वर्ष
6	नेटवर्क उपकरण	सीधी कटौती पद्धति	20.00% प्रति वर्ष
7	अन्य अचल आस्तियां	सीधी कटौती पद्धति	आस्ति अनुमानित उपयोगी जीवन के आधार पर। परिसर - 60 वर्ष वहान - 5 वर्ष सुरक्षित जमा - 20 वर्ष फ़र्नीचर व फिक्सचर - 10 वर्ष

7.4 वर्ष के दौरान देशीय परिचालनों से प्राप्त आस्तियों के संबंध में मूल्यह्रास वर्ष में आस्ति का उपयोग करने के दिनों के अनुपात के आधार पर प्रभारित किया गया है।

7.5 आस्तियाँ जिनमें से प्रत्येक का मूल्य ₹1000/- से कम हो उन्हें क्रय वर्ष में ही बट्टे खाते में डाल दिया गया है।

7.6 पट्टाकृत परिसरों से सम्बद्ध पट्टा प्रीमियम, यदि हो तो, को पट्टा अवधि पर परिशोधित किया गया है और पट्टा किराये को उसी वर्ष प्रभारित किया गया है।

7.7 बैंक द्वारा 31 मार्च 2001, को या उससे पूर्व पट्टे पर दी गई आस्तियों के संबंध में पट्टे पर दी गई आस्तियों के मूल्य को पट्टाकृत आस्तियों के रूप में अचल आस्तियों के अंतर्गत दर्शाया गया है और वार्षिक पट्टा शुल्क (पूंजी-वसूली) एवं मूल्यह्रास के अंतर को पट्टा समानीकरण लेखे में लिया गया है।

7.8 विदेश स्थित कार्यालयों में धारित अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास का प्रावधान संबंधित देशों के स्थानीय विनियमों/मानदंडों के अनुसार किया गया है।

7.9 बैंक पुनर्मूल्यांकन के लिए केवल अचल आस्तियों पर ही विचार करता है। पिछले तीन वर्षों के दौरान अधिग्रहित की गई संपत्तियों का पुनर्मूल्यांकन नहीं किया गया है। उसके बाद पुनर्मूल्यांकन नहीं की गई संपत्तियों का मूल्यांकन प्रत्येक तीन वर्ष में किया जाता है।

7.10 पुनर्मूल्यांकन के कारण आस्ति के निवल बही मूल्य में वृद्धि को लाभ एवं हानि विवरण में लिए बिना पुनर्मूल्यांकन आरक्षिती खाते में जमा किया जाता है।

7.11 पुनर्मूल्यांकित आस्तियों पर मूल्यह्रास पुनर्मूल्यांकन के समय यथा मूल्यांकित आस्ति के शेष उपयोगी जीवन के अनुसार किया जाता है।

8. पट्टे:

आस्ति वर्गीकरण और अग्रिमों के लिए लागू प्रावधानीकरण मानदंड, जैसाकि उपरोक्त पैरा 3 में दिया गया है, वित्तीय पट्टों पर भी लागू है।

9. आस्तियों की अपसामान्यता

जब कभी घटनाएँ अथवा स्थितियों में परिवर्तन यह संकेत देते हैं कि किसी आस्ति की रखाव राशि की वसूली संदिग्ध है, तो ऐसी स्थिति में अचल आस्तियों की अपसामान्यता हेतु समीक्षा की जाती है। धारित और प्रयोग की जाने वाली आस्ति की वसूली हो पाएगी या नहीं इसे मापने के लिए आस्ति के रखाव राशि की तुलना आस्ति द्वारा अपेक्षित भविष्यगत निवल बट्टाकृत नकदी प्रवाह से तुलना करके ज्ञात की जाती है। यदि ऐसी आस्तियों को अपसामान्यता के योग्य पाया जाता है तो अपसामान्यता का माप-अभिज्ञान उस अधिक राशि के आधार पर किया जाता है जो आस्ति के रखाव राशि और उसके उचित मूल्य के बीच का अंतर है।

10. विदेशी मुद्रा विनिमय दर में उतार-चढ़ाव का प्रभाव:

10.1 विदेशी मुद्रा लेन - देन

i. विदेशी मुद्रा लेन-देन को लेन - देन की तिथि को सूचित मुद्रा एवं विदेशी मुद्रा के बीच विनिमय दर की विदेशी मुद्रा राशि के प्रयोग द्वारा सूचित मुद्रा में प्रारंभिक निर्धारण पर दर्ज किया गया है।

ii. विदेशी मुद्रा मौद्रिक मदों की सूचना भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ (एफईडीएआई) द्वारा अधिसूचित अंतिम (तत्काल/वायदा) दरों का प्रयोग तुलन पत्र की तिथि को कर दी गई है तथा परिणामी लाभ/हानि खाते में शामिल किया गया है। आकस्मिक देयताएं हाजिर दर पर परिवर्तित कर दिया गया है।

iii. विदेशी मुद्रा गैर मौद्रिक मदों, जो अवधिगत लागत के आधार पर ली गई हैं, की सूचना लेन-देन की तिथि को प्रचलित मुद्रा विनिमय दरों का प्रयोग करके दी गई है।

iv. विदेशी मुद्रा में मूल्यांकित आकस्मिक देयताओं की सूचना एफईडीएआई की अंतिम तत्काल दर का प्रयोग करके दी गई है।

v. व्यवसाय के लिए रखी गई बकाया तत्काल विदेशी मुद्रा विनिमय तथा वायदा संविदाओं को इनकी निर्धारित परिपक्वता के लिए एफईडीएआई द्वारा अधिसूचित मुद्रा विनिमय दरों पर पुनर्मूल्यांकित किया गया है और परिणामी लाभ या हानि को लाभ और हानि खाते में शामिल किया गया है।

vi. विदेशी मुद्रा वायदा संविदाओं, जो व्यवसाय के लिए अपेक्षित नहीं हैं और तुलनपत्र की तिथि को बकाया हैं, का अंतिम तत्काल दर पर पुनः मूल्यांकन किया गया है। ऐसी वायदा विनिमय संविदा के प्रारंभ से उद्भूत प्रीमियम या बट्टे को संविदा की परिपक्वता अवधि के व्यय या आय के रूप में परिशोधित किया गया है।

vii. मौद्रिक मदों के निर्धारण से उद्भूत विनिमय अंतर राशियों को उन दरों, जो दरे आरंभ से दर्ज की गई थीं, से भिन्न दरों पर उस अवधि, जिसमें ये दरें उद्भूत हुई हैं, की आय या व्यय के रूप में निर्धारित किया गया है।

viii. मुद्रा वायदा व्यापार में विदेशी मुद्रा दरों की आरंभिक स्थिति में हुए परिवतनों के कारण हुए लाभ/हानि को विदेशी मुद्रा समाशोधन गृह से प्रतिदिन निर्धारित किया जाता है और इस लाभ/हानि को लाभ और हानि खाते में शामिल किया गया है।

10.2 विदेशी परिचालन:

बैंक की विदेश स्थित शाखाओं और समुद्रपारीय बैंकिंग इकाइयों (ओ बी यू) को असमाकलित परिचालनों के रूप में वर्गीकृत किया गया है और प्रतिनिधि कार्यालयों को समाकलित परिचालनों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

क. असमाकलित परिचालन:

i. असमाकलित विदेशी परिचालनों की दोनों मौद्रिक और गैर-मौद्रिक विदेशी मुद्रा आस्तियों एवं देयताओं तथा आकस्मिक देयताओं को तुलनपत्र तिथि को एफईडीएआई द्वारा अधिसूचित अंतिम विनिमय दरों पर रूपांतरित किया गया है।

ii. असमाकलित विदेशी परिचालनों की आय एवं व्यय को तिमाही की औसत एफईडीएआई द्वारा अधिसूचित अंतिम दर पर परिवर्तित किया गया है।

iii. निवल निवेश का निपटान होने तक असमाकलित विदेशी परिचालनों से उद्भूत विनिमय अंतर-राशियों का संचयन विदेशी मुद्रा रूपांतरण आरक्षिती में किया गया है ।

iv. विदेशी कार्यालयों की आस्तियां और देयताएं (विदेश स्थित कार्यालयों की स्थानीय मुद्रा के अलावा) तुलनपत्र की तिथि लागू हाजिर दर का प्रयोग करते हुए स्थानीय मुद्रा में परिवर्तित किया गया है।

ख. समाकलन परिचालन:

i. विदेशी मुद्रा लेन - देन को लेन - देन की तिथि की सूचित मुद्रा और विदेशी मुद्रा में विनिमय दर पर विदेशी मुद्रा राशि के प्रयोग द्वारा सूचित मुद्रा में आरंभिक अभिज्ञान पर दर्ज किया गया है।

ii. समाकलित विदेशी परिचालनों की मौद्रिक विदेशी मुद्रा आस्तियों और देयताओं को तुलनपत्र की तिथि को एफईडीएआई द्वारा अधिसूचित अंतिम विनिमय दरों पर रूपांतरित किया गया है और परिणामी लाभ/हानि को लाभ और हानि खाते में शामिल किया गया है। आकस्मिक देयताएं हाजिर दर पर रूपांतरित किया गया है।

iii. अवधिगत लागत के अनुरूप अग्रेनित विदेशी मुद्रा गैर-मौद्रिक मदों की सूचना लेनदेन की तिथि को प्रचलित विनिमय दर का प्रयोग करके दी गई है।

11. कर्मचारी हितलाभ:

11.1 अल्पावधि कर्मचारी हितलाभ:

अल्पावधि कर्मचारी हितलाभ यथा चिकित्सा हितलाभ, जिसको कर्मचारियों द्वारा प्रदत्त सेवा के विनिमय में प्रदान किया जाना अपेक्षित है, कर्मचारियों द्वारा प्रदत्त सेवा अवधि के दौरान शामिल किया गया है।

11.2 दीर्घावधि कर्मचारी हितलाभ:

i. नियत हितलाभ योजना

क. बैंक एक भविष्य निधि योजना का परिचालन करता है, बैंक की भविष्य निधि योजना के अंतर्गत सभी पात्र कर्मचारी यह हितलाभ प्राप्त करने के हकदार है। बैंक निर्धारित दर पर (वर्तमान समय में कर्मचारियों के मूल वेतन एवं पात्र-भत्ते का 10%) मासिक अंशदान करता है। इन अंशदान को, इस उद्देश्य के लिए स्थापित न्यास को प्रेषित कर दिया जाता है तथा इसे लाभ और हानि खाते में प्रभारित किया गया है। बैंक इस प्रकार के वार्षिक अंशदानों और उस पर ब्याज को संबंधित वर्ष के संदर्भ में व्यय मानता है। यदि कोई कमी हो तो बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर उसका प्रावधान किया जाता है।

ख. बैंक, ग्रेच्युटी और पेंशन जैसी नियत हितलाभ योजनाएँ परिचालित करता है।

ग. बैंक सभी पात्र कर्मचारियों को ग्रेच्युटी प्रदान करता है। यह हितलाभ कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्ति या नौकरी के दौरान या मृत्यु हो जाने या नौकरी की समाप्ति पर एकमुश्त राशि के भुगतान के रूप में प्रदान किया जाता है। यह राशि बैंक की सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए देय 15 दिनों के मूलवेतन के समतुल्य राशि या 10 लाख रुपए की अधिकतम राशि होती है। यह हितलाभ सेवा के पांच वर्ष पूरे होने पर ही प्राप्त होता है। बैंक इस राशि का आवधिक अंशदान, वार्षिक स्वतंत्र बाह्य बीमांकिक मूल्यन के आधार पर न्यासियों द्वारा नियंत्रित निधि में करता है।

घ. बैंक सभी पात्र कर्मचारियों को पेंशन प्रदान करता है। यह हितलाभ नियमानुसार मासिक भुगतान के रूप में प्रदान किया जाता है और यह भुगतान कर्मचारियों को नियमानुसार उनकी सेवानिवृत्ति, नौकरी के दौरान मृत्यु होने या नौकरी की समाप्ति पर किया जाता है। निहितीकरण नियमों के अनुसार विभिन्न चरणों में सम्पन्न होता है । बैंक एसबीआई पेंशन फंड नियमों के अनुसार पेंशन निधि में वेतन के 10% का मासिक अंशदान करता है। पेंशन-देयता की गणना वार्षिक स्वतंत्र बीमांकिक मूल्यन के आधार पर की जाती है एवं बैंक आवश्यक होने पर पेंशन विनियम के अंतर्गत हितलाभों के भुगतान को सुनिश्चित करने के लिए इस निधि में अतिरिक्त अंशदान आवधिक आधार पर करता है।

ङ नियत हितलाभ-प्रावधान-लागत को प्रत्येक तुलनपत्र की तिथि पर अग्रेनित बीमांकिक मूल्यन के आधार पर अनुमानित यूनिट ऋण पद्धति के प्रयोग से निर्धारित किया गया है। बीमांकिक लाभ/हानि को लाभ और हानि में तुरन्त शामिल कर दिया गया है और उन्हें स्थगित नहीं किया गया है।

ii. नियत अंशदान योजनाएँ:

बैंक ने 01 अगस्त 2010 को या उसके बाद बैंक में नियुक्त अधिकारियों / कर्मचारियों के लिए एक नई पेंशन योजना लागू की है , जो एक नियत अंशदान योजना है एवं नये कर्मचारी बैंक की वर्तमान पेंशन योजना के सदस्य बनने के पात्र नहीं है। इस योजना के तहत आने वाल कर्मचारी, अपने मूल वेतन एवं महंगाई भत्ते के 10% की राशि को अंशदान के रूप में जमा करेंगे एवं इतनी ही राशि बैंक अपनी ओर से देगा। संबन्धित कर्मचारी की पंजीकरण

प्रक्रिया पूरी होने तक इन अंशदानों को बैंक में जमा रखा जाएगा एवं इस जमा पर किसी चालू भविष्य निधि खाते के समकक्ष ब्याज दिया जाएगा. बैंक इन अंशदानों एवं इन पर दिए जाने वाले ब्याज को सम्बंधित वर्ष के खर्च के रूप में परिगणित करता है। स्थायी सेवानिवृति खाता संख्या की प्राप्ति पर समेकित अंशदान राशि को एनपीएस न्यास में अंतरित कर दिया जाता है।

iii. कर्मचारियों के अन्य दीर्घावधि हितलाभ:

क) बैंक का प्रत्येक कर्मचारी प्रतिपूरित अनुपस्थिति, रजत जयंती सम्मान और अवकाश यात्रा -रियायत, सेवानिवृत्ति लाभ और पुनर्वासन भत्ते का पात्र होता है। इस प्रकार की दीर्घावधि कर्मचारी हितलाभ की लागत के लिए निधि बैंक द्वारा आंतरिक स्रोत से उपलब्ध कराई जाती है।

ख) अन्य दीर्घावधि हितलाभ के प्रावधान की लागत का निर्धारण प्रत्येक तुलनपत्र की तिथि को बीमांकिक मूल्यन की अनुमानित यूनिट ऋण पद्धति के प्रयोग से किया गया है। पूर्ववर्ती सेवा लागत को लाभ और हानि में तुरन्त शामिल कर दिया गया है और उन्हें स्थगित नहीं किया गया है।

11.3 विदेश स्थित कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों के कर्मचारी हितों को सम्बंधित देशों के स्थानीय विधियों / विनियमों के अनुसार मूल्यांकित एवं लेखांकित किया गया है।

12. आय पर कर:

समूह द्वारा भुगतान की गई वर्तमान कर तथा आस्थगित कर प्रभार की कुल राशि आय कर व्यय होता है। चालू वर्ष के कर तथा आस्थगित कर का निर्धारण आकार अधिनियम 1961 तथा लेखा मानक 22, जो आय पर कर के लेखा से संबन्धित है, ऐसा कराते समय विदेश स्थित कार्यालयों द्वारा संबंधित देशों के कर नियमों के अनुसार भुगतान किए गए कर को भी शामिल किया जाता है। आस्थगित कर समायोजनों में वर्ष के दौरान आस्थगित कर आस्तियों या देयताओं में हुए परिवर्तन भी समाविष्ट है। आस्थगित कर-आस्तियों और देयताओं का आकलन वर्तमान वर्ष के कर योग्य आय और लेखा आय तथा अग्रेनित हानि के बीच के अवधिगत विभेद के प्रभाव पर विचार करते हुए किया गया है।

आस्थगित कर आस्तियां और देयताएं को कर दर और कर नियमों द्वारा आंका जाता है जिसे तुलन-पत्र के दिन या उसके बाद अधिनियमन किया गया हो। आस्थगित कर आस्तियों और देयताओं में हुए परिवर्तन का प्रभाव लाभ और हानि खाते में प्रकट किया गया है। आस्थगित कर आस्तियों का अभिज्ञान प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर प्रबंधन के विवेक के आधार पर किया जाता है कि क्या उनकी वसूली होने की संभावना है/होना निश्चित है।

समेकित वित्तीय विवरण में आय कर भुगतान मूल कंपनी और इसकी अनुषंगियों/संयुक्त उद्यमों के अलग वित्तीय विवरणों में उनके लागू नियमों के अनुसार दिखाई गई कर भुगतान की कुल राशियां है।

13. प्रति शेयर आय:

13.1 बैंक आईसीएआई द्वारा जारी लेखा मानक - 20 "प्रति शेयर आय" के अनुसार प्रति शेयर 'मूल और कम हुई आय की रिपोर्ट करता है। प्रति शेयर मूल आय की गणना इक्विटी शेयर धारकों को प्राप्य उस वर्ष के करोपरांत निवल लाभ को उस वर्ष के लिए शेष इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या से विभाजित करके की जाती है।

13.2 कम की हुई प्रति शेयर आय यह प्रदर्शित करती है कि यदि प्रतिभूतियों अथवा अन्य संविदाओं को वर्ष के दौरान जारी करने या संपरिवर्तित करने का विकल्प लिया गया तो शेयर मूल्यों में कितनी कमी आएगी. कम की हुई प्रति शेयर आय की गणना इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या और कम संभावना इक्विटी शेयरों के बीच तुलना करके की जाती है।

14. प्रावधान, आकस्मिक देयताओं और आकस्मिक आस्तियां:

14.1 भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान के लेखा मानक 29 के अनुसार जारी "प्रावधान, आकस्मिक देयताएँ और आकस्मिक आस्तियाँ" में बैंक पिछले परिणाम से उद्भूत वर्तमान दायित्व होने पर ही प्रावधान शामिल करता है, संसाधनों के संभावित बहिर्गमन का परिणाम के फलस्वरूप दायित्व के निपटान आर्थिक लाभ के समाविष्ट पर, इस दायित्व राशि का विश्वस्त प्राक्कलन किया जा सकता है।

14.2 निम्नलिखित के लिए किसी प्रावधान का समावेश नहीं किया गया है ;

i. पिछले परिणाम से उद्भूत किसी सम्भावित दायित्व के लिए और बैंक के नियंत्रण से बाहर होने वाले एक या अधिक अनिश्चित भावी परिणामों की प्राप्ति या अप्राप्ति से जिसकी पुष्टि की जा सकेगी, अथवा

ii. किसी वर्तमान दायित्व के लिए, जो पिछले परिणामों से उद्भूत है, किन्तु उसे अभिज्ञान में नहीं लिया गया है, क्योंकि :-

क) यह संभव नहीं है कि दायित्व के निर्धारण में आर्थिक लाभों को समाविष्ट करने वाले संसाधनों का बहिर्गमन आवश्यक होगा, अथवा

ख) दायित्व राशि का विश्वस्त प्राक्कलन नहीं किया जा सकता.

ऐसे दायित्वों को आकस्मिक देयताओं के रूप में दर्ज किया गया है। इन दायित्वों का नियमित अंतरालों पर मूल्यांकन किया जाता है और ऐसे दायित्व के केवल उस अंश का, जिसके आर्थिक लाभों को समाविष्ट करने वाले संसाधनों के बहिर्गमन की संभावना है, नितान्त दुर्लभ परिस्थितियों, जिनमें कोई विश्वस्त प्राक्कलन नहीं किया जा सकता, के अलावा प्रावधान किया गया है।

14.3 बैंक के डेबिट कार्ड धारकों को दिये जाने वाले रिवार्ड पॉइंट्स के लिए प्रावधान बीमांकक के आकलन के अनुसार किया जा रहा है।

14.4 आकस्मिक आस्तियों को वित्तीय विवरणों में शामिल नहीं किया गया है।

15. सर्राफा लेनदेन:

बैंक अपने ग्राहकों को बेचने के लिए परेषण आधार पर बहुमूल्य धातु बारों समेत सर्राफा का आयात करता है। ये आयात सामान्यता दुतरफा आधार पर होते है एवं ग्राहकों के लिए इनकी कीमत आपूर्तिकर्ता के द्वारा मांगी गई कीमत के आधार पर तय होते हैं। बैंक इस तरह के सर्राफा लेनदेन पर कुछ फीस की आय करता है। इस फीस की गणना कमीशन आय के अंतर्गत होती है। बैंक खुदरा ग्राहकों को भी सर्राफा बेचता है। बैंक सोना जमा लेता है एवं उधार भी देता है, जिसे जमा/अग्रिम (जो भी हो) माना जाता है। इसमें भुगतान किए गए/प्राप्त ब्याज को ब्याज व्यय/आय के रूप में श्रेणीबद्ध किया जाता है। स्वर्ण जमाओं, धातु ऋण अग्रिमों और अंतिम स्वर्ण शेषों का मूल्यांकन तुलनपत्र की तिथि को उपलब्ध बाजार दर के आधार पर किया गया है।

16. विशेष आरक्षित निधि:

राजस्व एवं अन्य निधियों में आयकर अधिनियम 1961 की धारा 36 (i) (viii) के अंतर्गत सृजित विशेष आरक्षित निधि भी शामिल है। बैंक के निदेशक मंडल ने एक संकल्प पारित कर इस आरक्षित निधि के सृजन को अनुमोदन प्रदान किया है और यह भी पुष्टि की है कि उसका इस विशेष आरक्षित निधि से आहरण करने का कोई उद्देश्य नहीं है।

17. शेयर जारी करने का व्यय:

शेयर जारी करने के व्यय शेयर प्रीमियम खाते में खर्च के रूप में दिखाये गए हैं।

अनुसूची 18 (समेकित) लेखा-टिप्पणियाँ

1. उन अनुषंगियों/संयुक्त उद्यमों/सहयोगियों की सूची जिन्हें शामिल करके समेकित वित्तीय विवरण तैयार किए गए हैं:

1.1 समेकित विवरण तैयार करते समय निम्नांकित 32 अनुषंगियां, 9 संयुक्त उद्यम और 20 सहयोगियों (मूल संस्था भारतीय स्टेट बैंक के साथ समूह में सम्मिलित) को शामिल किया गया है, जिसमें 18 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सम्मिलित है:

क) अनुषंगियां

क्र. सं.	अनुषंगी का नाम	निगमन-देश	समूह का हिस्सा (%) चालू वर्ष	पिछला वर्ष
1)	स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर	भारत	75.07	75.07
2)	स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद	भारत	100.00	100.00
3)	स्टेट बैंक ऑफ मैसूर	भारत	90.00	90.00
4)	स्टेट बैंक ऑफ पटियाला	भारत	100.00	100.00
5)	स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर	भारत	79.09	79.09
6)	एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड	भारत	100.00	100.00
7)	एसबीआई कैप सिक्युरिटीज लिमिटेड	भारत	100.00	100.00
8)	एसबीआई कैप ट्रस्टी कंपनी लि.	भारत	100.00	100.00
9)	एसबीआई कैप वेंचर्स लि.	भारत	100.00	100.00
10)	एसबीआई कैप (सिंगापुर) लि.	सिंगापुर	100.00	100.00
11)	एसबीआई कैप (यूके) लि.	यू.के.	100.00	100.00
12)	एसबीआई डीएफएचआई लि.	भारत	71.58	71.58
13)	एसबीआई ग्लोबल फैक्टर्स लि.	भारत	86.18	86.18
14)	एसबीआई इंफ्रा मैनेजमेंट सॉल्यूशन्स प्रा. लि.	भारत	100.00	-
15)	एसबीआई म्यूचुअल फंड ट्रस्टी कंपनी प्रा. लि.	भारत	100.00	100.00
16)	एसबीआई पेमेंट सर्विसेज प्रा. लि.	भारत	100.00	100.00
17)	एसबीआई पेंशन फंड्स प्रा. लि.	भारत	92.60	92.60
18)	एसबीआई कार्ड्स एण्ड पेमेंट सर्विसेज प्रा. लि.@	भारत	60.00	60.00
19)	एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि.@	भारत	74.00	74.00
20)	एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. @	भारत	70.10	74.00
21)	एसबीआई-एसजी ग्लोबल सिक्युरिटीज सर्विसेज प्रा. लि. @	भारत	65.00	65.00

क्र. सं.	अनुषंगी का नाम	निगमन-देश	समूह का हिस्सा (%) चालू वर्ष	पिछला वर्ष
22)	एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट प्रा. लि.@	भारत	63.00	63.00
23)	एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट (इंटरनेशनल) प्रा. लि.@	मॉरीशस	63.00	63.00
24)	कॉमर्शियल इंडो बैंक एलएलसी, मॉस्को@	रूस	60.00	60.00
25)	बैंक एसबीआई बोत्सवाना लिमिटेड	बोत्सवाना	100.00	100.00
26)	एसबीआई कनाड़ा बैंक	कनाड़ा	100.00	100.00
27)	स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कैलिफोर्निया)	यूएसए	100.00	100.00
28)	स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सर्विकोस लिमिटाडा	ब्राजिल	100.00	100.00
29)	एसबीआई (मॉरीशस) लि.	मॉरीशस	96.60	96.60
30)	पीटी बैंक एसबीआई इंडोनेशिया	इंडोनेशिया	99.00	99.00
31)	नेपाल एसबीआई बैंक लि.	नेपाल	55.00	55.10
32)	नेपाल एसबीआई मर्चेण्ट बैंकिंग लिमिटेड	नेपाल	55.00	-

@ ऐसी कंपनियां जो शेयरधारक करार के अनुसार संयुक्त नियंत्रण वाली इकाइयां हैं। फिर भी ये वित्तीय विवरणों का समेकन से संबंधित एएस21 के अनुसार समेकित की गई हैं क्योंकि भारतीय स्टेट बैंक की इन कंपनियों में 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है।

ख) संयुक्त उद्यम :

क्र सं.	अनुषंगी का नाम	निगमन - देश	समूह का हिस्सा (%) चालू वर्ष	पिछला वर्ष
1)	सीएज टेक्नोलॉजीस लिमिटेड	भारत	49.00	49.00
2)	जीई कैपिटल बिजनेस प्रोसेस मैनेजमेंट सर्विसेस प्रा. लि.	भारत	40.00	40.00
3)	एसबीआई मैक्वेरी इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट प्रा. लि.	भारत	45.00	45.00
4)	एसबीआई मैक्वेरी इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्टी प्रा. लि.	भारत	45.00	45.00
5)	मैक्वेरी एसबीआई इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट प्रा. लि.	सिंगापुर	45.00	45.00
6)	मैक्वेरी एसबीआई इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्टी प्रा. लि.	बेरमुडा	45.00	45.00
7)	ओमान इंडिया जाइंट इंवेस्टमेंट फंड - मैनेजमेंट कंपनी प्रा. लि.	भारत	50.00	50.00
8)	ओमान इंडिया जाइंट इंवेस्टमेंट फंड - ट्रस्टी कंपनी प्रा. लि.	भारत	50.00	50.00
9)	जियो पेमेंट्स बैंक लि.	भारत	30.00	-

ग) सहयोगी

क्र सं.	अनुषंगी का नाम	निगमन - देश	समूह का हिस्सा (%) चालू वर्ष	पिछला वर्ष
1.	आंध्र प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक	भारत	35.00	35.00
2.	अरुणांचल प्रदेश रूरल बैंक	भारत	35.00	35.00
3.	छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
4.	इलाकाई देहाती बैंक	भारत	35.00	35.00
5.	लंगपी देहांती रूरल बैंक	भारत	35.00	35.00
6.	मध्यांचल ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
7.	मेघालय रूरल बैंक	भारत	35.00	35.00

क्र सं.	अनुषंगी का नाम		समूह का हिस्सा (%)	
		पिछला वर्ष	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
8.	मिजोरम रूरल बैंक	भारत	35.00	35.00
9.	नागालैंड रूरल बैंक	भारत	35.00	35.00
10.	पूर्वांचल बैंक	भारत	35.00	35.00
11.	सौराष्ट्र ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
12.	उत्कल ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
13.	उत्तराखंड ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
14.	वनांचल ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
15.	राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक	भारत	26.27	26.27
16.	तेलंगाना ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
17.	कावेरी ग्रामीण बैंक	भारत	31.50	31.50
18.	मालवा ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
19.	दि क्लियरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	भारत	24.42	24.42
20.	बैंक ऑफ भूटान लि.	भूटान	20.00	20.00

क. एसबीआई इनफ्रा मैनेजमेंट सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड 17 जून 2016 को एसबीआई की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी के रूप में निगमित किया गया। अगस्त 2016 मास के दौरान एसबीआई ने ₹10 करोड़ पूंजी के रूप में लगाए।

ख. जियो पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को 10 नवंबर 2016 से संयुक्त उद्यम के रूप में निगमित किया गया जिसमें एसबीआई और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड संयुक्त भागीदार है और क्रमशः 30% और 70% के हितधारक हैं। 31.03.2017 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान उक्त संयुक्त उद्यम में एसबीआई ने पंजी के रूप में ₹39.60 करोड़ का निवेश किया।

ग. दिसंबर 2016 के माह में, भारतीय स्टेट बैंक ने एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. (एसबीआई की एक सहयोगी संस्था) में अपने 3.90% हित को बेच दिया जिसके बाद एसबीआई का हित 74.00 प्रतिशत से घटकर 70.10% रह गया है।

घ. फरवरी 2017 के माह में, नेपाल एसबीआई बैंक लि., जो भारतीय स्टेट बैंक की एक विदेशी अनुषंगी है, ने अपने अनभिदत्त हिस्से से 67,767.87 अतिरिक्त शेयर आधे से कम के शेयरधारक को जारी किए और एसबीआई का हित 55.10% से घटकर 55.00% हो गया।

ङ. नेपाल एसबीआई बैंक लि. (जो भारतीय स्टेट बैंक की एक विदेशी अनुषंगी है) ने नेपाल एसबीआई मर्चेण्ट बैंकिंग लि. के नाम में एक पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी निगमित की है और उसमें एनपीआर 10 करोड़ लगाए। चूंकि एसबीआई का नेपाल एसबीआई बैंक लि. में 55% की हितधारिता है, इसलिए इसे नेपाल एसबीआई मर्चेण्ट बैंकिंग लि. के समेकन के लिए शामिल किया गया है।

च. एसबीआई फाउंडेशन, (एक अलाभकारी कंपनी) ने 26 जून 2015 से कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 7(2) के अंतर्गत एसबीआई की एक अनुषंगी के रूप में कार्य करना शुरू कर दिया है जिससे कि समूह के सीएसआर कार्यकलापों पर अलग से ध्यान दिया जा सके। चूंकि यह एक अलाभकारी कंपनी है, इसलिए समूह के समेकित वित्तीय विवरण तैयार करते समय समेकन हेतु एसबीआई फाउंडेशन पर विचार नहीं किया गया है।

छ. एसबीआई होम फाइनैंस लि. जो एक सहयोगी संस्था है, जिसमें भारतीय स्टेट बैंक का हित 25.05% है, परिसमापन के अधीन है, इसलिए लेखा मानक 21 के अनुसार समेकित वित्तीय विवरणों में इस पर विचार नहीं किया गया है।

1.2 समूह के वित्त वर्ष 2016-17 के समेकित वित्तीय विवरणों में एक अनुषंगी (एसबीआई कनाड़ा) बैंक और एक सहयोगी (बैंक ऑफ भूटान लि.) के अलेखापरीक्षित वित्तीय विवरण शामिल हैं, जिनके परिणाम ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है।

2. शेयर पूंजी

2.1 वर्ष के दौरान, एसबीआई ने भारत सरकार से ₹5,681 करोड़ (पिछले वर्ष ₹ 5,393 करोड़) की आवेदन राशि प्राप्त की है जिसमें शेयर प्रीमियम के रूप में ₹5,659.93 करोड़ (पिछले वर्ष ₹5,373.34 करोड़) शामिल है जो भारत सरकार को आबंटित प्रति ₹1 के 21,07,27,400 (पिछले वर्ष 19,65,59,390) इक्विटी शेयर के अधिमानी निर्गम के तहत प्राप्त हुई है। इक्विटी शेयरों का आबंटन 20 जनवरी 2017 को किया गया।

2.2 शेयर जारी करने से संबंधित खर्च ₹6.17 करोड़ (पिछले वर्ष ₹8.66 करोड़) शेयर प्रीमियम खाते में नामे किए गए)।

3. लेखा मानकों के अनुसार प्रकटीकरण

3.1 कर्मचारी - हितलाभ

3.1.1 नियत हितलाभ योजनाएं

3.1.1.1 कर्मचारी पेंशन योजनाएं और ग्रेच्युटी योजनाएं

निम्नतालिका में लेखा मानक 15 (संशोधित 2005) की अपेक्षानुसार नियत हितलाभ पेंशन योजना और ग्रेच्युटी योजना की स्थिति प्रदर्शित की गई है :

(₹ करोड़ में)

विवरण	पेंशन योजनाएँ		ग्रेच्युटी योजना	
	चालू वर्ष	पिछला वर्ष	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
नियत हितलाभ - दायित्व के वर्तमान मूल्य में परिवर्तन				
1 अप्रैल 2016 को प्रारंभिक नियत हितलाभ दायित्व	73,164.38	64,529.56	9,898.24	9,543.10
वर्तमान सेवा लागत	1,285.52	1,360.54	287.33	256.26
ब्याज लागत	5,834.23	5,276.63	766.59	778.43
पिछली सेवा लागत (निहित हित लाभ)	1,200.00	-	0.01	0.03
बीमांकिक हानियां/(लाभ)	8,106.01	6,909.53	263.87	652.16
प्रदत्त हितलाभ	(3,360.17)	(2,665.72)	(1,286.52)	(1,331.74)
एसबीआई द्वारा प्रत्यक्ष भुगतान	(2,359.84)	(2,246.16)	-	-
31 मार्च 2017 को अंतिम नियत हितलाभ दायित्व	**83,870.13**	**73,164.38**	**9,929.52**	**9,898.24**
योजना आस्तियों में परिवर्तन				
1 अप्रैल 2016 को योजना आस्तियों का आरंभिक उचित मूल्य	66,813.97	61,886.14	9,249.72	9,362.94
योजना आस्तियों पर प्रत्याशित प्रतिलाभ	5,522.97	5,341.46	755.56	798.31
नियोक्ताओं द्वारा अंशदान	7,817.68	2,322.17	876.22	383.63
कर्मचारी द्वारा अपेक्षित अंशदान	3.09	-	-	-
प्रदत्त हितलाभ	(3,360.17)	(2,665.72)	(1,286.52)	(1,331.74)
योजना आस्ति बीमांकिक लाभ/(हानियाँ)	2,505.66	(70.08)	268.79	36.58
31 मार्च 2017 को योजना आस्तियों के उचित मूल्य का इतिशेष	**79,303.20**	**66,813.97**	**9,863.77**	**9,249.72**
दायित्व के वर्तमान मूल्य तथा योजना आस्तियों के उचित मूल्य का समाधान				
31 मार्च 2017 को निधिक दायित्व का वर्तमान मूल्य	83,870.13	73,164.38	9,929.52	9,898.24
31 मार्च 2017 को योजना आस्तियों का उचित मूल्य	79,303.20	66,813.97	9,863.77	9,249.72
कमी/(अधिशेष)	4,566.93	6,350.41	65.75	648.52
लेखे में नहीं ली गई विगत सेवा लागत (निहित) इतिशेष	-	-	-	-
निवल देयता/(आस्ति)	**4,566.93**	**6,350.41**	**65.75**	**648.52**
तुलनपत्र में ली गई राशि				
देयताएँ	83,870.13	73,164.38	9,929.52	9,898.24
आस्तियाँ	79,303.20	66,813.97	9,863.77	9,249.72
तुलनपत्र में शामिल निवल देयता/(आस्ति)	4,566.93	6,350.41	65.75	648.52
शामिल नहीं की गई पिछली सेवा लागत (निहित) अंतिम शेष	-	-	-	-
निवल देयता/(आस्ति)	4,566.93	6,350.41	65.75	648.52
31	एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि.	भारत	हाँ	एएस 21 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	बीमा संयुक्त उद्यमः नियंत्रक द्वारा समेकन का विषय नहीं है
32	एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि.	भारत	हाँ	एएस 21 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	बीमा संयुक्त उद्यमः नियंत्रक द्वारा समेकन का विषय नहीं है
33	सी-एज टेक्नोलॉजीस लि.	भारत	हाँ	एएस 27 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	गैर-वित्तीय संयुक्त उद्यमः नियंत्रक द्वारा समेकन का विषय नहीं है
34	जीई कैपिटल बिजनेस प्रोसेस मैनेजमेंट सर्विसेज प्रा.लि.	भारत	हाँ	एएस 27 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	गैर-वित्तीय संयुक्त उद्यमः नियंत्रक द्वारा समेकन का विषय नहीं है
35	एसबीआई मैक्वेरी इन्फास्ट्रक्चर मैनेजमेंट प्रा. लि.	भारत	हाँ	एएस 27 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	संयुक्त उद्यम संस्थाः नियंत्रक द्वारा समेकन का विषय नहीं है
36	एसबीआई मैक्वेरी इन्फास्ट्रक्चर ट्रस्टी प्रा. लि.	भारत	हाँ	एएस 27 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	गैर-वित्तीय संयुक्त उद्यमः नियंत्रक द्वारा समेकन का विषय नहीं है
37	मैक्वेरी एसबीआई इन्फास्ट्रक्चर मैनेजमेंट प्रा. लि.	सिंगापुर	हाँ	एएस 27 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	संयुक्त उद्यमः नियंत्रक द्वारा समेकन का विषय नहीं है
38	मैक्वेरी एसबीआई इन्फास्ट्रक्चर ट्रस्टी प्रा. लि.	बरमुडा	हाँ	एएस 27 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	संयुक्त उद्यमः नियंत्रक द्वारा समेकन का विषय नहीं है
39	ओमान इंडिया जाइंट इन्वेस्टमेंट फंड - मैनेजमेंट कंपनी प्रा. लि.	भारत	हाँ	एएस 27 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	संयुक्त उद्यमः नियंत्रक द्वारा समेकन का विषय नहीं है

क्र.सं.	संस्था का नाम	देश जहाँ निगमन हुआ	क्या इकाई को समेकन लेखा में शामिल किया गया है (हाँ/नहीं)	समेकन की पद्धति	क्या इकाई को समेकित लेखा में विनियामक कार्यक्षेत्र में शामिल किया गया है (हाँ/नहीं)	समेकन की पद्धति	समेकन की पद्धति में अंतर का कारण	यदि समेकन के किसी एक विषय के आधार पर समेकन किया गया है, तो उसके कारण दें।
40	ओमान इंडिया जाइंट इन्वेस्टमेंट फंड - ट्रस्टी कंपनी प्रा. लि.	भारत	हाँ	एएस 27 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	संयुक्त उद्यमः नियंत्रक द्वारा समेकन का विषय नहीं है
41	जियो पेमेंट्स बैंक	भारत	हाँ	एएस 27 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	संयुक्त उद्यमः नियंत्रक द्वारा समेकन का विषय नहीं है
42	आंध्र प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक	भारत	हाँ	एएस 23 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	सहयोगी संस्थाः नियंत्रक द्वारा समेकन का विषय नहीं है
43	अरुणाचल प्रदेश रूरल बैंक	भारत	हाँ	एएस 23 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	सहयोगी संस्थाः नियंत्रक द्वारा समेकन का विषय नहीं है
44	छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक	भारत	हाँ	एएस 23 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	सहयोगी संस्थाः नियंत्रक द्वारा समेकन का विषय नहीं है
45	इलाकाई देहाती बैंक	भारत	हाँ	एएस 23 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	सहयोगी संस्थाः नियंत्रक द्वारा समेकन का विषय नहीं है
46	मेघालय रूरल बैंक	भारत	हाँ	एएस 23 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	सहयोगी संस्थाः नियंत्रक द्वारा समेकन का विषय नहीं है
47	लांग्पी देहाँगी रूरल बैंक	भारत	हाँ	एएस 23 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	सहयोगी संस्थाः नियंत्रक द्वारा समेकन का विषय नहीं है
48	मध्यांचल ग्रामीण बैंक	भारत	हाँ	एएस 23 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	सहयोगी संस्थाः नियंत्रक द्वारा समेकन का विषय नहीं है
49	मिज़ोरम रूरल बैंक	भारत	हाँ	एएस 23 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	सहयोगी संस्थाः नियंत्रक द्वारा समेकन का विषय नहीं है
50	नागालैंड रूरल बैंक	भारत	हाँ	एएस 23 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	सहयोगी संस्थाः नियंत्रक द्वारा समेकन का विषय नहीं है

क्र.सं.	संस्था का नाम	देश जहाँ निगमन हुआ	क्या इकाई को समेकन लेखा में शामिल किया गया है (हाँ/नहीं)	समेकन की पद्धति	क्या इकाई को समेकित लेखा में विनियामक कार्यक्षेत्र में शामिल किया गया है (हाँ/नहीं)	समेकन की पद्धति	समेकन की पद्धति में अंतर का कारण	यदि समेकन के किसी एक विषय के आधार पर समेकन किया गया है, तो उसके कारण दें।
51	पूर्वांचल बैंक	भारत	हाँ	एएस 23 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	सहयोगी संस्थाः नियंत्रक द्वारा समेकन का विषय नहीं है
52	उत्कल ग्रामीण बैंक	भारत	हाँ	एएस 23 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	सहयोगी संस्थाः नियंत्रक द्वारा समेकन का विषय नहीं है
53	उत्तराखंड ग्रामीण बैंक	भारत	हाँ	एएस 23 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	सहयोगी संस्थाः नियंत्रक द्वारा समेकन का विषय नहीं है
54	वनांचल ग्रामीण बैंक	भारत	हाँ	एएस 23 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	सहयोगी संस्थाः नियंत्रक द्वारा समेकन का विषय नहीं है
55	सौराष्ट्र ग्रामीण बैंक	भारत	हाँ	एएस 23 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	सहयोगी संस्थाः नियंत्रक द्वारा समेकन का विषय नहीं है
56	राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक	भारत	हाँ	एएस 23 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	सहयोगी संस्थाः नियंत्रक द्वारा समेकन का विषय नहीं है
57	तेलंगाना ग्रामीण बैंक	भारत	हाँ	एएस 23 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	सहयोगी संस्थाः नियंत्रक द्वारा समेकन का विषय नहीं है
58	कावेरी ग्रामीण बैंक	भारत	हाँ	एएस 23 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	सहयोगी संस्थाः नियंत्रक द्वारा समेकन का विषय नहीं है
59	मालवा ग्रामीण बैंक	भारत	हाँ	एएस 23 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	सहयोगी संस्थाः नियंत्रक द्वारा समेकन का विषय नहीं है
60	दि क्लियरिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया लि.	भारत	हाँ	एएस 23 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	सहयोगी संस्थाः नियंत्रक द्वारा समेकन का विषय नहीं है
61	बैंक ऑफ भूटान लि.	भूटान	हाँ	एएस 23 के अनुसार	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	सहयोगी संस्थाः नियंत्रक द्वारा समेकन का विषय नहीं है

ख. समूह की उन संस्थाओं की दिनांक 31.03.2017 की स्थिति के अनुसार सूची जिन्हें लेखा और नियंत्रक दोनों के समेकन में शामिल नहीं किया गया है

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	संस्था का नाम	देश जहाँ निगमन हुआ है	संस्था का प्रमुख कार्य-कलाप	कुल तुलन पत्र इक्विटी (जैसे विधिक संस्था के लेखा तुलन पत्र में उल्लिखित है)	कुल इक्विटी में बैंक की धारिता का %	संस्था के पूंजीगत लिखतों में बैंक के निवेशों को नियंत्रक द्वारा मान्यता	कुल तुलन पत्र आस्तियां (जैसे विधिक संस्था के लेखा तुलन पत्र में उल्लिखित है)
1	एसबीआई फाउंडेशन	भारत	एक अलाभकारी कंपनी जो कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यकलापों पर ध्यान दे सके।	14.02	98.90%	विनियामिक पूँजी से काटी गई	14.03
2	एसबीआई होम फाइनैंस लि.	भारत	परिसमापन अधीन	लागू नहीं	25.05%	पूर्ण प्रावधान उपलब्ध	लागू नहीं

(ii) मात्रात्मक प्रकटीकरण :

ग. नियंत्रक समेकन में शामिल समूह की संस्थाओं की दिनांक 31.03.2017 की स्थिति के अनुसार सूची

समेकन के नियंत्रक क्षेत्र में शामिल की गई समूह की संस्थाओं की सूची निम्नानुसार है:

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	संस्था का नाम	देश जहाँ निगमन हुआ	संस्था का प्रमुख कार्यकलाप	कुल तुलन पत्र इक्विटी (जैसे विधिक संस्था के लेखा तुलन पत्र में उल्लिखित है)	कुल तुलन पत्र आस्तियाँ (जैसे विधिक संस्था के लेखा तुलन पत्र में उल्लिखित है)
1	स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर	भारत	बैंकिंग सेवाएं	6,352.00	116,293.34
2	स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद	भारत	बैंकिंग सेवाएं	8,887.97	163,189.88
3	स्टेट बैंक ऑफ मैसूर	भारत	बैंकिंग सेवाएं	3,800.93	88,995.75
4	स्टेट बैंक ऑफ पटियाला	भारत	बैंकिंग सेवाएं	8,478.05	122,829.16
5	स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर	भारत	बैंकिंग सेवाएं	4,414.81	125,916.61
6	एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लि.	भारत	मर्चेंट बैंकिंग एवं सलाहकारी सेवाएं	1,156.90	1,243.09
7	एसबीआईकैप सिक्युरिटीज लि.	भारत	सिक्युरिटीज ब्रोकिंग और इसकी सहायक सेवाएं तथा वित्तीय उत्पादों का अन्य पक्ष को वितरण	142.04	280.55
8	एसबीआईकैप वेंचर्स लि.	भारत	आस्ति प्रबंधन कंपनी वेंचर फंड के लिए	44.85	46.44
9	एसबीआईकैप ट्रस्टी कंपनी लि.	भारत	कॉरपोरेट ट्रस्टीशिप कार्यकलाप	64.35	67.83
10	एसबीआईकैप (यूके) लि.	यू.के.	कॉरपोरेट वित्त व्यवस्था और सलाहकारी सेवाएं	8.37	8.49
11	एसबीआईकैप (सिंगापुर) लि.	सिंगापुर	व्यवसाय एवं प्रबंधन परामर्शी सेवाएं	58.74	59.34

क्र. सं.	संस्था का नाम	देश जहाँ निगमन हुआ	संस्था का प्रमुख कार्यकलाप	कुल तुलन पत्र इक्विटी (जैसे विधिक संस्था के लेखा तुलन पत्र में उल्लिखित है)	कुल तुलन पत्र आस्तियाँ (जैसे विधिक संस्था के लेखा तुलन पत्र में उल्लिखित है)
12	एसबीआई डीएफएचआई लि.	भारत	सरकारी प्रतिभूतियों में प्राथमिक डीलर	1,046.42	3,187.70
13	एसबीआई पेमेंट सर्विसेज प्रा. लि.	भारत	व्यापारी अभिग्रहण व्यवसाय से संबंधित सेवाएं	2.70	3.50
14	एसबीआई ग्लोबल फैक्टर्स लि.	भारत	फैक्टरिंग कार्यकलाप	323.82	920.40
15	एसबीआई पेन्शन फंड्स प्रा. लि.	भारत	एन पी एस ट्रस्ट की उन्हें आबंटित आस्तियों का प्रबंधन	35.11	35.92
16	एसबीआई एसजी ग्लोबल सिक्युरिटीज सर्विसेज लि.	भारत	कस्टोडियल सेवाएं और फंड अकाउंटिंग सेवाएं	99.42	104.78
17	एसबीआई म्यूचुअल फंड ट्रस्टी कंपनी प्रा. लि.	भारत	एसबीआई म्यूचुअल फंड द्वारा शुरू की गई योजनाओं के लिए ट्रस्टीशिप सेवाएं	23.20	23.22
18	एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट प्रा. लि.	भारत	एसबीआई म्यूचुअल फंड द्वारा शुरू की गई योजनाओं के लिए आस्ति प्रबंधन सेवाएं	770.98	985.05
19	एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट (इंटरनेशनल) प्राइवेट लि.	मारीशस	निवेश प्रबंधन सेवाएं	0.82	1.12
20	एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज प्रा. लि.	भारत	क्रेडिट कार्ड कारोबार	1,450.89	10,785.47
21	स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कैलिफोर्निया)	यूएसए	बैंकिंग सेवाएं	766.11	4,178.77
22	एसबीआई कनाडा बैंक	कनाडा	बैंकिंग सेवाएं	654.39	4,726.43
23	कॉमर्शियल इंडो बैंक एलएलसी, मॉस्को	रूस	बैंकिंग सेवाएं	269.28	734.87
24	एसबीआई (मारीशस) लि.	मारीशस	बैंकिंग सेवाएं	1,153.72	7,141.79
25	पीटी बैंक एसबीआई इंडोनेशिया	इंडोनेशिया	बैंकिंग सेवाएं	591.99	2,098.21
26	नेपाल एसबीआई बैंक लि.	नेपाल	बैंकिंग सेवाएं	504.79	6,009.01
27	नेपाल एसबीआई मर्चेण्ट बैंकिंग लि.	नेपाल	मर्चेण्ट बैंकिंग एवं सलाहकारी सेवाएं	6.46	6.56
28	बैंक एसबीआई बोत्सवाना लि.	बोत्सवाना	बैंकिंग सेवाएं	67.15	234.27
29	स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सर्विकोस लिमिटाडा	ब्राजिल	प्रतिनिधि कार्यालय सेवाएं	2.31	2.38

$ इक्विटी कैपिटल और रिजर्व तथा सरप्लस शामिल हैं

(घ) सभी अनुषंगियों में पूंजी की कमी की कुल राशि जो नियंत्रक समेकन क्षेत्र में शामिल नहीं हैं अर्थात जो घटा दी गई हैं:

अनुषंगी का नाम/उस देश का नाम जिसमें निगमन हुआ	संस्था का प्रमुख कार्यकलाप	कुल तुलन पत्र इक्विटी (जैसे विधिक संस्था के लेखा तुलन पत्र में उल्लिखित है)	कुल इक्विटी में बैंक की धारिता का %	पूंजी की कमी
निरंक				

(ङ) बीमा संस्थाओं में बैंक के उन कुल हितों की सकल राशि (अर्थात वर्तमान बही मूल्य) जो जोखिम-भारित हैं :

बीमा संस्था का नाम/उस देश का नाम जिसमें निगमन हुआ	संस्था का प्रमुख कार्यकलाप	कुल तुलन पत्र इक्विटी (जैसे विधिक संस्था के लेखा तुलन पत्र में उल्लिखित है)	कुल इक्विटी में बैंक की धारिता का %	पूर्ण कटौती पद्धति का उपयोग न करके जोखिम भार पद्धति का उपयोग करने पर नियंत्रक पूंजी पर मात्रात्मक प्रभाव
निरंक				

(च) बैंकिंग समूह के भीतर निधियों या नियंत्रक पूंजी के अंतरण में कोई प्रतिबंध या बाधा : निरंक

डीएफ-2 पूंजी पर्याप्तता

31.03.2017 की स्थिति के अनुसार

गुणात्मक प्रकटीकरण

(क) वर्तमान एवं भविष्य की गतिविधियों के लिए अपनी पूंजी पर्याप्तता की स्थिति के आकलन की बैंक की पद्धति का संक्षिप्त विवेचन

- भारतीय रिजर्व बैंक की नई पूंजी पर्याप्तता संरचना (एनसीएएफ) संबंधी दिशा-निर्देशों के अनुसार बैंक और उसकी बैंकिंग अनुषंगियां वार्षिक आधार पर आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आईसीएएपी) शुरू करती है। इस आईसीएएपी में पूंजी आयोजन प्रक्रिया का ब्योरा दिया जाता है और इसमें निम्नलिखित जोखिमों के मापन, निगरानी, आंतरिक नियंत्रण, रिपोर्टिंग, पूंजी अपेक्षा और तनाव परीक्षण शामिल करते हुए एक मूल्यांकन किया जाता है।

- जोखिम
- परिचालन जोखिम
- चलनिधि जोखिम
- अनुपालन जोखिम
- पेंशन निधि दायित्व जोखिम
- प्रतिष्ठा जोखिम
- ऋण जोखिम अल्पीकरण से छूट गए जोखिम
- निपटान जोखिम
- बाजार जोखिम
- ऋण केन्द्रीकरण जोखिम
- बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम
- देश जोखिम
- नव व्यवसाय जोखिम
- कार्यनीतिक जोखिम
- मॉडल जोखिम
- कन्टेजन जोखिम
- प्रतिभूतिकरण जोखिम

- अग्रिमों और भारतीय स्टेट बैंक एवं उसकी सहयोगी अनुषंगियों/ संयुक्त उद्यमों (देशीय एवं विदेशी) द्वारा अनुषंगियों/संयुक्त उद्यमों में निवेश की पूर्वानुमानित वृद्धि लागू होने से पड़ने वाले प्रभाव को ध्यान में रखते हुए और 3 से 5 वर्ष की मध्यावधि में पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) के उतार-चढ़ाव को ध्यान में रखते हुए वार्षिक रूप में अथवा आवश्यकता के अनुसार अस्थिरता विश्लेषण किया जाता है। यह विश्लेषण भारतीय स्टेट बैंक और भारतीय स्टेट बैंक समूह के लिए अलग-अलग किया जाता है।
- 3 से 5 वर्ष की मध्यावधि के दौरान बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) विनियामक द्वारा निर्धारित 9 प्रतिशत की पूंजी पर्याप्तता अनुपात से अधिक रहने का अनुमान है। तथापि, पर्याप्त पूंजी बनाए रखने की आवश्यकता पड़ने पर अपने पूंजीगत संसाधन बढ़ाने के लिए बैंक के पास विकल्प हैं। वह गौण ऋण और बेमीयादी ऋण लिखत के अतिरिक्त जब-जब जरूरत हो, इक्विटी जारी कर सकता है।
- विदेशी अनुषंगियों के लिए पूंजी की कार्यनीतिक योजना तैयार करने में आस्तियों की संवृद्धि के लिए पूंजी की आवश्यकता और विभिन्न स्थानीय विनियामक अपेक्षाओं और विवेकपूर्ण मानदंडों का पालन करते हेतु अपेक्षित पूंजी का निर्धारण किया जाता है। हर अनुषंगी की सीईटी-1/एटी-1 और श्रेणी-2 पूंजी जुटाने की क्षमता के बारे में संतुष्टि कर लेने के बाद मूल बैंक पूंजी बढ़ाने की योजना का अनुमोदन करता है, ताकि पूंजी का स्तर बढ़ाने के साथ-साथ पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) बनाए रखने में सहायता मिल सके।

मात्रात्मक प्रकटीकरण

(ख) ऋण जोखिम के लिए पूँजी की आवश्यकता

• मानक पद्धति के अनुसार पोर्टफोलियो	₹ 1,41,622.03 करोड़
• निवेश का प्रतिभूतिकरण	Nil
कुल	**₹ 1,41,622.03 करोड़**

(ग) बाजार जोखिम के लिए पूँजी की आवश्यकत

• (*मानक अवधि पद्धति)	
- ब्याज दर जोखिम	₹ 10,491.81 करोड़
-विदेशी मुद्रा जोखिम (जिसमें स्वर्ण शामिल है)	₹ 193.01करोड़
-इक्विटी जोखिम	₹ 3,643.74 करोड
कुल	**₹ 14,328.56 करोड़**

(घ) परिचालन जोखिम के लिए पूँजी की आवश्यकता

• मूल संकेतक पद्धति	₹ 16,432.65 करोड़
• मानक पद्धति (यदि लागू हो)	
कुल	**₹ 16,432.65 करोड़**

(ङ) साझा श्रेणी-1 पूँजी, श्रेणी 1 और कुल पूंजी अनुपातः

- शीर्ष मेकित समूह के लिए, तथा
- बैंक की महत्वपूर्ण अनुषंगियों के लिए (एकल या उप-समेकित जो इस पर निर्भर है कि मानदंड किस प्रकार लागू किए जाते हैं)

दिनांक 31.03.2017 को पूंजी पर्याप्तता अनुपात

	सीईटी 1 (%)	श्रेणी-1(%)	योग (%)
एसबीआई समूह	9.92	10.41	13.03
भारतीय स्टेट बैंक	9.82	10.35	13.11
स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर	7.23	7.37	9.25
स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद	8.63	9.23	11.73
स्टेट बैंक ऑफ मैसूर	6.10	8.09	12.41
स्टेट बैंक ऑफ पटियाला	7.34	9.03	12.43
स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर	8.04	9.94	12.19
एसबीआई (मारीशस) लि.	19.80	19.80	20.80
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कनाडा)	15.92	15.92	18.28
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (केलिफोर्निया)	17.02	17.02	18.08
कॉमर्शियल इंडो बैंक एलएलसी मॉस्को	43.03	43.03	43.03
बैंक एसबीआई इंडोनेशिया	35.81	35.81	36.70
नेपाल एसबीआई बैंक लि.	11.81	11.81	14.20
बैंक एसबीआई बोत्सवाना लि.	45.34	45.34	45.34

डीएफ-3 : ऋण जोखिम : सामान्य प्रकटीकरण

31.03.2017 की स्थिति के अनुसार

सामान्य प्रकटीकरण

गुणात्मक प्रकटीकरण

- **पिछले बकायों और ह्रासित आस्तियों की परिभाषा (लेखाकरण के उद्देश्य से)**

अनर्जक आस्तियां

कोई भी आस्ति ऐसी स्थिति में अनर्जक आस्ति बन जाती है जब वह बैंक के लिए आय अर्जित करना बंद कर देती है। दिनांक 31 मार्च 2006 से ऐसे अग्रिमों को अनर्जक आस्ति (एनपीए) माना जाता है, जहाँ :

i. किसी मीयादी ऋण के ब्याज तथा/अथवा मूलधन की किस्त 90 दिन से अधिक अवधि के लिए 'अतिदेय' रहती है;

ii. कोई ओवरड्राफ्ट/कैश क्रेडिट (ओडी/सीसी) खाता 90 दिन से अधिक अवधि के लिए 'अनियमित' रहता है

iii. खरीदे गए और भुनाए गए बिलों के मामले में बिल 90 दिन से अधिक अवधि के लिए 'अतिदेय' रहता है;

iv. अन्य प्रकार के खातों में प्राप्य राशि 90 दिन से अधिक अवधि के लिए 'अतिदेय' रहती है;

v. अल्प अवधि फसलों के लिए संस्वीकृत कोई ऋण तब एनपीए माना जाता है, जब मूलधन की किस्त या उस पर ब्याज दो फसली मौसमों के लिए अतिदेय रहता है। दीर्घावधि फसलों के लिए तब एनपीए माना जाता है, जब मूलधन की किस्त या उस पर ब्याज एक फसली मौसम के लिए अतिदेय रहता है; और

vi. कोई खाता तभी एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा, जब किसी तिमाही में लगाया गया ब्याज तिमाही की समाप्ति से 90 दिन के अंदर अदा न किया गया हो।

vii. चलनिधि सुविधा की राशि प्रतिभूतिकरण संबंधी दिनांक 1 फरवरी 2006 के आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार किए गए प्रतिभूतिकरण लेनदेनों के संबंध में 90 दिन से अधिक बकाया रहती हो।

viii. डेरीवेटिव्स लेनदेनों के संबंध में, डेरीवेटिव संविदा के बाजार मूल्य की अनुकूलता का प्रतिनिधित्व करने वाली अतिदेय प्राप्यराशियां भुगतान के लिए निर्दिष्ट देय तिथि से 90 दिन की अवधि के लिए अप्रदत्त रहती हो।

'अनियमित श्रेणी' स्थिति

कोई खाता उस स्थिति में 'अनियमित' माना जाता है जब उसमें बकाया राशि निरंतर संस्वीकृत सीमा/आहरण अधिकार से अधिक रहे।

यदि किसी मूल परिचालन खाते में बकाया राशि संस्वीकृत सीमा/आहरण अधिकार से कम हो, किन्तु बैंक के तुलन-पत्र की तिथि को निरंतर 90 दिनों तक कोई राशि जमा न की गई हो अथवा इस अवधि के दौरान लगाए गए ब्याज को पूरा करने के लिए पर्याप्त राशि जमा न की गई हो तो ऐसे खाते को **'अनियमित'** माना जाएगा।

'अतिदेय'

किसी ऋण सुविधा के तहत ऋणी द्वारा बैंक को देय कोई राशि तब 'अतिदेय' मानी जाती है, जब वह बैंक द्वारा निर्धारित तिथि को अदा न की गई हो।

- **बैंक के ऋण जोखिम प्रबंधन पर चर्चा**

बैंक में ऋण जोखिम प्रबंधन, ऋण जोखिम न्यूनीकरण और सम्पार्श्विक प्रबंधन नीति विद्यमान है, जिसकी प्रति वर्ष समीक्षा की जाती है। पिछले कुछ वर्षों से, अवधारणाओं के विकास और प्राप्त अनुभवों से इस नीति और कार्यविधि में परिष्कार आया है। नीति एवं कार्य-विधियां बेसल-II और भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तैयार की गई हैं।

ऋण जोखिम प्रबंधन प्रक्रियाओं में ऋण जोखिम की पहचान, उसका निर्धारण, जोखिम की निगरानी तथा उसका नियंत्रण शामिल है।

ऋण जोखिम की पहचान और निर्धारण की प्रक्रियाओं में निम्नलिखित कार्य किए जाते हैं ;

(i.) प्रतिपक्ष जोखिम का निर्धारण करने के लिए ऋण जोखिम निर्धारण मॉडल/स्कोरिंग मॉडल तैयार और परिष्कृत करना। इस हेतु विभिन्न जोखिमों को ध्यान में लेना। ये जोखिमें मोटे तौर पर वित्तीय, व्यावसायिक, औद्योगिक और प्रबंधन जोखिम के रूप में वर्गीकृत की जाती हैं। हर एक का अलग-अलग स्कोर तैयार किया जाता है।

(ii.) औद्योगिक अनुसंधान, जिससे बड़े/महत्वपूर्ण उद्योगों को संभालने के लिए मात्रात्मक जोखिम मापदंड निर्धारित किए जाएं और नीतिगत उपचार सुझाए जाएँ। समय-समय पर उद्योगों/क्षेत्रों के लिए सामान्य परामर्शक दृष्टिकोण जारी किया जाए।

ऋण जोखिम के मापन में ऋण जोखिम के सभी घटकों की गणना की जाती है। ऋण चुकौती में चूक की संभावना, ऋण चुकौती में चूक करने पर हुई हानि और ऋण चुकौती में चूक करने से जुड़ी जोखिम आदि इन घटकों के उदाहरण हैं।

ऋण जोखिम की निगरानी और नियंत्रण में जोखिम सीमाएँ निर्धारित करना शामिल है। एकल ऋणी, ऋणी समूह और उद्योगों को दिए गए ऋणों में समुचित विविधता लाना इस सीमा-निर्धारण का उद्देश्य है। बेहतर जोखिम प्रबंधन और ऋण जोखिम के संकेन्द्रीकरण से बचने के लिए, व्यक्तिगत ऋणियों, ऋणी समूहों, बैंकों, गैर-कारपोरेट इकाइयों, संवेदनशील क्षेत्रों जैसे पूंजी बाजार, भू-संपदा आदि के संबंध में विवेकपूर्ण जोखिम मानदण्डों से संबंधित आंतरिक दिशा-निर्देश विद्यमान हैं। इकाइयों द्वारा ऋण जोखिम दबाव परीक्षण किए जाते हैं, जिससे जहाँ आवश्यक हो, सुधारात्मक कार्रवाई शुरू करने के लिए जोखिम वाले क्षेत्रों का पता लगाया जा सके।

बैंक में एक ऋण नीति लागू है जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि संविभाग के अंदर व्यक्तिगत आस्तियों की गुणवत्ता में अनुचित गिरावट न आए। साथ ही साथ, इसका उद्देश्य लचीलेपन और नवोन्मेष के लिए पर्याप्त स्थान छोड़ते हुए ऋण की मूलभूत बातें, मूल्यांकन निपुणताएं, दस्तावेजी मानक और संस्थात्मक चिंता एवं कार्यनीतियों के प्रति जागरूकता से संबंधित समान दृष्टिकोण स्थापित करके संविभाग स्तर पर आस्तियों की समग्र गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाना भी है।

ऋण जोखिम प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं, जैसे मूल्यांकन, कीमत-निर्धारण, ऋण अनुमोदन प्राधिकार, प्रलेखन, रिपोर्टिंग और निगरानी, ऋण सुविधाओं की समीक्षा और नवीकरण, समस्याग्रस्त ऋणों का प्रबंधन, ऋण निगरानी आदि के लिए प्रक्रियाएँ और नियंत्रण बैंक में विद्यमान हैं। ऋण लेखा-परीक्षा प्रणाली भी बैंक में मौजूद है। ₹10 करोड़ और इससे अधिक की जोखिम वाले वाणिज्यिक ऋण संविभाग की गुणवत्ता को निरंतर उन्नत बनाना इस प्रणाली का लक्ष्य है। ऋण लेखा-परीक्षा में ऋण मंजूरी के विभिन्न स्तरों पर किए गए निर्णयों की लेखा-परीक्षा की जाती है। मंजूरी पूर्व की प्रक्रियाओं और मंजूरी के बाद की स्थिति दोनों की लेखा-परीक्षा की जाती है। जोखिमों की पहचान और उन्हें कम करने के उपाय भी इस लेखा-परीक्षा का विषय होते हैं।

मात्रात्मक प्रकटीकरण: डीएफ-3 (डी) दिनांक 31.03.2017 की स्थिति के अनुसार (बीमा इकाइयां, संयुक्त उद्यम एवं गैर-वित्तीय इकाइयों को छोड़कर)

(₹ करोड़ में)

सामान्य प्रकटीकरण :

मात्रात्मक प्रकटीकरण

		निधि आधारित	गैर-निधि आधारित	योग
ख	ऋण जोखिम की कुल राशि	1981054.01	415294.43	2396348.44
ग	जोखिम राशि का भौगोलिक संवितरण : एफबी /एनएफबी			
	विदेशी	294161.12	32872.69	327033.81
	देशीय	1686892.89	382421.74	2069314.63
घ	जोखिम राशि का उद्योग के प्रकार के अनुसार वितरण निधि आधारित/गैर-निधि आधारित अलग-अलग	कृपया तालिका 'क' देखें		
ङ	आस्तियों का शेष संविदात्मक परिपक्वता विश्लेषण	कृपया तालिका 'ख' देखें		
च	अनर्जक आस्तियों की राशि (कुल) अर्थात (I से iv का योग)			179166.62
	i. अवमानक			44229.63
	ii. संदिग्ध 1			44890.08
	iii संदिग्ध 2			71376.83
	iv. संदिग्ध 3			14674.62
	v. हानिप्रद			3995.46
छ	निवल अनर्जक आस्तियां			97656.82
ज	अनर्जक आस्ति अनुपात			
	i) सकल अग्रिमों की तुलना में सकल अनर्जक आस्तियां			9.04%
	ii) निवल अग्रिमों की तुलना में निवल अनर्जक आस्तियां			5.15%
झ	अनर्जक आस्तियों में वृद्धि-कमी (कुल)			
	i) प्रारंभिक शेष			123416.43
	ii) वृद्धि			110903.95
	iii)कमी			55153.76
	iv)अंतिम शेष			179166.62
ञ	अनर्जक आस्तियों के लिए प्रावधानों में वृद्धि-कमी			
	i) प्रारंभिक शेष			53627.25
	ii) अवधि के दौरान किए गए प्रावधान			59811.09
	iii) अपलेखन			31752.03
	iv) अतिरिक्त प्रावधानों का प्रतिलेखन			176.51
	v) अंतिम शेष			81509.80
ट	अनर्जक निवेशों की राशि			2418.79
ठ	अनर्जक निवेशों के लिए धारित प्रावधानों की राशि			431.35
ड	निवेशों के मूल्यह्रास हेतु प्रावधानों में वृद्धि-कमी			
	प्रारंभिक शेष			695.64
	अवधि के दौरान किए गए प्रावधान			2079.22
	जोड़ें : विदेशी मुद्रा पुनर्मूल्यन समायोजन			0.00
	अपलेखन			154.96
	अतिरिक्त प्रावधानों का प्रतिलेखन			326.55
	अंतिम शेष			2293.35
ढ	बड़े उद्योग या प्रति पक्ष प्रकार द्वारा			
	एनपीए की राशि और यदि उपलब्ध हो, तो बकाया ऋण, अलग से किया गया प्रावधान			102973.59
	निर्दिष्ट एवं सामान्य प्रावधान; और			14695.25
	चालू अवधि के दौरान निर्दिष्ट प्रावधान और अपलिखित राशि			5475.37
ण	एनपीए की राशि और पिछले बकाया ऋण जिनके लिए महत्वपूर्ण भौगोलिक क्षेत्र वार अलग-अलग प्रावधान किया गया हो जिसमें निर्दिष्ट एवं सामान्य प्रावधान शामिल हो			47117.43
	प्रावधान			14978.78

तालिका-क : डीएफ-3 (डी) दिनांक 31.03.2017 की स्थिति के अनुसार एक्सपोजरों का औद्योगिक वितरण

(₹ करोड़ में)

कोड	उद्योग	निधि आधारित (शेष राशियां)			गैर-निधि आधारित (शेष राशियां)
		मानक	अनर्जक	कुल	
1	कोयला	2,482.86	1,107.57	3,590.43	3153.32
2	खदान	8,431.59	832.76	9,264.35	1595.20
3	लोह एवं इस्पात	77,083.37	56,259.18	133,342.55	21604.48
4	धातु उत्पाद	42,687.41	4,603.60	47,291.01	6570.64
5	सभी अभियांत्रिकी	28,989.19	8,685.23	37,674.43	74646.76
51	जिसमें से इलेक्ट्रानिक	6,478.21	441.43	6,919.64	4225.01
6	बिजली	9,354.34	648.30	10,002.64	1613.05
7	सूती वस्त्र	23,974.62	11,408.56	35,383.18	2138.25
8	जूट वस्त्र	318.78	28.88	347.66	45.57
9	अन्य वस्त्र	18,759.74	5,015.25	23,774.99	2415.78
10	चीनी	8,587.03	738.99	9,326.02	907.64
11	चाय	490.83	195.02	685.85	27.73
12	खाद्य प्रसंस्करण	28,646.85	10,365.36	39,012.21	2687.08
13	वनस्पति तेल एवं वनस्पति	4,257.16	1,657.73	5,914.89	3380.12
14	तम्बाकू/तम्बाकू उत्पाद	504.48	69.37	573.85	351.65
15	कागज/कागज उत्पाद	4,157.55	1,000.22	5,157.77	1092.11
16	रबड़/रबड़ उत्पाद	8,959.24	835.85	9,795.09	2301.28
17	रसायन/रंग/रोगन आदि	66,423.83	3,615.03	70,038.86	42635.60
17.1	जिसमें उर्वरक	12,799.30	43.53	12,842.83	4069.83
17.2	जिसमें पेट्रोरसायन	27,544.72	1,065.64	28,610.36	33202.36
17.3	जिसमें दवाइयां एवं औषधियाँ	10,104.98	1,714.65	11,819.64	1518.78
18	सीमेंट	8,730.57	2,359.37	11,089.94	3133.09
19	चमड़ा एवं चमड़ा उत्पाद	2,381.24	111.25	2,492.49	441.12
20	रत्न एवं आभूषण	13,995.06	1,807.57	15,802.63	3022.46
21	निर्माण	20,212.31	2,397.42	22,609.74	7637.16
22	पेट्रोलियम	12,734.33	4,662.08	17,396.41	20571.57
23	आटोमोबाइल एवं ट्रक	11,603.23	3,738.63	15,341.86	6614.08
24	कंप्यूटर सॉफ्टवेयर	2,148.84	391.87	2,540.71	1294.29
25	इन्फ्रास्ट्रक्चर	241,651.36	23,317.14	264,968.50	88428.73
25.1	जिसमें बिजली	165,019.83	6,250.89	171,270.72	27526.43
25.2	जिसमें दूरसंचार	22,604.36	259.11	22,863.48	19030.38
25.3	जिसमें मार्ग एवं बंदरगाह	22,600.42	7,319.72	29,920.14	15567.95
26	अन्य उद्योग	274,463.61	12,716.17	287,179.78	50673.33
27	एनबीएफसी एवं शेयरों की खरीद-फरोख्त	198,032.90	7,799.73	205,832.63	26888.67
28	शेष अग्रिम	681,825.07	12,798.48	694,623.55	39423.67
	योग	**1,801,887.39**	**179,166.62**	**1,981,054.01**	**415294.43**

तालिका - ख

डीएफ-3 (ई) भारतीय स्टेट बैंक (समेकित) 31.03.2017 की स्थिति के अनुसार शेष आस्तियों का संविदागत परिपक्वता विवरण*

(₹ करोड़ में)

	अंतर्वाह	1-14 दिन	15-30 दिन	31 दिन एवं 2 माह तक	3 माह से अधिक एवं 6 माह तक	6 माह से अधिक एवं 1 वर्ष तक	1 वर्ष से अधिक एवं 3 वर्ष तक	3 वर्ष से अधिक एवं 5 वर्ष तक	5 वर्ष से अधिक	कुल	
1	नकदी	14815.23	0.35	0.40	0.40	1.21	2.43	3.24	0.00	0.00	14823.26
2	भारतीय रिज़र्व बैंक के पास जमाशेष	43023.53	1812.52	1582.71	1508.77	4775.35	13082.77	32127.76	11224.80	36938.13	146076.35
3	अन्य बैंकों के पास जमाशेष	106060.84	924.66	1218.91	856.30	128.03	321.95	3321.17	424.33	382.03	113638.22
4	निवेश	53102.63	11055.34	22736.64	25716.82	73925.42	53783.21	123987.96	128138.44	457801.53	950247.99
5	अग्रिम	127823.01	32185.32	37861.43	43748.73	40721.58	54654.31	702458.86	169768.37	687883.09	1897104.70
6	अचल आस्तियां	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	5.53	8.65	50277.66	50291.84
7	अन्य आस्तियां	60041.66	7712.38	7500.42	3439.72	7330.46	12634.32	13781.29	7487.07	73954.10	193881.41
	कुल	404866.90	53690.57	70900.51	75270.73	126882.05	134478.99	875685.81	317051.66	1307236.54	3366063.77

***टिप्पणियां:**

(i) बीमा संस्थाएं, गैर-वित्तीय संस्थाएं, संयुक्त उद्यम, विशेष प्रयोजन माध्यम एवं अंत:-समूह समायोजन शामिल नहीं किए गए हैं।

(ii) निवेशों में अनर्जक निवेश शामिल है और अग्रिमों में अनर्जक अग्रिम शामिल है।

(iii) उक्त (Bucketing) संरचना में तालिका दिनांक 23 मार्च 2016 के आरबीआई दिशानिर्देशों के आधार पर संशोधन किया गया है।

डीएफ-4 : ऋण जोखिम : मानकीकृत पद्धति के अंतर्गत संविभागों के प्रकटीकरण

मानकीकृत दृष्टिकोण

- **प्रयुक्त क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों के नाम, साथ में यदि कोई परिवर्तन हुए हों तो उनके कारण भी**

  भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार, बैंक ने देशीय और विदेशी ऋण जोखिमों की रेटिंग के लिए क्रमश: केयर, क्रिसिल, आईसीआरए और फिच इंडिया (देशीय ऋण रेटिंग एजेंसियों) तथा फिच, मूडीज एवं एसएण्डपी (अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों) का अनुमोदित रेटिंग एजेंसियों के रूप में चयन किया है जिनकी रेटिंगों का जोखिम भारित आस्तियों तथा पूंजी ऋण भार के परिकलन के लिए प्रयोग किया जाता है।

- **ऋण जोखिम के प्रकार जिसके लिए प्रत्येक एजेंसी उपयोग में लायी गई**

  (i) एक वर्ष या कम समान संविदात्मक परिपक्वता वाले ऋण जोखिम हेतु (कैश क्रेडिट, ओवरड्राफ्ट एवं अन्य परिक्रामी ऋणों को छोड़कर), अनुमोदित रेटिंग एजेंसियों द्वारा दी गई शार्ट टर्म रेटिंग उपयोग में लाई गई।

  (ii) देशीय कैश क्रेडिट, ओवरड्राफ्ट एवं अन्य परिक्रामी ऋणों (अवधि का विचार किए बिना) के लिए और 1 वर्ष से अधिक के मीयादी ऋण निवेश हेतु, लांग टर्म रेटिंग उपयोग में लाई गई।

- **पब्लिक इश्यू रेटिंगों को बैंकिंग बही में तुलना योग्य आस्तियों के अंतरण हेतु उपयोग में लाई गई प्रक्रिया का विवरण**

  बैंक की बाह्य रेटिंग प्रयोज्यता रूपरेखा की प्रमुख अवधारणाएं निम्नानुसार हैं:

  - क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों द्वारा विशेष रूप से बैंक की क्रमश: दीर्घकालीन एवं अल्पकालीन जोखिमों के लिए निर्धारित की गई सभी दीर्घकालीन एवं अल्पकालीन रेटिंगों पर बैंक द्वारा एक मुदे विशिष्ट रेटिंग्स के रूप में विचार किया जाता है।
  - विदेशी प्रभुसत्ता और विदेशी बैंक जोखिमें जोखिम भारित होती हैं जो जारीकर्ता के लिए निर्धारित की गई उनकी रेटिंग्स पर आधारित होती है।
  - बैंक यह सुनिश्चित करता है कि सुविधा/ऋणी की बाह्य रेटिंग की पिछले 15 महीनों के दौरान कम से कम एक बार ईसीएआई द्वारा समीक्षा की गई है और इसकी प्रयोज्यता की तिथि को यह लागू है।
  - जहाँ किसी संस्था को विभिन्न रेटिंग एजेंसियों द्वारा बहुविध जारीकर्ता रेटिंग्स निर्धारित की जाती है, वहाँ, इस संदर्भ में, जहाँ दो रेटिंग्स होती है, वहां निम्न रेटिंग और तीन या उससे ज्यादा रेटिंग होती हैं, वहाँ सबसे कम से पहले वाली रेटिंग को दी गई सुविधा के लिए उपयोग में लाया जाता है।

  निम्नलिखित मामलों में उसी ऋणी-ग्राहक/प्रतिपक्ष के अन्य अनरेटिड एक्सपोजरों के लिए लांग टर्म इश्यू स्पेसिफिक रेटिंग (बैंक के स्वयं के ऋण जोखिमों या उसी ऋणी ग्राहक / प्रतिपक्ष द्वारा जारी किए गए अन्य ऋण) अथवा जारीकर्ता (ऋणी-ग्राहक/प्रतिपक्ष) रेटिंग उपयोग में लाई गई।

  - इश्यू स्पेसिफिक रेटिंग या जोखिम भार की तुलना में जारीकर्ता रेटिंग मैप यदि अनरेटिड एक्सपोजरों के समतुल्य या अधिक है, तो उसी प्रतिपक्ष के किसी अन्य अनरेटिड ऋण जोखिम के लिए उपयोग में लाई जाने वाली रेटिंग और यदि ऋण जोखिम हर प्रकार से रेटिड ऋण जोखिम की मात्रा के अनुरूप या उससे कम हो, तो वही जोखिम भार लागू किया गया।
  - उन मामलों में जहाँ ऋणी-ग्राहक/प्रतिपक्ष ने कोई ऋण जारी किया है (जो बैंक से उधारी नहीं है), यदि ऋण जोखिम हर प्रकार से कतिपय रेटिंग वाले ऋण जोखिम की मात्रा के अनुरूप या उससे अधिक थी और बैंक के अनरेटिड एक्सपोजर की परिपक्वता रेटिड डैट की परिपक्वता के बाद की नहीं थी, तो उस ऋण को दी गई रेटिंग बैंक के अनरेटिड एक्सपोजर के लिए उपयोग में लाई गई।

31.03.2017 को मात्रात्मक प्रकटीकरण

(₹ करोड़ में)

ख)	जोखिम कम करने के पश्चात मानकीकृत दृष्टिकोण के अंतर्गत ऋण निवेश हेतु प्रत्येक जोखिम वर्ग के अंतर्गत बैंक की बकाया (श्रेणीबद्ध एवं अश्रेणीबद्ध) राशियों के अलावा अन्य घटाई गई राशियां	100% से कम जोखिम भार	1556276.87
		100% जोखिम भार	498821.42
		100% से अधिक जोखिम भार	339241.78
		घटाई गई	2008.37
		कुल	**2396348.44**

डीएफ-5 ऋण जोखिम न्यूनीकरण : मानकीकृत पद्धति के अनुसार प्रकटीकरण

ऋण जोखिम न्यूनीकरण - मानकीकृत दृष्टिकोण के लिए प्रकटीकरण

(क) गुणात्मक प्रकटीकरण

- **तुलन पत्र में शामिल और शामिल न की गई निवलीकरण नीतियाँ और प्रक्रियाएँ और बैंक इनका किस सीमा तक उपयोग करता है**

तुलन-पत्र की निवलीकरण जोखिम मदें ऐसे ऋणों/अग्रिमों और जमाराशियों तक सीमित रहती है जिनके लिए बैंक के पास प्रवर्तनीय कानूनी अधिकार, दस्तावेजी प्रमाण सहित विशिष्ट ग्रहणाधिकार है। बैंक निम्नलिखित शर्तों के अधीन निवल ऋण जोखिम के आधार पर पूंजी आवश्यकताओं का आकलन करता है ;

जहाँ बैंक,

क. को यह निर्णय करने का ठोस कानूनी आधार है कि वह निवल राशि की वसूली/समायोजन संबंधी करार को प्रत्येक अधिकार क्षेत्र में लागू कर सकता है भले ही प्रतिपक्ष दिवालिया क्यों न हो;

ख. किसी भी समय उसी प्रतिपक्ष के ऋण/अग्रिम तथा जमाराशियों का निवल वसूली करार के अनुसार निर्धारण कर सकता है;

ग. निवलीकरण के आधार पर संबंधित जोखिमों की निगरानी तथा नियंत्रण करता है, वह अपनी पूंजी पर्याप्तता के आकलन के लिए आधार के रूप में ऋणों/अग्रिमों तथा जमा-राशियों का निवल जोखिम के रूप में प्रयोग कर सकता है। ऋण/ अग्रिम को जोखिम तथा जमाराशियों को संपार्श्विक माना गया है।

- **संपार्श्विक मूल्यांकन और प्रबंधन के लिए नीतियां और प्रक्रियाएं**

बैंक में ऋण जोखिम प्रबंधन, ऋण जोखिम न्यूनीकरण और संपार्श्विक प्रबंधन के लिए एक एकीकृत नीति विद्यमान है, जिसकी प्रति वर्ष समीक्षा की जाती है। ऋण जोखिम न्यूनीकरण और संपार्श्विक प्रबंधन, पूंजी-परिकलन के लिए प्रयुक्त ऋण जोखिम न्यूनीकरण मदों के प्रति बैंक का दृष्टिकोण इस नीति के भाग ख में स्पष्ट किया गया है।

इस नीति का उद्देश्य ऋण जोखिम न्यूनीकरण मदों का इस ढंग से वर्गीकरण और मूल्यांकन करना है कि उनके प्रकटीकरण के लिए नियामक पूंजी समायोजन किया जा सके।

इस नीति में व्यापक दृष्टिकोण अपनाया गया है, जिससे ऋण जोखिम के लिए समुचित रूप से प्रति संतुलन करने के पश्चात संपार्श्विक प्रतिभूति के मूल्य के समान ऋण जोखिम राशि कारगर ढंग से घटाकर संपार्श्विक प्रतिभूति का पूर्ण रूप से समायोजन किया जा सकता है। इस नीति में निम्नलिखित विषयों पर ध्यान दिया गया है ;

(i) ऋण जोखिम न्यूनीकरण मदों का वर्गीकरण
(ii) स्वीकार्य जोखिम न्यूनीकरण तकनीक
(iii) ऋण जोखिम न्यूनीकरण मदों के लिए प्रलेखीकरण और विधिक प्रक्रिया
(iv) संपार्श्विक प्रतिभूति का मूल्यांकन
(v) मार्जिन और संतुलन अपेक्षाएं
(vi) विदेशी रेटिंग
(vii) संपार्श्विक प्रतिभूति की अभिरक्षा
(viii) बीमा
(ix) ऋण जोखिम न्यूनीकरण मदों की निगरानी
(x) सामान्य दिशा-निर्देश

बैंक द्वारा मुख्यतया जिस प्रकार की संपार्श्विक प्रतिभूतियां ली गई हैं उनका ब्योरा

बैंक की देशीय बैंकिंग इकाइयों में मानकीकृत प्रक्रिया के अंतर्गत सामान्यतया निम्नलिखित संपार्श्विक प्रतिभूतियों को ऋण जोखिम न्यूनीकरण मदों के रूप में मान्यता प्राप्त है ;

नकदी या नकदी समतुल्य (बैंक जमाराशियां/एनएससी/किसान विकास पत्र/एलआईसी पॉलिसी आदि)

स्वर्ण

केन्द्र/राज्य सरकारों द्वारा जारी प्रतिभूतियां

ऐसी ऋण प्रतिभूतियां जिन्हें अल्पावधि ऋण लिखतों के लिए बीबीबी या बेहतर/पीआर3/पी3/एफ3/ए3रेटिंग प्राप्त है

- **मुख्यतया जिस प्रकार के प्रतिपक्षीय गारंटीकर्ता स्वीकार किए जाते हैं उनका ब्योरा और उनकी ऋण-पात्रता**

बैंक की देशीय बैंकिंग इकाइयां भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप निम्नलिखित संस्थाओं को पात्र गारंटीकर्ताओं के रूप में स्वीकार करती हैं :

- सरकार, सरकारी संस्थाएं ढबैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट (बीआईएस) भी, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), यूरोपीय केन्द्रीय बैंक और यूरोपीय समुदाय तथा बहुपक्षीय विकास बैंक, एक्सपोर्ट क्रेडिट गारंटी कारपोरेशन (ईसीजीसी) और क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट फॉर माइक्रो एंड स्माल एंटरप्राइजेस (सीजीटीएमएसई), सरकारी उपक्रम, बैंक और प्राथमिक व्यापारी (प्राइमरी डीलर) जिनका जोखिम भार प्रतिपक्ष की तुलना में कम हो।

- अन्य गारंटीकर्ता जिनकी बाह्य रेटिंग एए या बेहतर हो। यदि गारंटीकर्ता कोई मूल, संबद्ध कंपनी या अनुषंगी हो, तो उनका जोखिम भार गारंटी के लिए बैंक द्वारा मान्यताप्राप्त बाध्यताधारी (आब्लिगर) से कम होना चाहिए। गारंटीकर्ता की रेटिंग उस संस्था की रेटिंग के समान होनी चाहिए जिसकी उस संस्था की सभी देयताओं और बाध्यताओं में (गारंटियों में भी) हिस्सेदारी है।

जोखिम न्यूनीकरण मदों के भीतर अधिक जोखिम वाले (बाजार या ऋणों) के बारे में जानकारी

बैंक का आस्ति-संविभाग भलीभांति विविधीकृत है जिसके लिए विभिन्न प्रकार की संपार्श्विक प्रतिभूतियां प्राप्त की गई हैं, यथा :-

- ऊपर सूचीबद्ध पात्र वित्तीय संपार्श्विक प्रतिभूतियां
- सरकार और अच्छी रेटिंग कंपनियों द्वारा दी गई गारंटियां
- प्रतिपक्ष की अचल आस्तियां और चालू आस्तियां

मात्रात्मक प्रकटीकरण - 31.03.2017 की स्थिति के अनुसार

(राशि ₹ करोड़ में)

(ख)	पृथक से प्रकट प्रत्येक ऋण जोखिम पोर्टफोलियो का कुल ऋण जोखिम (जहाँ लागू हो, तुलन-पत्र में शामिल या न शामिल ऋण जोखिमों को घटाने के पश्चात,) जो कटौतियां लागू करने के पश्चात पात्र वित्तीय संपार्श्विक प्रतिभूति द्वारा सुरक्षित किया गया है।	446227.14
(ग)	पृथक से प्रकट प्रत्येक ऋण जोखिम पोर्टफोलियो का कुल ऋण जोखिम (तुलन-पत्र में शामिल या न शामिल ऋण जोखिमों को घटाने के पश्चात, जहाँ लागू है) जो गारंटियों / क्रेडिट डेरिवेटिव्स द्वारा सुरक्षित किया गया है। जहाँ कहीं भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विशेष रूप से अनुमति प्रदान की गई है)।	20853.07

डीएफ-6 : प्रतिभूतिकरण जोखिम : मानकीकृत पद्धति संबंधी प्रकटीकरण

31.03.2017 की स्थिति के अनुसार

गुणात्मक प्रकटीकरण

(क)	प्रतिभूतिकरण के गुणात्मक प्रकटीकरण की सामान्य अपेक्षा, जिसमें उसका विवेचन भी शामिल है :	
	प्रतिभूतिकरण गतिविधियों के संबंध में बैंक का क्या लक्ष्य रहा है? यह भी बताएं कि इन गतिविधियों के अंतर्गत प्रतिभूति ऋणों में विद्यमान ऋण-जोखिम को कितनी मात्रा में बैंक के बाहर, अर्थात अन्य संस्थाओं को अंतरित किया गया है।	निरंक
	प्रतिभूति आस्तियों में पहले से विद्यमान अन्य जोखिमों (जैसे नकदी जोखिम) का स्वरूप ।	लागू नहीं
	प्रतिभूतिकरण की प्रक्रिया में बैंक द्वारा निर्वहित विभिन्न प्रकार की भूमिकाएँ (उदाहरणार्थ प्रवर्तक, निवेशक, सेवा-प्रदाता, ऋण वृद्धि प्रदाता, चलनिधि प्रदाता, विनिमय प्रदाता@, संरक्षण प्रदाता# और उनमें से प्रत्येक में बैंक की संबद्धता की सीमा; @संबंधित आस्तियों के ब्याज दर/करेंसी संबंधी जोखिम को कम करने के लिए किसी बैंक द्वारा ब्याज दर विनिमय अथवा करेंसी विनिमय के रूप में निर्धारित सीमा में प्रतिभूतिकरण सहायता उपलब्ध कराई हो सकती है, यदि नियामक के नियमों के अंतर्गत अनुमत हो # कोई बैंक गारंटियों, ऋण डेरीवेटिव्स या ऐसे ही किसी अन्य उत्पाद के रूप में किसी प्रतिभूतिकरण लेनदेन के लिए ऋण सुरक्षा प्रदान कर सकता है, यदि नियामक के नियमों के अंतर्गत अनुमत हो	लागू नहीं
	प्रतिभूतिकरण निवेशों के ऋण और बाजार जोखिमों में होने वाले परिवर्तनों की निगरानी के लिए प्रक्रियाओं का वर्णन विद्यमान है (उदाहरण के लिए संबंधित आस्तियों के मूल्य में उतार-चढ़ाव का प्रतिभूति निवेशों पर कैसा प्रभाव पड़ता है, जैसाकि के एनसीएएफ पर 1 जुलाई 2012 के मास्टर सर्कुलर के पैरा 5.16.1 में बताया गया है)।	लागू नहीं
	प्रतिभूतिकरण निवेशों में बरकरार जोखिमों को कम करने के लिए ऋण जोखिम न्यूनीकरण पद्धतियों के उपयोग से संबंधित बैंक की नीति का वर्णन नीचे किया गया है;	लागू नहीं
(ख)	प्रतिभूतिकरण गतिविधियों पर बैंक की लेखांकन नीतियों का सारांश, जिसमें निम्नलिखित शामिल है :	
	क्या लेनदेन को बिक्री या वित्तपोषण माना गया है ;	लागू नहीं
	प्रतिभूतिकरण की स्थिति को यथावत बनाए रखने या नई खरीद का मूल्यांकन करने में लागू की गई पद्धतियां और प्रमुख पूर्वानुमान (जानकारियों सहित)	लागू नहीं
	पिछली अवधि से पद्धतियों और प्रमुख धारणाओं में हुए परिवर्तन और परिवर्तनों का प्रभाव	लागू नहीं
	तुलनपत्र में दर्शाई गई देयताओं को उन व्यवस्थाओं में शामिल करने के लिए अपनाई गई नीतियां जिनके अंतर्गत प्रतिभूतिकृत आस्तियों के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना बैंक के लिए आवश्यक हो सकता है।	लागू नहीं

(ग)	बैंक के लेखों में प्रतिभूतिकरण के लिए किन ईसीएआई का उपयोग किया गया है और प्रत्येक एजेंसी का किस प्रकार के प्रतिभूतिकरण जोखिम के लिए उपयोग किया गया।	लागू नहीं
	मात्रात्मक प्रकटीकरण : बैंकिंग बही	
(घ)	बैंक द्वारा प्रतिभूतिकृत ऋण जोखिमों की कुल राशि	निरंक
(ङ)	ऋण जोखिमों से बचाव के लिए किए गए प्रतिभूतिकरण से चालू अवधि के दौरान हुई किन हानियों को बैंक द्वारा लेखों में शामिल किया गया है। प्रत्येक ऋण जोखिम का अलग-अलग (जैसे क्रेडिट कार्ड, आवास ऋण, वाहन ऋण आदि का संबंधित प्रतिभूति सहित विस्तृत ब्योरा) विवरण दें।	निरंक
(च)	एक वर्ष के भीतर प्रतिभूतिकृत की जाने वाली आस्तियों की राशि	निरंक
(छ)	(च) में से प्रतिभूतिकरण के पूर्व एक वर्ष के अंदर प्रवर्तित आस्तियों की राशि	लागू नहीं
(ज)	प्रतिभूतिकृत ऋण जोखिमों की कुल राशि (ऋण जोखिम के प्रकार के अनुसार) और उस ऋण की बिक्री से हुए ऐसे लाभ या हानियां जिन्हें लेखों में शामिल नहीं किया गया है।	निरंक
(झ)	निम्नलिखित की कुल राशि :	
	तुलन-पत्र में शामिल उन प्रतिभूतिकरण ऋणों का ऋण के स्वरूप सहित अलग-अलग विवरण दें जिन्हें यथावत बनाए रखा गया है या जिसके संबंध में खरीद की गई है।	निरंक
	तुलन-पत्र में न शामिल प्रतिभूतिकरण ऋण जोखिम प्रत्येक ऋण जोखिम का उसके प्रकार के अनुसार अलग-अलग विवरण दें।	निरंक
(ञ)	यथावत बनाए रखे गए या खरीदे गए प्रतिभूतिकरण ऋण जोखिमों और उनसे संबंधित पूंजी खर्चों की कुल राशि। राशि ऋण जोखिमवार अलग-अलग दिखाई जाए और नियामक द्वारा अलग-अलग ऋण जोखिमों के लिए निर्धारित पूंजी पर्याप्तता के अनुरूप उनके अलग-अलग जोखिम भार का भी उल्लेख करें।	निरंक
	ऐसे ऋण जोखिम जिन्हें टियर ३॰ I पूंजी में से पूर्णतया घटा दिया गया है, कुल पूंजी में से घटाए गए अन्य ऋण जोखिम (ऋण जोखिम के प्रकार के अनुसार)।	निरंक
	मात्रात्मक प्रकटीकरण : शेयर/बाण्ड में क्रय-विक्रय	
(ट)	बैंक द्वारा प्रतिभूत उन जोखिमों की कुल राशि जिनके लिए बैंक ने कुछ ऋण जोखिम यथावत बनाए रखा है और जिसका बाजार जोखिम पद्धति के अनुसार आकलन किया जाना है। ऋण जोखिम के स्वरूप सहित अलग-अलग विवरण दें।	निरंक
(ठ)	निम्नलिखित की कुल राशि :	
	तुलन-पत्र में शामिल उन प्रतिभूतिकरण ऋणों का ऋण के प्रकार सहित अलग-अलग विवरण दें जिन्हें यथावत बनाए रखा गया गया है या जिसके संबंध में खरीद की गई है।	निरंक
	तुलन-पत्र में शामिल नहीं किए गए प्रतिभूतिकरण ऋण जोखिम प्रत्येक ऋण जोखिम का उसके प्रकार के अनुसार अलग-अलग विवरण दें।	निरंक
(ड)	उन प्रतिभूतिकरण ऋण जोखिमों की कुल राशि जो निम्नलिखित के लिए यथावत बनाई रखी गईं या खरीद गईं:	
	कतिपय जोखिम को देखते हुए व्यापक जोखिम उपयोग के अंतर्गत यथावत बनाए रखे गए या नए खरीदे गए प्रतिभूतिकरण जोखिम, और	निरंक
	कतिपय जोखिम को देखते हुए निर्धारित प्रतिभूतिकरण सीमा के भीतर प्रतिभूतिकरण ऋण जोखिम - अलग अलग जोखिम भार के अनुसार विश्लेषण।	निरंक
(ढ)	निम्नलिखित की कुल राशि :	
	प्रतिभूतिकरण ढाँचे के अंतर्गत प्रतिभूतिकरण ऋण जोखिम की पूंजीगत आवश्यकताएं - अलग अलग जोखिम भार के अनुसार विश्लेषण।	निरंक
	टियर - I पूंजी में से पूर्णतया घटाए गए प्रतिभूतिकरण ऋण जोखिम, कुल पूंजी में से घटाए गए ऋण संवर्धन और कुल पूंजी में से घटाए गए अन्य ऋण जोखिम (ऋण जोखिम के प्रकार के अनुसार)	निरंक

डीएफ-7 शेयर/बांड क्रय-विक्रय में बाजार जोखिम

31.03.2017 की स्थिति के अनुसार

(क) गुणात्मक प्रकटीकरण :

1) मानकीकृत अवधि पद्धति द्वारा निम्नलिखित संविभागों को शामिल किया गया है :

बाजार जोखिम के लिए पूंजी की आवश्यकता की गणना की पद्धति :

- व्यापार के लिए रखी गईट और ऊबिक्री के लिए उपलब्धट श्रेणियों के अंतर्गत आने वाली प्रतिभूतियां।
- व्यापार के लिए रखी गईट श्रेणी वाली विदेशी मुद्रा और ऊबिक्री के लिए उपलब्धट श्रेणी वाले म्यूचुअल फंड
- समस्त डेरीवेटिव्स स्थितियाँ, उन डेरीवेटिवों को छोड़कर जो बैंकिंग बहियों के बचाव के लिए उपयोग किए जाते हैं और भारतीय रिजर्व बैंक की अनिवार्यता के अनुसार बचाव प्रभाविता परीक्षण पर खरे उतरते हैं।

2) बैंक के बोर्ड द्वारा अनुमोदित संरचना के अनुसार जोखिम प्रबंधन विभाग के एक भाग के रूप में बाजार जोखिम प्रबंधन विभाग (एमआरएमडी) खोले गए हैं।

3) बाजार जोखिम विभाग राजकोष परिचालनों से संबद्ध बाजार जोखिम की पहचान, उनके मूल्यांकन, निगरानी और रिपोर्टिंग के लिए उत्तरदायी है।

4) प्रत्येक आस्ति वर्ग के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित सुस्पष्ट बाजार जोखिम प्रबंधन मानदंडों वाली निम्नलिखित नीतियों को लागू किया गया है :

क) बाजार जोखिम प्रबंधन नीति

ख) ट्रेडिंग बही के लिए बाजार जोखिम सीमाओं की समीक्षा

ग) निवेश नीति

घ) ट्रेडिंग नीति

ङ) दवाब परीक्षण नीति

5) जोखिम निगरानी एक सतत प्रक्रिया है और इसमें जोखिम प्रोफाइलों का विश्लेषण किया जाता है तथा उनकी प्रभावकारिता के बारे में बाजार जोखिम प्रबंधन समिति, बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति और शीर्ष प्रबंधन को नियमित अंतराल पर सूचित किया जाता है।

6) जोखिम प्रबंधन और उसकी रिपोर्टिंग सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय प्रथाओं के अनुसार आशोधित अवधि, आधार बिन्दु का कीमत मूल्य, अधिकतम अनुमत जोखिम, निवल आरंभिक राशि सीमा, पूरक सीमा, जोखिम मूल्य जैसे मानदंडों पर की जाती है।

7) बैंक के बोर्ड द्वारा अनुमोदित फॉरेक्स ओपन पोजीशन सीमा (दिन/रात), हानि नियंत्रण सीमा, सकल अंतराल सीमा, वैयक्तिक अंतराल सीमा की निगरानी की जाती है और कोई अपवाद हो तो बैंक के शीर्ष प्रबंधन, बाजार जोखिम प्रबंधन समिति और बोर्ड की बाजार जोखिम प्रबंधन समिति को रिपोर्ट किए जाते हैं।

8) मूल्य जोखिम की गणना प्रतिदिन की जाती है। मूल्य जोखिम का पश्च-परीक्षण प्रतिदिन किया जाता है। मूल्य जोखिम के अनुपूरक के रूप में दबाव परीक्षण तिमाही अंतराल पर किया जाता है। इनके परिणाम बैंक के शीर्ष प्रबंधन, बाजार जोखिम प्रबंधन समिति और बोर्ड की बाजार जोखिम प्रबंधन समिति को सूचित किए जाते हैं।

9) विदेश स्थित कार्यालय अपने देश के स्थानीय विनियामक की अपेक्षाओं और भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्धारणों के अनुसार अपने निवेश-संविभाग की जोखिम निगरानी करते हैं। कतिपय संविभागों के किसी एक विनिधान के लिए हानि नियंत्रण सीमा और जोखिम सीमाएं निर्धारित की गई हैं।

10) बाजार जोखिम के लिए पूंजी प्रभार की गणना के लिए बैंक ने आंतरिक मॉडल पद्धति के नाम से उन्नत पद्धति अपनाने का निर्णय किया है और इस बारे में भारतीय रिज़र्व बैंक को आशय पत्र प्रस्तुत किया है।

(ख) मात्रात्मक प्रकटीकरण : 31.03.2017 की स्थिति के अनुसार

बाजार जोखिम पर पूंजी अपेक्षा

दिनांक 31.03.2017 की स्थिति के अनुसार बाजार जोखिम के लिए न्यूनतम विनियामक पूंजी अपेक्षा निम्नवत है :

(₹ करोड़ में)

श्रेणी	31.03.2017
ब्याज दर जोखिम	₹10,491.81
इक्विटी स्थिति जोखिम	₹ 3,643.74
विदेशी विनिमय जोखिम (स्वर्ण सहित)	₹ 193.01
कुल	**₹14,328.56**

डीएफ-8 परिचालन जोखिम

31.03.2017 की स्थिति के अनुसार

गुणात्मक प्रकटीकरण

क. परिचालन जोखिम प्रबंधन कार्य की संरचना एवं संगठन

- परिचालन जोखिम प्रबंधन विभाग भारतीय स्टेट बैंक के साथ-साथ उसके प्रत्येक सहयोगी बैंक (01.04.2017 से एसबीआई के साथ विलय हो गया है) में कार्यरत है जो परिचालन जोखिम अभिशासन के समन्वित तंत्र का ही हिस्सा है और यह अपने-अपने मुख्य जोखिम अधिकारी के नियंत्रणाधीन कार्य करता है। एसबीआई में मुख्य जोखिम अधिकारी एमडी (अनुपालन एवं जोखिम) को रिपोर्ट करते हैं।
- समूह की अन्य इकाइयों में परिचालन जोखिम संबंधी मुद्दों का निपटान व्यवसाय मॉडल की अपेक्षाओं के अनुसार संबंधित इकाइयों के मुख्य जोखिम अधिकारियों के समग्र नियंत्रण में किया जा रहा है।

ख. परिचालन जोखिम को नियंत्रित और कम करने संबंधी नीतियां देशीय बैंकिंग संस्थाएँ (भारतीय स्टेट बैंक और सहयोगी बैंक)

भारतीय स्टेट बैंक और सहयोगी बैंकों में निम्नलिखित नीतियां ढांचागत दस्तावेज और मैनुअल लागू हैं :

नीतियाँ एवं ढांचागत दस्तावेज

- परिचालन जोखिम प्रबंधन नीति बैंक में लागू है, जिसका उद्देश्य परिचालन जोखिमों की व्यवस्थित एवं समय रहते पहचान, आकलन, मापन, निगरानी न्यूनीकरण एवं रिपोर्ट करने हेतु एक स्पष्ट एवं ठोस परिचालन जोखिम प्रबंधन तंत्र की स्थापना करना है,
- आँकड़ा नुकसान प्रबंधन
- बाहरी नुकसान आँकड़ा प्रबंधन प्रणाली
- आई एस नीति
- आई टी नीति
- व्यवसाय निरंतरता योजना संबंधी नीति (बीसीपी)
- अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी) मानदंडों संबंधी नीति और धन शोधन निवारक (एएमएल)/आतंकवाद वित्तीयन निवारक उपाय नीति
- धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन नीति
- बैंक की आउटसोर्सिंग नीति
- परिचालन जोखिम निर्वहन क्षमता ढांचागत (एसबीआई) दस्तावेज
- परिवर्तन प्रबंधन ढांचागत दस्तावेज
- पूंजी परिकलन ढांचागत दस्तावेज

मैनुअल

- परिचालन जोखिम प्रबंधन मैनुअल
- आंकड़ा नुकसान मैनुअल
- व्यवसाय निरंतरता आयोजना (बीसीपी) मैनुअल
- व्यवसाय निरंतरता प्रबंधन प्रणाली (बीसीएमएस)

देशीय गैर-बैंकिंग और विदेशी बैंकिंग इकाइयां

गैर-बैंकिंग व्यावसायिक इकाइयों के लिए उनके व्यावसायिक मॉडल से संबंधित और विदेशी बैंकिंग इकाइयों के संबंध में विदेशी विनियामकों की आवश्यकताओं के अनुसार नीतियां और मैनुअल विद्यमान हैं। कुछ अन्य विद्यमान नीतियाँ हैं -
आपदा रिकवरी योजना/व्यवसाय निरंतरता योजना, दुर्घटना रिपोर्टिंग तंत्र, निअर मिस इवेंट रिपोर्टिंग तंत्र, आउटसोर्सिंग नीति आदि

ग. कार्यनीतियां और प्रक्रियाएं

देशीय बैंकिंग संस्थाएँ (भारतीय स्टेट बैंक एवं सहयोगी बैंक)

उच्चस्तरीय आकलन पद्धति (साथ-साथ उपयोग)

- जोखिम संस्कृति और परिचालन जोखिम प्रबंधन को सफलतापूर्वक स्थापित करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक में मंडलों में परिचालन जोखिम प्रबंधन समिति और बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति के अतिरिक्त जोखिम प्रबंधन समिति तथा व्यवसाय

एवं सहयोग समूह (आरएनसी-एनबीजी, आरएमसी-आईबीजी, आरएमसी-जीएमयू, आरएमसी-सीबीजी, आरएमसी-एमसीजी, आरएमसी-एसएएमजी एवं आरएमसी-आईटी) विद्यमान हैं।

- परिचालन जोखिमों से आंतरिक एवं बाह्य नुकसान के लिए एक व्यापक डेटा आधार बेसलनिर्धारित 8 व्यवसाय लाइन और 7 प्रकार के नुकसान के लिए तैयार करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। यह एएमए प्रक्रिया का एक भाग है। शाखाओं, संसाधन केंद्रों और कार्यालयों से नुकसान डेटा, जिसमें नुकसान होते-होते बची घटनाओं का डेटा भी शामिल है, मंगाने के लिए एक्सेल आधारित एक टेम्प्लेट तैयार किया गया है, ताकि जोखिम प्रबंधन बेहतर हो सके।
- जोखिम और नियंत्रण स्व-निर्धारण कार्य को कार्यशालाओं के माध्यम से करने के लिए एक्सेल आधारित टेंप्लेट प्रारंभ किया गया है, जिसमें निहित जोखिम तथा अवशिष्ट जोखिम जानने, वर्तमान नियंत्रण परिवेश की प्रभाविता जानने और मूल्यांकित करने और जोखिम स्तरों के वर्णन के लिए हीट मैप्स का प्रावधान है। वर्ष के दौरान लगभग 1000 शाखाओं/संसाधन केंद्रों ने आरसीएसए कवायद में हिस्सा लिया। आरसीएसए कवायद से सामने आई शीर्ष जोखिमों को कम करने की योजना पर निरंतर ध्यान दिया जा रहा है।
- समस्त व्यवसाय और सहायता समूहों के लिए प्रमुख जोखिम संकेतक प्रारंभिक और निगरानी तंत्र के साथ चयनित किए गए हैं। जोखिम प्रबंधन समिति, परिचालन जोखिम प्रबंधन समिति और बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति इन संकेतकों को लागू करने में हुई प्रगति की तिमाही अंतराल पर समीक्षा करती है। इस समय 306 प्रमुख जोखिम संकेतकों की समस्त व्यवसाय एवं सहायता समूहों के स्तर पर प्रगति-समीक्षा की जा रही है।
- बैंक समय-समय पर एएमए प्रयोग परीक्षण भी करते हैं।
- बेसलII में निर्धारित उच्च स्तरीय आकलन पद्धति (एएमए) के अंतर्गत परिचालन जोखिम की गणना और निगरानी के लिए आवश्यक विकसित आंतरिक प्रणालियाँ भारतीय स्टेट बैंक और सहयोगी बैंकों में विद्यमान हैं।
- एएमए के साथ-साथ उपयोग के लिए भारतीय स्टेट बैंक को भारतीय रिज़र्व बैंक का अनुमोदन प्राप्त हो चुका है।

अन्य

देशीय बैंकिंग संस्थाओं में परिचालन जोखिम प्रबंधन नियंत्रित और कम करने के लिए निम्नलिखित उपाय किए जा रहे हैं -

- बैंक द्वारा "अनुदेशावलियाँ" (सामान्य अनुदेश मैनुअल, ऋण एवं अग्रिम मैनुअल) जारी की गई हैं, जिसमें बैंकिंग के विभिन्न प्रकार के लेनदेन की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इन दिशा-निर्देशों में किए गए संशोधन और आशोधन सभी कार्यालयों को परिपत्र भेजकर कार्यान्वित किए जाते हैं। दिशा-निर्देशों और अनुदेश जॉब कार्डों, ई-परिपत्रों, ई-लर्निंग पाठों, मोबाइल नगेट्स और प्रशिक्षण कार्यक्रमों आदि के माध्यम से भी प्रसारित किए गए हैं।
- व्यवसाय प्रक्रिया पुनर्विन्यास (बीपीआर) इकाइयों से संबंधित मैनुअल और परिचालन अनुदेश।
- वित्तीय अधिकारों का प्रत्यायोजन, जिसमें विभिन्न प्रकार के वित्तीय एवं गैर वित्तीय लेनदेनों के लिए विभिन्न स्तरों के अधिकारियों के संस्वीकृति अधिकारों का ब्योरा दिया गया है।
